सम्यग्ज्ञान की आराधना में समर्पिता विदुषी साध्वीद्वय डॉ. प्रियदर्शनाश्रीजी म. एवं डॉ. सुदर्शना श्रीजी म. ने 'सूक्ति-सुधारस' (1 से 7 खण्ड) की 2667 सूक्तियों में अभिधान राजेन्द्र कोष के मन्थन का मक्खन सरल हिन्दी भाषा में प्रस्तुत कर जनसाधारण की सेवार्थ यह ग्रन्थ लिखकर जैन साहित्य के विपुल ज्ञान भण्डार में सराहनीय अभिवृद्धि की है। साध्वीद्वय ने कोष के सात भागों की सूक्तियों / सुकथनों की अलग-अलग सात खण्डों में व्याख्या करने का सफल सुप्रयास किया है, जिसकी मैं सराहना एवं अनुमोदना करते हुए स्वयं को भी इस पवित्र ज्ञानगंगा की पवित्र धारा में आंशिक सहभागी बनाकर सौभाग्यशाली मानता हूँ।

वस्तुतः अभिधान राजेन्द्र कोष पयोनिधि है। पूज्या विदुषी साध्वीद्वयने सूक्ति-सुधारस रचकर एक ओर कोष की विश्वविख्यात महिमा को उजागर किया है और दूसरी ओर अपने शुभ श्रम, मौलिक अनुसंधान दृष्टि, अभिनव कल्पना और हंस की तरह मुक्ताचयन की विवेकशीलता का परिचय दिया है।

मैं उनको इस महान् कृति के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

दिनांक : 16 अप्रैल, 1998
738, नेहरूपार्क रोड,
जोधपुर (राजस्थान)

जयनारायण व्यास विश्व विद्यालय,
जोधपुर

18

मन्तव्य

— भागचन्द जैन कवाड़
प्राध्यापक (अंग्रेजी)

प्रस्तुत ग्रंथ "अभिधान राजेन्द्र कोष में, सूक्ति-सुधारस" (1 से 7 खण्ड) 5 परिशिष्टों में विभक्त 2667 सूक्तियों से युक्त एक बहुमूल्य एवं अमृत कणों से परिपूर्ण ग्रन्थ है। विश्वपूज्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी द्वारा प्रस्तुत ग्रन्थ में अन्यान्य उपयोगी जीवन दर्शन से सम्बन्धित विषयों का समावेश किया गया है। उदाहरण स्वरूप जीवनोपयोगी, नैतिकता तथा आध्यात्मिक जगत् को स्पर्श करने वाले विषय यथा – 'धर्म में शीघ्रता', 'आत्मवत् चाहो', 'समाधि', 'किञ्चिद् श्रेयस्कर', 'अकथा', 'क्रोध परिणाम', 'अपशब्द', सच्चा भिक्षु, धीर साधक, पुण्य कर्म, अजीर्ण, बुद्धियुक्त वाणी, बलप्रद जल, सच्चा आराधक, ज्ञान और कर्म, पूर्ण आत्मस्थ, दुर्लभ मानव-भव, मित्र-शत्रु कौन ?, कर्त्ता-भोक्ता आत्मा, रत्नपारखी, अनुशासन, कर्म विपाक, कल्याण कामना, तेजस्वी वचन, सत्योपदेश, धर्मपात्रता, स्याद्वाद आदि।

सर्वत्र ग्रन्थ में अमृत-कणों का कलश छलक रहा है तथा उनकी सुवास व्याप्त है जो पाठक को भाव विभोर कर देती है, वह कुछ क्षणों के लिए अतिशय आत्मिक सुख में लीन हो जाता है। विदुषी महासतियाँ द्वय डॉ. प्रियदर्शना श्री जी एवं डॉ. सुदर्शना श्री जी ने अपनी प्रखर लेखनी के द्वारा गूढ़तम विषयों को सरलतम रूप से प्रस्तुत कर पाठकों को सहज भाव से सुधा का पान कराया है। धन्य है उनकी अथक साधना लगन व परिश्रम का सुफल जो इस धरती पर सर्वत्र आलोक किरणें बिखेरेगा और धन्य एवं पुलकित हो उठेंगे हम सब।

अग्रवाल गर्ल्स कोलेज
मदनगंज (राज.)

चैत्र शुक्ला त्रयोदशी
दिनांक 9 अप्रैल 1998

विजय निवास,
कचहरी रोड़,
किशनगढ़ शहर (राज.)

दर्पण

19

दर्पण

'अभिधान राजेन्द्र कोष में, सूक्ति-सुधारस' ग्रन्थ का प्रकाशन 7 खण्डों में हुआ है। प्रथम खण्ड में 'अ' से 'ह' तक के शीर्षकों के अन्तर्गत सूक्तियाँ संजोयी गई हैं। अन्त में अकारादि अनुक्रमणिका दी गई हैं। प्रायः यही क्रम 'सूक्ति सुधारस' के सातों खण्डों में मिलेगा। शीर्षकों का अकारादि क्रम है। शीर्षक सूची विषयानुक्रम आदि हर खण्ड के अन्त में परिशिष्ट में दी गई है। पाठक के लिए परिशिष्ट में उपयोगी सामग्री संजोयी गई है। प्रत्येक खण्ड में 5 परिशिष्ट हैं। प्रथम परिशिष्ट में अकारादि अनुक्रमणिका, द्वितीय परिशिष्ट में विषयानुक्रमणिका, तृतीय परिशिष्ट में अभिधान राजेन्द्र : पृष्ठ संख्या, अनुक्रमणिका, चतुर्थ परिशिष्ट में जैन एवं जैनेतर ग्रन्थः गाथा/श्लोकादि अनुक्रमणिका और पञ्चम परिशिष्ट में 'सूक्ति-सुधारस' में प्रयुक्त सन्दर्भ-ग्रन्थ सूची दी गई है। हर खण्ड में यही क्रम मिलेगा। 'सूक्ति-सुधारस' के प्रत्येक खण्ड में सूक्ति का क्रम इसप्रकार रखा गया है कि सर्व प्रथम सूक्ति का शीर्षक एवं मूल सूक्ति दी गई है। फिर वह सूक्ति अभिधान राजेन्द्र कोष के किस भाग के किस पृष्ठ से उद्धृत है। सूक्ति-आधार ग्रन्थ कौन-सा है ? उसका नाम और वह कहाँ आयी है, वह दिया है। अन्त में सूक्ति का हिन्दी भाषा में सरलार्थ दिया गया है।

सूक्ति-सुधारस के प्रथम खण्ड में 251 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के द्वितीय खण्ड में 259 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के तृतीय खण्ड में 289 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के चतुर्थ खण्ड में 467 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के पंचम खण्ड में 471 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के षष्टम खण्ड में 607 सूक्तियाँ हैं।
सूक्ति-सुधारस के सप्तम खण्ड में 323 सूक्तियाँ हैं।

कुल मिलाकर 'सूक्ति सुधारस' के सप्त खण्डों में 2667 सूक्तियाँ हैं। इस ग्रन्थ में न केवल जैनागमों व जैन ग्रन्थों की सूक्तियाँ हैं, अपितु वेद,

उपनिषद, गीता, महाभारत, आयुर्वेद शास्त्र, ज्योतिष, नीतिशास्त्र, पुराण, स्मृति, पंचतन्त्र, हितोपदेश आदि ग्रन्थों की भी सूक्तियाँ हैं ।

1. विश्वपूज्य प्रणीत सम्पूर्ण वाङ्मय
2. लेखिका द्वय की महत्त्वपूर्ण कृतियाँ

‘विश्वपूज्यः’ जीवन-दर्शन

20

जीवन-दर्शन

महिमामण्डित बहुरत्नावसुन्धरा से समलंकृत परम पावन भारतभूमि की वीर प्रसविनी राजस्थान की ब्रजधरा भरतपुर में सन् 1827 - 3 दिसम्बर को पौष शुक्ला सप्तमी, गुरुवार के शुभ दिन एक दिव्य नक्षत्र संतशिरोमणि विश्वपूज्य आचार्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी ने जन्म लिया, जिन्होंने अस्सी वर्ष की आयु तक लोकमाङ्गल्य की गंगधारा समस्त जगत् में प्रवाहित की ।

उनका जीवन भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए समर्पित हुआ ।

वह युग अँग्रेजी राज्य की धूमिल घन घटाओं से आच्छादित था। पाश्चात्य संस्कृति की चकाचौंध ने भारत की सरल आत्मा को कुण्ठित कर दिया था। नव पीढ़ी ईसाई मिशनरियों के धर्मप्रचार से प्रभावित हो गई थी। अँग्रेजी शासन में पद-लिप्सा के कारण शिक्षित युवापीढ़ी अतिशय आकर्षित थी ।

ऐसे अन्धकारमय युग में भारतीय संस्कृति की गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए जहाँ एक ओर राजा राममोहनराय ने ब्रह्मसमाज की स्थापना की, तो दूसरी ओर दयानन्द सरस्वती ने वैदिक धर्म का शंखनाद किया। उसी युग में पुनर्जागरण के लिए प्रार्थना समाज और एनी बेसेन्ट ने थियोसोफिकल सोसायटी की स्थापना की। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को अँग्रेजी शासन की तोपों ने कुचल दिया था। भारतीय जनता को निराशा और उदासीनता ने घेर लिया था।

जागृति का शंखनाद फूँकने के लिए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने यह उद्घोषणा की – 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।' महामना मदनमोहन मालवीय ने बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय की स्थापना की ।

श्री मोहनदास कर्मचन्द गान्धी (राष्ट्रपिता - महात्मा गाँधी) को महान् संत श्रीमद् राजचन्द्र की स्वीकृति से उनके पिताश्री कर्मचन्दजी ने इंग्लैंड में बार-एट-लॉ उपाधि हेतु भेजा। गाँधीजी ने महान् संत श्रीमद् राजचन्द्र की तीन प्रतिज्ञाएँ पालन कर भारत की गौरवशालिनी संस्कृति को उजागर किया। ये तीन प्रतिज्ञाएँ थीं – 1. मांसाहार त्याग 2. मदिरापान त्याग और 3. ब्रह्मचर्य का पालन। ये प्रतिज्ञाएँ भारतीय संस्कृति की रवि-रश्मियाँ हैं, जिनके प्रकाश से भारत जगद्गुरु के पद पर प्रतिष्ठित हैं, परन्तु आँग्ल शासन ने हमारी उज्ज्वल संस्कृति को नष्ट करने का भरसक प्रयास किया।

ऐसे समय में अनेक दिव्य एवं तेजस्वी महापुरुषों ने जन्म लिया जिनमें श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, श्री आत्मारामजी (सुप्रसिद्ध जैनाचार्य श्रीमद् विजयानन्द सूरिजी) एवं विश्वपूज्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी म. आदि हैं।

श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी ने चरित्र निर्माण और संस्कृति की पुनर्स्थापना के लिए जो कार्य किया, वह स्वर्णाक्षरों में अङ्कित है। एक ओर उन्होंने भारतीय साहित्य के गौरवशाली, चिन्तामणि रत्न के समान 'अभिधान राजेन्द्र कोष' को सात खण्डों में रचकर भारतीय वाङ्मय को विश्व में गौरवान्वित किया, तो दूसरी ओर उन्होंने सरल, तपोनिष्ठ, त्याग, करुणार्द्र और कोमल जीवन से सबको मैत्री-सूत्र में गुम्फित किया।

विश्वपूज्य की उपाधि उनको जनता जनार्दन ने, उनके प्रति अगाध श्रद्धा-प्रीति और भक्ति से प्रदान की है, यद्यपि ये निर्मोही अनासक्त योगी थे। न तो किसी उपाधि-पदवी के आकाङ्क्षी थे और न अपनी यशोपताका फहराने के लिए लालायित थे।

उनका जीवन अनन्त ज्योतिर्मय एवं करुणा रस का सुधा-सिन्धु था!

उन्होंने अपने जीवनकाल में महनीय 61 ग्रन्थों की रचना की है जिनमें काव्य, भक्ति और संस्कृति की रसवंती धाराएँ प्रवाहित हैं।

वस्तुत: उनका मूल्यांकन करना हमारे वश की बात नहीं, फिरभी हम प्रीतिवश यह लिखती हैं कि जिस समय भारत के मनीषी-साहित्यकार एवं कवि भारतीय संस्कृति और साहित्य को पुनर्जीवित करना चाहते थे, उस समय विश्वपूज्य भी भारत के गौरव को उद्भासित करने के लिए 63 वर्ष की आयु में सन् 1890 आश्विन शुक्ला 2 को कोष के प्रणयन में जुट गए। इस कोष के सप्त खण्डों को उन्होंने सन् 1903 चैत्र शुक्ला 13 को परिसम्पन्न किया। यह शुभ दिन भगवान् महावीर का जन्म कल्याणक दिवस है। शुभारम्भ नवरात्रि में किया और समापन प्रभु के जन्म-कल्याणक के दिन वसन्त ऋतु की मनमोहक सुगन्ध बिखेरते हुए किया।

यह उल्लेख करना समीचीन है कि उस युग में मैकाले ने अँग्रेजी भाषा और साहित्य को भारतीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अनिवार्य कर दिया था और नई पीढ़ी अँग्रेजी भाषा तथा साहित्य को पढ़कर भारतीय साहित्य व संस्कृति को हेय समझने लगी थी, ऐसे पराभव युग में बालगंगाधर तिलक ने 'गीता रहस्य', जैनाचार्य श्रीमद् बुद्धिसागरजी ने 'कर्मयोग', श्रीमद् आत्मारामजी ने 'जैन तत्त्वादर्श' व 'अज्ञान तिमिर भास्कर',[1] महान् मनीषी अरविन्द घोष ने 'सावित्री' महाकाव्य लिखकर पश्चिम-जगत् को अभिभूत कर दिया।

उस युग में प्रज्ञा महर्षि जैनाचार्य विश्वपूज्य श्रीमद् राजेन्द्रसूरिजी गुरुदेव ने '**अभिधान राजेन्द्र कोष**' की रचना की। उनके द्वारा निर्मित यह अनमोल ग्रन्थराज एक अमरकृति है। यह एक ऐसा विशाल कार्य था, जो एक व्यक्ति की सीमा से परे की बात थी, किन्तु यह दायित्व विश्वपूज्य ने अपने कंधों पर ओढ़ा।

भारतीय संस्कृति और साहित्य के पुनर्जागरण के युग में विश्वपूज्य ने महान् कोष को रचकर जगत् को ऐसा अमर ग्रन्थ दिया जो चिर नवीन है। यह 'एन साइक्लोपिडिया' समस्त भाषाओं की करुणार्द्र

---

1. अज्ञान तिमिर भास्कर को पढ़कर अंग्रेज विद्वान् हार्नेल इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने श्रीमद् आत्मारामजी को 'अज्ञान तिमिर भास्कर' के अलंकरण से विभूषित किया तथा उन्होंने अपने ग्रन्थ 'उपासक दशांग' के भाष्य को उन्हें समर्पित किया।

माता संस्कृत, जनमानस में गंग-धारा के समान बहनेवाली जनभाषा अर्धमागधी और जनता-जनार्दन को प्रिय लगनेवाली प्राकृत भाषा - इन तीनों भाषाओं के शब्दों की सुस्पष्ट, सरल और सहज व्याख्या उद्भासित करता है।

इस महाकोष का वैशिष्ट्य यह है कि इसमें गीता, मनुस्मृति, ऋग्वेद, पद्मपुराण, महाभारत, उपनिषद, पातंजल योगदर्शन, चाणक्य नीति, पंचतंत्र, हितोपदेश आदि ग्रन्थों की सुबोध टीकाएँ और भाष्य उपलब्ध हैं। साथ ही आयुर्वेद के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ 'चरक संहिता' पर भी व्याख्याएँ हैं।

'अभिधान राजेन्द्र कोष' की प्रशंसा भारतीय एवं पाश्चात्त्य विद्वान् करते नहीं थकते। इस ग्रन्थ रत्नमाला के सात खण्ड सात अनुपम दिव्य रत्न हैं, जो अपनी प्रभा से साहित्य-जगत् को प्रदीप्त कर रहे हैं।

इस भारतीय राजर्षि की साहित्य एवं तप-साधना पुरातन ऋषि के समान थी। वे गुफाओं एवं कन्दराओं में रहकर ध्यानालीन रहते थे। उन्होंने स्वर्णगिरि, चामुण्डावन, मांगीतुंगी आदि गुफाओं के निर्जन स्थानों में तप एवं ध्यान-साधना की। ये स्थान वन्य पशुओं से भयावह थे, परन्तु इस ब्रह्मर्षि के जीवन से जो प्रेम और मैत्री की दुग्धधारा प्रवाहित होती थी, उससे हिंस्र पशु-पक्षी भी उनके पास शांत बैठते थे और भयमुक्त हो चले जाते थे।

ऐसे महापुरुष के चरण कमलों में राजा-महाराजा, श्रीमन्त, राजपदाधिकारी नतमस्तक होते थे। वे अत्यन्त मधुर वाणी में उन्हें उपदेश देकर गर्व के शिखर से विनय-विनम्रता की भूमि पर उतार लेते थे और वे दीन-दुखियों, दरिद्रों, असहायों, अनाथों एवं निर्बलों के लिए साक्षात् भगवान् थे।

उन्होंने सामाजिक कुरीतियों-कुपरम्पराओं, बुराइयों को समाप्त करने के लिए तथा धार्मिक रूढ़ियों, अन्धविश्वासों, मिथ्याधारणाओं और कुसंस्कारों को मिटाने के लिए ग्राम-ग्राम, नगर-नगर पैदल विहार कर विभिन्न प्रवचनों के माध्यम से उपदेशामृत की अजस्रधारा प्रवाहित

की। तृष्णातुर मनुष्यों को संतोषामृत पिलाया। कुसंपों के फुफकारते फणिधरों को शांत कर समाज को सुसंप का सुधा-पान कराया।

विश्वपूज्य ने नारी-गरिमा के उत्थान के लिए भी कन्या-पाठशालाएँ, दहेज उन्मूलन, वृद्ध-विवाह निषेध आदि का आजीवन प्रचार-प्रसार किया। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' के अनुरूप सन्देश दिया अपने प्रवचनों एवं साहित्य के माध्यम से।

गुरुदेव ने पर्यावरण-रक्षण के लिए वृक्षों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने पशु-पक्षी के जीवन को अमूल्य मानते हुए उनके प्रति प्रेमभाव रखने के लिए उपदेश दिए। पर्वतों की हरियाली, वन-उपवनों की शोभा, शान्ति एवं अन्तर-सुख देनेवाली है। उनका रक्षण हमारे जीवन के लिए अत्यावश्यक है। इसप्रकार उन्होंने समस्त जीवराशि के संरक्षण के लिए उपदेश दिया।

काव्य विभूषा : उनकी काव्य कला अनुपम है। उन्होंने शास्त्रीय राग-रागिनियों में अनेक सज्झाय व स्तवन गीत रचे हैं। उन्होंने शास्त्रीय रागों में ठुमरी, कल्याण, भैरवी, आशावरी आदि का अपने गीतों में सुरम्य प्रयोग किया है। लोकप्रिय रागिनियों में वनझारा, गरबा, ख्याल आदि प्रियंकर हैं। प्राचीन पूजा गीतों की लावनियों में 'सलूणा', 'रेखता', 'तीरथनी आशातना नवि करिए रे' आदि रागों का प्रयोग मनमोहक हैं। उन्होंने उर्दू की गजल का भी अपने गीतों में प्रयोग किया है।

चैत्यवंदन - स्तुतियों में - दोहा, शिखरणी, स्रग्धरा, मालिनी, पद्धडी प्रमुख हैं। पद्धडी छन्द में रचित श्री महावीर जिन चैत्यवंदन की एक वानगी प्रस्तुत है –

"संसार सागर तार धीर, तुम विण कोण मुझ हरत पीर।
मुझ चित्त चंचल तुं निवार, हर रोग सोग भयभीत वार ॥ [1]

एक निश्छल भक्त का दैन्य निवेदन मौन-मधुर है। साथ ही अपने परम तारक परमात्मा पर अखण्ड विश्वास और श्रद्धा-भक्ति को प्रकट करता है।

---

1. जिन - भक्ति - मंजूषा भाग - 1

चौपड़ क्रीड़ा- सज्झाय में अलौकिक निरंजन शुद्धात्म चेतन रूप प्रियतम के साथ विश्वपूज्य की शुद्धात्मा रूपी प्रिया किस प्रकार चौपड़ खेलती है ? वे कहते हैं –

'रंग रसीला मारा, प्रेम पनोता मारा, सुखरा सनेही मारा साहिबा ।
पिउ मोरा चोपड़ इणविध खेल हो ॥
चार चोपड़ चारों गति, पिउ मोरा चोरासी जीवा जोन हो ।
कोठा चोरासिये फिरे, पिउ मोरा सारी पासा वसेण हो ॥" [1]

यह चौपड़ का सुन्दर रूपक है और उसके द्वारा चतुर्गति रूप संसार में चौपड़ का खेल खेला जा रहा है। साधक की शुद्धात्म-प्रिया चेतन रूप प्रियतम को चौपड़ के खेल का रहस्योद्घाटन करते हुए कहती है कि चौपड़ चार पट्टी और 84 खाने की होती है। इसीतरह चतुर्गति रूप चौपड़ में भी 84 लक्षयोनि रूप 84 घर-उत्पत्ति-स्थान होते हैं। चतुर्गति चौपड़ के खेल को जीतकर आत्मा जब विजयी बन जाती है, तब वह मोक्ष रूपी घर में प्रवेश करती है।

अध्यात्मयोगी संत आनंदघन ने भी ऐसी ही चौपड़ खेली है –

"प्राणी मेरो, खेलै चतुरगति चोपर ।
नरद गंजफा कौन गिनत है, मानै न लेखे बुद्धिवर ॥
राग दोस मोह के पासे, आप बणाए हितधर ।
जैसा दाव परै पासे का, सारि चलावै खिलकर ॥" [2]

विश्वपूज्य का काव्य अप्रयास हृदय-वीणा पर अनुगुंजित है। 'पिउ' [प्रियतम] शब्द कविता की अंगूठी में हीरककणी के समान मानो जड़ दिया।

विश्वपूज्य की आत्मरमणता उनके पदों में दृष्टिगत होती है। वे प्रकाण्ड विद्वान् - मनीषी होते हुए भी अध्यात्म योगीराज आनन्दघन की तरह अपनी मस्त फकीरी में रमते थे। उनका यह पद मनमोहक है –

'अवधू आतम ज्ञान में रहना,
किसी कु कुछ नहीं कहना ॥' [3]

---

1. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1
2. आनन्दघन ग्रन्थावली
3. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1

'मौनं सर्वार्थ साधनम्' की अभिव्यंजना इसमें मुखरित हुई है। उनके पदों में व्यक्ति की चेतना को झकझोर देने का सामर्थ्य है, क्योंकि वे उनकी सहज अनुभूति से निःसृत है। विश्वपूज्य का अंतरंग व्यक्तित्व उनकी काव्य-कृतियों में व्याप्त है। उनके पदों में कबीर-सा फक्कड़पन झलकता है। उनका यह पद द्रष्टव्य है –

"ग्रन्थ रहित निर्ग्रन्थ कहीजे, फकीर फिकर फकनारा।
ज्ञानवास में बसे संन्यासी, पंडित पाप निवारा रे
सद्गुरु ने बाण मारा, मिथ्या भरम विदारा रे॥" [1]

विश्वपूज्य का व्यक्तित्व वैराग्य और अध्यात्म के रंग में रंगा था। उनकी आध्यात्मिकता अनुभवजन्य थी। उनकी दृष्टि में आत्मज्ञान ही महत्त्वपूर्ण था। 'परभावों में घूमनेवाला आत्मानन्द की अनुभूति नहीं कर सकता। उनका मत था कि जो पर पदार्थों में रमता है वह सच्चा साधक नहीं है। उनका एक पद द्रष्टव्य है –

'आतम ज्ञान रमणता संगी, जाने सब मत जंगी।
पर के भाव लहे घट अंतर, देखे पक्ष दुरंगी॥
सोग संताप रोग सब नासे, अविनासी अविकारी।
तेरा मेरा कछु नहीं ताने, भंगे भवभय भारी॥
अलख अनोपम रूप निज निश्चय, ध्यान हिये बिच धरना।
दृष्टि राग तजी निज निश्चय, अनुभव ज्ञानकुं वरना॥" [2]

उनके पदों में प्रेम की धारा भी अबाधगति से बहती है। उन्होंने शांतिनाथ परमात्मा को प्रियतम का रूपक देकर प्रेम का रहस्योद्घाटन किया है। वे लिखते हैं –

'श्री शांतिजी पिउ मोरा, शांतिसुख सिरदार हो।
प्रेमे पाम्या प्रीतड़ी, पिउ मोरा प्रीतिनी रीति अपार हो॥
शांति सलूणो म्हारो, प्रेम नगीनो म्हारो, स्नेह समीनो म्हारो नाहलो।
पिउ पल एक प्रीति पमाड हो, प्रीत प्रभु तुम प्रेमनी,
पीउ मोरा मुज मन में नहिं माय हो॥" [3]

---

1. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1
2. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1
3. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1

यद्यपि उनकी दृष्टि में प्रेम का अर्थ साधारण-सी भावुक स्थिति न होकर आत्मानुभवजन्य परमात्म-प्रेम है, आत्मा-परमात्मा का विशुद्ध निरूपाधिक प्रेम है। इसप्रकार, विश्वपूज्य की कृतियों में जहाँ-जहाँ प्रेम-तत्त्व का उल्लेख हुआ है, वह नर-नारी का प्रेम न होकर आत्म-ब्रह्म-प्रेम की विशुद्धता है।

विश्वपूज्य में धर्म सद्भाव भी भरपूर था। वे निष्पक्ष, निस्पृही मानव-मानव के बीच अभेद भाव एवं प्राणि मात्र के प्रति प्रेम-पीयूष की वर्षा करते थे। उन्होंने अरिहन्त, अल्लाह-ईश्वर, रूद्र-शिव, ब्रह्मा-विष्णु को एक ही माना है। एक पद में तो उन्होंने सर्व धर्मों में प्रचलित परमात्मा के विविध नामों का एक साथ प्रयोग कर समन्वय-दृष्टि का अच्छा परिचय दिया है। उनकी सर्व धर्मों के प्रति समादरता का निम्नांकित पद मननीय है –

'ब्रह्म एक छे लक्षण लक्षित, द्रव्य अनंत निहारा।
सर्व उपाधि से वर्जित शिव ही, विष्णु ज्ञान विस्तारा रे॥
ईश्वर सकल उपाधि निवारी, सिद्ध अचल अविकारा।
शिव शक्ति जिनवाणी संभारी, रूद्र है करम संहारा रे॥
अल्लाह आतम आपहि देखो, राम आतम रमनारा।
कर्मजीत जिनराज प्रकासे, नयथी सकल विचारा रे॥'[1]

विश्वपूज्य के इस पद की तुलना संत आनंदघन के पद से की जा सकती है।[2]

यह सच है कि जिसे परमतत्त्व की अनुभूति हो जाती है, वह संकीर्णता के दायरे में आबद्ध नहीं रह सकता। उसके लिए राम-कृष्ण, शंकर-गिरीश, भूतेश्वर, गोविन्द, विष्णु, ऋषभदेव और महादेव

---

1. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1 पृ. 72
2. 'राम कहौ रहिमान कहौ, कोउ कान्ह कहौ महादेव री।
पारसनाथ कहौ कोउ ब्रह्मा, सकल ब्रह्म स्वयमेवरी॥
भाजन भेद कहावत नाना, एक मृत्तिका रूप री।
तैसे खण्ड कलपना रोपित, आप अखण्ड सरूप री॥
निज पद रमै राम सो कहिये, रहम करे रहमान री।
करषै करम कान्ह सो कहियै, महादेव निरवाण री॥
परसै रूप सो पारस कहियै, ब्रह्म चिन्है सो ब्रह्म री।
इहविध साध्यो आप आनन्दघन, चेतनमय निःकर्मरी॥' **आनंदघन ग्रन्थावली, पद ६५**

या ब्रह्म आदि में कोई अन्तर नहीं रह जाता है । उसका तो अपना एक धर्म होता है और वह है – आत्म-धर्म (शुद्धात्म-धर्म) । यही बात विश्वपूज्य पर पूर्णरूपेण चरितार्थ होती है । सामान्यतया जैन परम्परा में परम तत्त्व की उपासना तीर्थंकरों के रूप में की जाती रही है; किन्तु विश्वपूज्य ने परमतत्त्व की उपासना तीर्थंकरों की स्तुति के अतिरिक्त शंकर, शंभु, भूतेश्वर, महादेव, जगकर्ता, स्वयंभू, पुरूषोत्तम, अच्युत, अचल, ब्रह्म-विष्णु-गिरीश इत्यादि के रूप में भी की है । उन्होंने निर्भीक रूप से उद्घोषणा की है –

"शंकर शंभु भूतेश्वरो ललना, मही माहें हो वली किस्यो महादेव,
जिनवर ए जयो ललना ।
जगकर्ता जिनेश्वरो ललना, स्वयंभू हो सहु सुर करे सेव,
जिनवर ए जयो ललना ॥
वेद ध्वनि वनवासी ललना, चौमुखे हो चारे वेद सुचंग, जिन. ।
वाणी अनक्षरी दिलवसी ललना, ब्रह्माण्डे बीजो ब्रह्म विभंग, जि. ॥
पुरूषोत्तम परमातमा ललना, गोविन्द हो गिरूवो गुणवंत, जि. ।
अच्युत अचल छे ओपमा ललना, विष्णु हो कुण अवर कहंत, जि. ॥
नाभेय रिषभ जिणंदजी ललना, निश्चय थी हो देख्यो देव दमीश ।
एहिज सूरिशजेन्द्र जी ललना, तेहिज हो ब्रह्मा विष्णु गिरीश, जि. ॥"[1]

वास्तव में, विश्वपूज्य ने परमात्मा के लोक प्रसिद्ध नामों का निर्देश कर समन्वय-दृष्टि से परमात्म-स्वरूप को प्रकट किया है ।

इसप्रकार कहा जा सकता है कि विश्वपूज्य ने धर्मान्धता, संकीर्णता, असहिष्णुता एवं कूपमण्डूकता से मानव-समाज को ऊपर उठाकर एकता का अमृतपान कराया । इससे उनके समय की राजनैतिक एवं धार्मिक परिस्थिति का भी परिचय मिलता है ।

'अभिधान राजेन्द्र कोष' कथाओं का सुधासिन्धु है । कथाओं में जीवन को सुसंस्कृत, सभ्य एवं मानवीय गुण-सम्पदा से विभूषित करने का सरस शैली में अभिलेखन हुआ है । कथाएँ इक्षुरस के समान मधुर, सरस और सहज शैली में आलेखित हैं । शैली में प्रवाह हैं, प्राकृत और संस्कृत शब्दों को हीरक कणियों के समान तराश कर

1. जिन भक्ति मंजूषा भाग - 1 पृ. 72

कथाओं को सुगम बना दिया है ।

उपसंहार :

विश्वपूज्य अजर-अमर है । उनका जीवन 'तप्तं तप्तं पुनरपि पुनः काञ्चनं कान्त वर्णम्' की उक्ति पर खरा उतरता है । जीवन में तप की कंचनता है, कवि-सी कोमलता है । विद्वत्ता के हिमाचल में से करुणा की गंग-धारा प्रवाहित है ।

उन्होंने जगत् को 'अभिधान राजेन्द्र कोष' रूपी कल्पतरू देकर इस धरती को स्वर्ग बना दिया है, क्योंकि इस कोष में ज्ञान-भक्ति और कर्मयोग का त्रिवेणी संगम हुआ है। यह लोक माङ्गल्य से भरपूर क्षीर-सागर है। उनके द्वारा निर्मित यह कोष आज भी आकाशी ध्रुवतारे की भाँति टिमटिमा रहा है और हमें सतत दिशा-निर्देश दे रहा है।

विश्वपूज्य के लिए अनेक अलंकार ढूँढ़ने पर भी हमें केवल एक ही अलंकार मिलता है – वह है – अनन्वय अलंकार – अर्थात् विश्वपूज्य विश्वपूज्य ही है ।

उनका स्वर्गवास 21 दिसम्बर सन् 1906 में हुआ, परन्तु कौन कहता है कि विश्वपूज्य विलीन हो गये ? वे जन-जन के श्रद्धा केन्द्र सबके हृदय-मंदिर में विद्यमान हैं !

अभिधान राजेन्द्र कोष में,

सूक्ति-सुधारस

(षष्ठम खण्ड)

1. मंगल का अर्थ

मंगिज्जएऽधिगम्मइ, जेण हिअं तेण मंगलं होइ ।
अहवा मंगो धम्मो, तं लाइ तयं समादत्ते ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 8]

— *विशेषावश्यक भाष्य 22*

जिसके द्वारा हित की याचना एवं प्राप्ति होती है; उसे 'मंगल' कहते हैं अथवा मंगल का अर्थ धर्म है और उस धर्म को जो ग्रहण करता है, वह मंगल है ।

2. 'मंगल' शब्द की व्युत्पत्ति

मां गालयति भवादिति मङ्गलं संसारादपनयतीत्यर्थः ।
अथवा शास्त्रस्य मा भूद् गलो विघ्नोऽस्मादिति मङ्गलम् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 9]

— *विशेषावश्यक भाष्य 24 टीका*

जो मुझे संसार से दूर करता है वह 'मंगल' है अथवा 'मा' निषेधार्थ है और 'गल' विघ्नवाचक है । अत: 'मंगल' का अर्थ होता है - शास्त्र के प्रारम्भ में विघ्न न हो ।

3. मङ्गल चतुष्क

चत्तारि मंगलं-अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं,
साहू मंगलं केवलीपण्णत्तो धम्मो मंगलं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 16]

— *आवश्यक सूत्र - 4*

मंगल चार हैं-अरिहंत, सिद्ध, साधु और केवली प्ररुपित धर्म ।

4. 'माँस' शब्द की निरुक्ति

मां स भक्षयिताऽमुत्र, यस्य मांस मिहादम्यहम् ।
एतन्मांसस्य मांसत्वं, प्रवदन्ति मनीषिणः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 32]

— *मनुस्मृति 5/55*

"मैं जिसके माँस को यहाँ खाता हूँ, वह मुझे भी परलोक में खायेगा ।" मनीषीगण 'मांस' शब्द का यही मांसत्व बताते हैं ।

5. समान फल किसे ?

वर्षे वर्षेऽश्वमेधेन, यो यजेत शतं समाः ।
मांसानि च न खादेद्य-स्तयोस्तुल्यं भवेत् फलम् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 34]

– *मनुस्मृति 5/53*

प्रत्येक वर्ष सौ बार अश्वमेध यज्ञ करनेवाले और मांस भक्षण नहीं करने वाले इन दोनों पुरुषों को बराबर फल मिलता है ।

6. ब्रह्मचर्य से उत्तम गति

एक रात्रौषितस्यापि, या गति र्ब्रह्मचारिणः ।
न सा क्रतुसहस्त्रेण, प्राप्तुं शक्या युधिष्ठिरः !॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 34]

– *स्याद्वादमंजरी से उद्धृत पृ. 209*

हे युधिष्ठिर ! एक रात ब्रह्मचर्य से रहनेवाले पुरुष को जो उत्तम गति मिलती है, वह गति हजारों यज्ञ करने से भी नहीं मिलती ।

7. वैर-विरोध-त्याग

पभू दोसे नीरा किच्चा; ण विरुज्झेज्ज केणई ।
मणसा वयसा चेव, कायसा चेव अंतसो ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 43]

– *सूत्रकृतांग - 1/11/12*

जितेन्द्रिय साधक मिथ्यात्व आदि दोषों को दूर करके किसी भी प्राणी के साथ जीवनभर मन-वचन और काया से वैर-विरोध न करें ।

8. ना काहू से वैर

ण विरुज्झेज्ज केणई ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 43]

– *सूत्रकृतांग - 1/11/12*

किसी के भी साथ वैर-विरोध मत करो ।

9. सर्वत्र अहिंसा

उड्ढं अहे तिरियं च, जे केइ तस-थावरा ।
सव्वत्थ विरतिं कुज्जा, संति निव्वाणमाहियं ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 43]

– *सूत्रकृतांग 1/11/11*

उर्ध्वलोक, अधोलोक और तिर्यग्लोक में जितने भी त्रस और स्थावर जीव हैं; सर्वत्र उन सब की हिंसा से दूर रहना चाहिए। वैर की शान्ति को ही निर्वाण कहा गया है ।

10. ज्ञानी का सार

एयं खु णाणिणो सारं, जं न हिंसति कंचणं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 43]

– *सूत्रकृतांग - 1/11/10*

किसी भी प्राणी की हिंसा नहीं करना ही ज्ञानी होने का सार है ।

11. सम्यग्दर्शन, दीपस्तम्भ

बुज्झमाणाण पाणाणं, किच्चं तणे ए कम्मुणा ।
आघाती साहु तं दीवं, पतिट्ठेसा पकुच्चई ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 45]

– *सूत्रकृतांग - 1/11/23*

मिथ्यात्व, अविरति आदि संसार-सागर के स्रोतों के प्रवाह में बहते हुए तथा अपने कर्मों के द्वारा कष्ट पाते हुए प्राणियों के लिए सम्यग्दर्शन (निर्वाण-मार्ग) ही विश्राम-स्थान है। तत्त्वज्ञों का कथन है कि सम्यग्दर्शन (निर्वाण-मार्ग) ही मोक्ष-प्राप्ति का आधार है ।

12. समाधि से दूर

बुद्धामोत्ति य मन्नंता, अंतए ते समाहिए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 45]

– *सूत्रकृतांग - 1/11/25*

अज्ञानवश अपने आपको ज्ञानी समझनेवाला समाधि से बहुत दूर है ।

13. मुनि-प्रवृत्ति, मोक्ष प्रधान

निव्वाणं परमं बुद्धा, णक्खत्ताणं व चंदिमा ।
तम्हा सदा जए दंते, निव्वाणं संघए मुणी ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 45]
— *सूत्रकृतांग - 1/11/22*

जैसे-चन्द्रमा सभी नक्षत्रों में प्रधान है, वैसे ही मोक्ष भी सभी पुरुषार्थों में प्रधान है । अतएव मुनि को सदा यतनाशील और जितेन्द्रिय होकर निर्वाण को केन्द्र में रखकर सभी प्रवृत्तियाँ करनी चाहिए ।

14. मोक्ष-मार्ग-साधना

सदा जए दंते, निव्वाणं संघए मुणी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 45]
— *सूत्रकृतांग - 1/11/22*

सदा जितेन्द्रिय और संयमशील होता हुआ मुनि निर्वाण की साधना करें ।

15. धर्मोपदेष्टा कौन ?

आयगुत्ते सया दंते, छिन्नसोए अणासवे ।
जे धम्मं सुद्धमक्खाइ, पडिपुन्नमणेलिसं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 45]
— *सूत्रकृतांग - 1/11/24*

जो सदा आत्म-गुप्त तथा इन्द्रिय-दमन करनेवाला है, छिन्नस्रोत एवं अनास्रव है; वही इस शुद्ध, पूर्ण एवं अनुपम धर्म का उपदेश करता है ।

16. कंकपक्षीवत् पापी-अधम

विसएसणं झियायंति, कंका वा कलुसाहमा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 46]
— *सूत्रकृतांग 1/11/28*

जो विषय भोगों का ध्यान किया करते हैं; वे कंकपक्षी के समान पापी और अधम हैं ।

17. संयम, आत्म-रक्षा कवच

अत्तताए परिव्वए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 46]

– *सूत्रकृतांग - 1/11/32*

आत्म-रक्षा (आत्मा को पाप से बचाने) के लिए संयमशील होकर विचरण करें ।

18. मेरुवत् अचल

अहणं वयमावन्नं; फासाउच्चावया फुसे ।
विणिहण्णेज्जा वाएण वे महागिरी ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 47]

– *सूत्रकृतांग - 1/11/37*

जिसप्रकार महागिरि मेरु हवा के झंझावात से विचलित नहीं होता, उसीप्रकार व्रतनिष्ठ पुरुष सम-विषम, ऊँच-नीच और अनुकूल-प्रतिकूल परिषहों के आने पर भी धर्म-पथ से विचलित नहीं होता ।

19. मग्नता

प्रत्याहृत्येन्द्रियव्यूहं, समाधाय मनोनिजम् ।
दधच्चिन्मात्रविश्रान्तिर्मग्न इत्यभिधीयते ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 47]

– *ज्ञानसार 2/1*

जो आत्मा इन्द्रिय समूह को नियन्त्रित और मन को समाधिस्थ (एकाग्र) कर केवल चैतन्य स्वरूप ज्ञान में विश्राम करती है, वह मग्न कहलाती है ।

20. ज्ञान-लीनता

यस्य ज्ञान-सुधा-सिन्धौ, परब्रह्मणिमग्नता ।
विषयान्तरसंचारस्तस्य हलाहलोपमम् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 48]

— *ज्ञानसार - 2/2*

ज्ञानामृत के समुद्र-रूपी परमात्म स्वरूप में जिसका मन डूब गया हों, उसे अन्य विषय में भटकना विष के समान लगता है।

21. परब्रह्मलीन

परब्रह्मणि मग्नस्य, श्लथा पौद्गलिकी कथा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 48]

— *ज्ञानसार 2/4*

परमात्म स्वरूप में लीन मनुष्य को पुद्गल-सम्बन्धी बात नीरस लगती है।

22. गोता ज्ञान सरोवर का

ज्ञानमग्नस्य यच्छर्म, तद्वक्तुं नैव शक्यते ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 49]

— *ज्ञानसार 2/6*

ज्ञान-सरोवर में आकण्ठ डूबे हुए व्यक्ति को जो सुख-सन्तोष प्राप्त होता है, वह मुख से कहा नहीं जा सकता। ज्ञान-मग्न का सुख अवर्णनीय और अनुपम है।

23. पीयूषवर्षी योगीश्वर

यस्य दृष्टिः कृपावृष्टिर्गिरः शमसुधाकिरः ।
तस्मै नमः शुभज्ञानध्यानमग्नाय योगिने ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 50]

— *ज्ञानसार 2/8*

जिनकी दृष्टि कृपा की वृष्टि है और जिनकी वाणी उपशम रूपी अमृत का छिड़काव करनेवाली है, ऐसे प्रशस्त-ज्ञान-ध्यान में सदा लीन रहनेवाले उन महान् योगीश्वर को नमस्कार हो।

24. ज्ञान-पीयूष में मग्न

शमशैत्यपुशो यस्य विप्रुषोऽपि महाकथा ।
किं स्तुमो ज्ञान-पीयूषे, तस्य सर्वाङ्ग-मग्नताम् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 50]

– *ज्ञानसार 2/7*

सहज शीतलता को पोषण करनेवाला एक बिन्दु मात्र ज्ञानामृत का भी बड़ा प्रभाव होता है तो फिर जो ज्ञानामृत में पूर्ण रूप से डूबा हुआ हो, उसकी तो भला हम किन शब्दों में स्तुति करें ?

25. मदिरा-पान-हानि

मद्यं पुनः प्रमादाङ्गं, तथा सच्चित्तनाशनम् ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 60]

– *हारिभद्रीयाष्टक 19/1*

मद्य प्रमाद का कारण है और शुभ चित्त का नाश करनेवाला है ।

26. मुनिवर मध्यस्थ

समशीलं मनो यस्य स मध्यस्थो महामुनिः ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 64]

– *ज्ञानसार - 16/3*

जिनका मन समस्वभावी हैं, ऐसे मुनिवर वास्तव में मध्यस्थ हैं ।

27. मनः बछड़ा-बन्दर

मनोवत्सो युक्तिगवीं, मध्यस्थस्यानुधावति ।
तामाकर्षति पुच्छेन, तुच्छाग्रहमनः कपिः ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 64]

– *ज्ञानसार - 16/2*

मध्यस्थ पुरुष का मनरूपी बछड़ा युक्ति रूपी गाय के पीछे दौड़ता है, जबकि दीन-हीन वृत्तिवाले पुरुष का मनरूपी बन्दर युक्तिरूपी गाय की पूँछ पकड़कर पीछे खींचता है ।

28. मध्यस्थ दृष्टि निष्पक्षपाती

स्वागमं रागमात्रेण, द्वेषमात्रात् परागमम् ।
न श्रयामः त्यजामो वा, किन्तु मध्यस्थया दृशा ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 64]

— *ज्ञानसार 16/7*

मध्यस्थ दृष्टि व्यक्ति अनुरागवश अपने आगमशास्त्र को स्वीकार नहीं करते और द्वेषवश अन्य के धर्मशास्त्र का त्याग नहीं करते। अपितु वे शास्त्र को मध्यस्थ दृष्टि से स्वीकार करते हैं अर्थात् मध्यस्थ दृष्टि जीव तत्त्वातत्त्व का निर्णय करके ही योग्य को ग्रहण करते हैं और अयोग्य का त्याग करते हैं।

29. भावितात्मा

संजमेण तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरति ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 72]

— *उपासकदशा - 1/76*

साधक संयम और तप से आत्मा को सतत भावित करता रहे।

30. एकाग्रता से लाभ

एगग्गचित्तेणं जीवे, मणगुत्ते संजमाराहए भवइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 83]

— *उत्तराध्ययन - 29/53*

एकाग्र चित्त से जीव मनोगुप्ति और संयम का आराधक हो जाता है। (जिसके चित्त में एकाग्रता नहीं होती, उसे कहीं भी सफलता नहीं मिलती।)

31. मनोनिग्रह-फल

मणगुत्तयाएणं जीवे एगऽग्गं जणयइ ।

— ***श्री अभिधान राजेन्द्र कोष*** *[भाग 6 पृ. 83]*

— *उत्तराध्ययन - 29/53*

मनोगुप्ति से जीव एकाग्र होता है।

32. आकृतिः मन का दर्पण

इंगिताकारैर्ज्ञेयैः क्रियाभि र्भाषिते च ।
नेत्रवक्त्रविकारैश्च, गृह्यते अन्तर्गतं मनः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 83]

— *मनुस्मृति 8/16*

अनुयोगद्वार प्रमाणाधिकार 143

आकृति से, इशारों से, चाल-ढाल (गति) से, चेष्टा से, वाणी/बोली से, नेत्र और मुँह के बदलते हुए भावों से मन में रहे हुए विचारों (बात) का पता लग जाता है।

33. मानवीय कर्म

चउहिं ठाणेहिं जीवा मणुस्सताए कम्मं पगरेंति।
तंजहा-पगइभद्दयाए, पगति विणीयाए,
साणुक्कोसयाए, अमच्छरियाए ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 99]

— *स्थानांग - 4/4/4/373*

सहज सरलता, सहज विनम्रता, दयालुता और अमत्सरता-ये चार प्रकार के व्यवहार मानवीय कर्म हैं। (इनसे आत्मा मानवजन्म प्राप्त करती है)

34. मृदुता-फल

मद्दवयायेणं अणुस्सियत्तं जणयइ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 104]

— *उत्तराध्ययन 29/49*

मृदुता से जीव अहंकार रहित हो जाता है।

35. पशुवत् 'मैं' 'मैं'

पुत्रो मे भ्राता मे, स्वजनो मे गृहकलत्रवर्गो मे।
इति कृत मेमे शब्दं, पशुमिव मृत्युर्जनं हरति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 104]

— *आचारांग सटीक 1/2/1*

एवं आगमीय सूक्तावली पृ. 18

मेरा पुत्र, मेरा भाई, मेरे स्वजन, मेरा घर, मेरी पत्नी, मेरा परिवार आदि पशुवत् 'मैं' 'मैं' करता हुआ मनुष्य मानवजन्म हार जाता है।

36. तिरस्कार-वर्जन

न बाहिरं परिभवे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 106]

– ***दशवैकालिक 8/30***

दूसरों का तिरस्कार मत करो ।

37. ज्ञान में भी निरभिमान

सुयलाभे न मज्जेज्जा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 106]

– ***दशवैकालिक - 8/30***

श्रुतज्ञान प्राप्त होने पर भी अभिमान मत करो ।

38. पाप-जननी कौन ?

अदु इंखिणिया उपाविया ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 107]

– ***सूत्रकृतांग 1/2/2/2***

निन्दा पापों की जननी है ।

39. निरभिमानी मुनि

मुणी ण मिज्जइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 107]

– ***सूत्रकृतांग - 1/2/2/2***

मुनि अभिमान नहीं करता है ।

40. तिरस्कार से भ्रमण

जो परिभवइ परं जणं, संसारे परिवत्तई महं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 107]

– ***सूत्रकृतांग 1/2/2/2***

जो दूसरों का तिरस्कार करता है, वह संसार-अटवी में दीर्घकाल तक भटकता रहता है ।

41. एक बार मरण

एगे मरणे अंतिम सारीरियाणं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 108]

– *स्थानांग - 1/1/96 (26)*

मुक्त होनेवाली आत्माओं की वर्तमान देह का अंतिम मरण एकबार होता है । दूसरी बार नहीं ।

42. द्विविध मरण

सन्ति मे य दुवे ठाणा, अक्खाया मारणन्तिया ।
अकाममरणं चेव, सकाम मरणं तहा ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 117]

– *उत्तराध्ययन 5/1*

तत्त्वज्ञ पुरुषों ने मरण दो प्रकार के बताए हैं - एक अकाममरण और दूसरा सकाममरण ।

43. पण्डित-मृत्यु

पंडियाणं सकामं तु उक्कोसेण सइं भवे ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 117]

– *उत्तराध्ययन - 5/3*

पंडितजनों की (सकाममरण) मृत्यु उत्कृष्टत: एक बार ही होती है ।

44. अज्ञानी-मृत्यु

बालाणं अकामं तु मरणं असइं भवे ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 117]

– *उत्तराध्ययन - 5/3*

मूर्खों की मृत्यु बार-बार होती है ।

45. भौतिक दृष्टि

न मे दिट्ठे परे लोए, चक्खूदिट्ठा इमा रई ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 118]

— *उत्तराध्ययन - 5/5*

अज्ञानी जन ऐसा कहते हैं कि परलोक तो हमने देखा नहीं है, किन्तु यह विद्यमान काम-भोग का आनन्द तो चक्षु-दृष्ट है अर्थात् प्रत्यक्ष आँखों के सामने है।

46. काम से संक्लेश

कामभोगाणुराएणं केसं संपडिवज्जइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 118]

— *उत्तराध्ययन 5/7*

काम-भोग से जीव क्लेश पाता है।

47. अज्ञानी शोकाकुल

जहा सागडिओ जाणं, समं हिच्चा भहापहं ।
विसमं मग्गमोइण्णो, अक्खे भगम्मि सोयइ ॥
एवं धम्मं विउक्कम्म, अहम्मं पडिवज्जिया ।
बाले मच्चु-मुहं पत्ते अक्खे भग्गे व सोयई ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 120]

— *उत्तराध्ययन 5/14/15*

जैसे-कोई गाड़ीवान् समतल राजपथ को जानता हुआ भी उसे छोड़कर विषम दुरुह मार्ग से चल पड़ता है और गाड़ी की धूरी टूट जाने के पश्चात् शोकाकुल होता है, वैसे ही धर्म का उल्लंघन कर जो अज्ञानी अधर्म के कुमार्ग को स्वीकार कर लेता है। वह मृत्यु के मुख में पड़ने पर उसी प्रकार शोक करता है जिसप्रकार धूरी टूट जाने पर गाड़ीवान् करता है।

48. भय से संत्रस्त

तओ से मरणंतम्मि बाले संतस्सइ भया ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 120]

— *उत्तराध्ययन - 5/16*

अज्ञानी जीव मरणान्त समय में भय से संत्रस्त होता है।

49. अपेक्षा से श्रेष्ठ कौन ?

सन्ति एगेहिं-भिक्खूहिं गारत्था संजमुत्तरा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 121]

– *उत्तराध्ययन 5/20*

कई भिक्षुओं की अपेक्षा गृहस्थ संयम में श्रेष्ठ होते हैं ।

50. गृहस्थ बनाम साधु श्रेष्ठ

गारत्थेहिय सव्वेहिं, साहवो संजमुत्तरा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 121]

– *उत्तराध्ययन - 5/20*

सभी गृहस्थों की अपेक्षा साधुगण संयम में श्रेष्ठ होते हैं ।

51. बाह्योपकरण रक्षक नहीं

चीरा जिणं निगिणिणं, जडि-संघाडि-मुंडिणं ।
एयाणि वि न तायंति, दुस्सीलं परियागतं ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 121]

– *उत्तराध्ययन 5/21*

चीवर, मृगचर्म, नग्नता, जटाएँ, कन्था (चिथड़ों से बनी हुई गुदड़ी) और सिरमुंडन-ये सारे बाह्य उपकरण आचारहीन साधक की रक्षा नहीं कर सकते ।

52. सुव्रती

गिहवासोऽवि सुव्वओ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 122]

– *उत्तराध्ययन 5/24*

धर्म-शिक्षा सम्पन्न गृहस्थ गृहवास में भी सुव्रती है ।

53. दिव्यगति

भिक्खाए वा गिहेत्थे वा सुव्वए कमति दिवं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 122]

– *उत्तराध्ययन* - *5/22*

चाहे भिक्षु हो या गृहस्थ हो, जो सदाचारी है; वह देवगति पाता है।

54. आत्मा प्रसन्न कैसे ?

तुलिया विसेसमायाय दयाधम्मस्स खंतिए।
विप्पसीएज्ज मेधावी, तहा भूएण अप्पणा ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 123]
– *उत्तराध्ययन 5/30*

मेधावी साधक पहले अपने आपको तोले। उसके बाद बाल मरण से पण्डित मरण की विशेषता जानें और फिर सकाम मरण को स्वीकार कर दयाप्रधानधर्म क्षमादि गुणों के द्वारा अपनी आत्मा को प्रसन्न रखें।

55. अनुद्विग्न

न संतसंति मरणन्ते सीलवंता बहुस्सुआ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 123]
– *उत्तराध्ययन* - *5/29*

बहुश्रुत ज्ञानी और सदाचारी साधक मृत्युकाल में भी उद्विग्न नहीं होते हैं।

56. धर्म

धम्ममायाणह।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 124]
– *आचारांग* - *1/8/1/202*

धर्म को समझो।

57. कर्म-बन्धन से मुक्त

जे निव्वुडा पावेहिं कम्मेहिं अणियाणा ते वियाहिया।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 124]
एवं [भाग 7 पृ. 494]
– *आचारांग* - *1/4/3*

जो पाप-कर्मों से निवृत्त हैं, वे निदान रहित कर्म बन्धन के मूल से मुक्त कहे गए हैं ।

58. धर्म कहाँ ?

गामे वा अदुवा रण्णे, नेव गामे नेव रण्णे धम्ममाऽऽयाणह ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 124]

– *आचारांग 1/8/1/202*

धर्म गाँव में होता है अथवा जंगल में ? वस्तुतः वह न तो गाँव में होता है और न ही जंगल में । वह तो आत्मा में है अर्थात् सम्यग् आचरण को धर्म जानो ।

59. जीव-हिंसा

जे वेऽन्ने एएहिं काएहिं दंडं समारंभंति,
तेसिं पि वयं लज्जामो ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 124]

– *आचारांग - 1/8/1/203*

यदि कोई अन्य भिक्षु भी जीव-निकाय की हिंसा करते हैं तो उनके इस जघन्य कार्य से भी हम लज्जित होते हैं ।

60. देह की पुष्टि और क्षीणता

आहारोवचया देहा परिसहा पभंगुरा ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 126]

– *आचारांग - 1/8/3/210*

शरीर आहार से बढ़ता है; पुष्ट होता है और परिषहों से क्षीण होता है ।

61. मैं अकेला

एगो अहमंसि, न मे अत्थि कोइ,
नयाऽहमवि कस्सवि ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 127]

– *आचारांग - 1/8/6/222*

मैं एक हूँ-अकेला हूँ। न कोई मेरा है, और न मैं किसी का हूँ।

62. आत्मा एकाकी

एगागिणमेव अप्पाणं समभिजाणिज्जा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 127]

– *आचारांग - 1/8/6/222*

अपनी आत्मा को एकाकी ही अनुभव करें।

63. जीवन अनाकांक्षा

जीवियं नाभिकंखेज्जा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 130]

– *आचारांग - 1/8/8/19*

पण्डित साधक जीने की आकांक्षा नहीं करें।

64. मृत्यु से निष्काम

मरणं नोवि पत्थए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 130]

– *आचारांग - 1/8/8/19*

पंडित साधक मृत्यु की भी कामना नहीं करें।

65. तितिक्षा

अप्पाहारे तितिक्खए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 130]

– *आचारांग - 1/8/8/18*

साधक अल्पाहार करता हुआ सहनशीलता-तितिक्षाभाव रखें।

66. कषाय-कृशता

कसाये पयणू किच्चा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 130]

– *आचारांग 1/8/8/18*

कषायों को पतला (कृश) करें।

67. मृत्यु कला के सम्यग्वेत्ता

दुविहं पि विइत्ताणं, बुद्धा धम्मस्स पारगा ।
अनुपुव्वीइ संखाए, आरम्भा य तिउट्टई ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 130]
— *आचारांग - 1/8/8/17*

धर्म के सम्यग्वेत्ता प्रबुद्ध साधक बाह्य और आभ्यन्तर तप का आचरण करके अथवा पंडित और अपण्डित द्विविध मरणों समझ कर यथाक्रम से संयम का पालन करते हुए मृत्यु के समय को जान कर शरीर पोषण रूप आरम्भों से मुक्त होते हैं ।

68. धर्मवेत्ता

बुद्धा धम्मस्स पारगा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 130]
— *आचारांग - 1/8/8/17*

प्रबुद्ध पुरुष धर्म के पारगामी होते हैं ।

69. जीवन-मृत्यु में अनासक्त

दुहतो वि ण सज्जेज्जा जीविते मरणे तहा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 130]
— *आचारांग - 1/8/8.*

साधक जीवन और मृत्यु दोनों में ही आसक्त न हो ।

70. अध्यात्म-अन्वेषण

अंतो बहिं विउस्सिज्ज अज्झत्थसुद्धमेसए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 131]
— *आचारांग - 1/8/8/20*

बाह्याभ्यन्तर ममत्व का विसर्जन कर साधक विशुद्ध अध्यात्म का अनुसंधान करें ।

71. भिक्षु कैसा हो ?

मज्झत्थो निज्जरापेही समाहिमणुपालए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 131]

– ***आचारांग - 1/8/8/20***

मध्यस्थ अर्थात् समभाव में स्थित और निर्जराकांक्षी भिक्षु समाधि का अनुपालन करें।

72. ग्रन्थियों से मुक्त

गंथेहिं विवित्तेहिं, आउकालस्सपारए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 131]

– ***आचारांग - 1/8/8/26***

साधक को बाह्य और अन्तरंग सभी ग्रन्थियों से मुक्त होकर आयुष्यकाल (जीवन-यात्रा) पूर्ण करना चाहिए।

73. मर्यादा का अनुलंघन

नाइवेलं उवचरे माणुस्से हि वि पुट्ठव ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 131]

– ***आचारांग 1/8/8/23***

मुनि मनुष्यकृत (अनुकूल-प्रतिकूल) उपसर्गों से आक्रान्त होने पर भी मर्यादा का उल्लंघन न करें।

74. मुनि आचार

इंदिएहिं गिलायन्तो, समियं आहरे मुणी ।
तहा विसे अगरिहे, अचले जे समाहिए ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 132]

– ***आचारांग - 1/8/8/29***

इन्द्रियों से क्षीण होने पर भी मुनि समता धारण करें। यदि वह अचल और समाहित है तो परिमित स्थान में शारीरिक चेष्टा करते हुए भी निंद्य नहीं है।

75. नश्वर काम

भेउरेसु ण रज्जेज्जा, कामेसु बहुयरेसु वा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 133]

— *आचारांग - 1/8/8/38*

विविध प्रकार के क्षणभंगुर विपुल काम-भोगों में लिप्त न हो।

76. देहासक्ति-त्याग

वोसिरे सव्वसो कायं, न मे देहे परीसहा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 133]

— *आचारांग - 1/8/8/36*

शरीर का सब तरह से मोह छोड़ दें। परिषह उपस्थित होने पर विचार करे कि मेरी देह पर कोई परिषह है ही नहीं।

77. इच्छा-लोभ-वर्जन

इच्छालोभं न सेविज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 133]

— *आचारांग - 1/8/8/38*

इच्छा और लोभ का सेवन नहीं करना चाहिए।

78. अनासक्त जीवन-यात्रा

सव्वट्ठेहिं अमुच्छिए आउकालस्स पारए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 134]

— *आचारांग - 1/8/8/40*

साधक सभी विषयों में मूर्च्छित नहीं होता हुआ (अनासक्त) जीवन-यात्रा को पूर्ण करें।

79. अविश्वास किसमें ?

दिव्वं मायं न सद्दहे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 134]

— *आचारांग - 1/8/8/39*

भिक्षु दिव्य माया पर भी विश्वास नहीं करें।

80. तितिक्षा

तितिक्खं परमं नच्चा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 134]

– ***आचारांग - 1/8/8/40***

तितिक्षा को सर्वश्रेष्ठ समझो ।

81. सशल्य मृत्यु से भ्रमण

रागदोसाभिहया, ससल्लमरणं मरंति जे मूढ ।
ते दुक्खसल्लबहुला, भमंति संसार कंतारे ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 135]

– ***मरणसमाधि प्रकीर्णक 51***

राग-द्वेष से अभिभूत जो मूढ़ मनुष्य शल्यपूर्वक मरते हैं, वे विविध दु:खरूप शल्यों से पीड़ित होकर संसार रूप अटवी में परिभ्रमण करते हैं ।

82. आलोचना से हल्कापन

कयपावो वि मणूसो आलोइय निंदिय गुरुसगासे ।
होइ अइरेग लहुओ, ओहरिय भरुव्व भारवहो ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 136]

– ***मरणसमाधि प्रकीर्णक - 102***

जैसे-भारवाहक बोझ उतार कर अत्यन्त हल्कापन महसूस करता है, वैसे ही पापी मनुष्य भी गुरु के समीप अपने दुष्कृत्यों की आलोचना-निंदा कर पाप से हल्का हो जाता है ।

83. आराधक नहीं

सुहुमं पि भावसल्लं अणुद्धरित्ता उ जो कुणइ कालं ।
लज्जाइ गारवेण य न हु सो आराहओ भणिओ ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 136]

– ***मरणसमाधिप्रकीर्णक 98***

जो लज्जा अथवा गर्ववश सूक्ष्म भी भावशल्य की शुद्धि नहीं करता है और शल्य सहित ही मर जाता है तो वह आराधक नहीं माना जाता है ।

84. भावशल्य से भ्रमण

जं कुणइ भावसल्लं, अणुद्धरियं उत्तमट्ठकालम्मि ।
दुल्लहं बोहियत्तं, अणंत संसारियत्तं च ॥

तो उद्धरंति गारवरहिया, मूल पुणब्भवलयाणं ।
मिच्छादंसण सल्लं मायासल्लं नियाणं च ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 136]

— *मरणसमाधि प्रकीर्णक - 111-112*

अन्तिम आराधना काल में यदि भावशल्य की शुद्धि नहीं की जाय, तो वह शल्य आत्मा का बड़ा अहित करता है । फलत: आत्मा को बोधि दुर्लभ हो जाती है और उसे दीर्घकाल तक संसार भ्रमण करना पड़ता है । अतएव आत्मार्थी पुरुष गारव का त्याग कर भवलता के मूल मिथ्यादर्शन, मायाशल्य और निदानशल्य की शुद्धि करते हैं ।

85. आनुपूर्वी से आलोचना

जं पुव्वं तं पुव्वं जहाणुपुव्विं जहक्कमं सव्वं ।
आलोइज्ज सुविहिओ कमकालविहि अभिदंतो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 136]

— *मरणसमाधि प्रकीर्णक 105*

सुविहित पुरुष (श्रेष्ठ आचारवाले) को क्रम और कालविधि का भेदन नहीं करते हुए, लगे हुए दोषों की क्रमश: आलोचना करनी चाहिए । जो दोष पहले लगा हो उसकी आलोचना पहले और बाद में लगे दोषों की आलोचना बाद में करें । इसतरह आनुपूर्वी से आलोचना करनी चाहिए ।

86. अनालोचक, अनाराधक

लज्जाए गारवेण य, जे नाऽऽलोयंति गुरुसगासम्मि ।
धम्मं तं पि सुयसमिद्धा न हु ते आराहगा हुंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 136]

— *मरणसमाधिप्रकीर्णक - 103*

जो लज्जावश अथवा गर्व के कारण गुरु के समीप अपने दोषों की आलोचना नहीं करते, वे श्रुत से अतिशय समृद्ध होते हुए भी आराधक नहीं हैं ।

87. ज्ञान बिन चारित्र नहीं

एसा जिणाण आणा, नऽत्थि चरित्तं विणा नाणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 137]

— ***मरणसमाधि - 138***

ज्ञान के बिना चारित्र (आचरण) नहीं होता, ऐसी जिनाज्ञा है ।

88. ज्ञानयुक्त आचरण

नाणसहियं चरित्तं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 137]

— ***मरणसमाधि - 138***

चारित्र ज्ञानपूर्वक होता है ।

89. अन्योन्याश्रित

नाणेण विणा करणं, न होइ नाणंऽपि करणहीणं तु ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 137]

— ***मरणसमाधि - 137***

ज्ञानरहित क्रिया और क्रिया रहित ज्ञान भी नहीं होता ।

90. वही अनशन श्रेष्ठ

सो नाम अणसण तवो, जेण मणोऽमंगलं न चिंतेइ ।
जेण न इंदियहाणी, जेण य जोगा न हायंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 137]

— ***मरणसमाधि - 134***

वह अनशन तप श्रेष्ठ है, जिससे कि मन अमंगल न सोचे । इन्द्रियों की हानि न हो और नित्य प्रति की योगधर्म की क्रियाओं में भी विघ्न न आएँ ।

91. बहुश्रुत-दर्शन चन्द्रवत्

किं ? इत्तो लट्ठयरं, अच्छेरयरं व सुन्दरतरं वा ।
चंदमिव सव्वलोगा, बहुस्सुयमुहं पलोएंति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 137]

— ***मरणसमाधि - 144***

इससे बढ़कर मनोहर सुन्दर और आश्चर्यकारक क्या होगा ? कि लोग बहुश्रुत के मुख को चन्द्रदर्शन की तरह देखते रहते हैं ।

92. दुःखक्षय किससे ?

नाणेण य करणेण य, दोहि वि दुक्खखयं होइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 137]

– *मरणसमाधि 147*

ज्ञान और चारित्र-इन दोनों की साधना से ही दुःख का क्षय होता है ।

93. स्वाध्याय, परम तप

नवि अत्थि नऽवि य होहि ।
सज्झाय समं तवोकम्मं ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 137]
एवं [भाग 7 पृ. 1144]

– *बृहत्कल्पभाष्य 1169*

स्वाध्याय के समान अन्य कोई तप न अतीत में कभी हुआ, न वर्तमान में कहीं है; और न ही भविष्य में कभी होगा ।

94. फिर भी आराधक

एवं उवट्ठियस्सवि आलोए उ विशुद्धभावस्स ।
जं किंचि वि विस्सरियं सहसक्कारेण वा चुक्कं ॥
आराहओ तहवि सो गारवपरिकुंचणामय विहूणो ।
जिणदेसियस्स धीरो सद्दहगो मुत्तिमग्गस्स ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 137]

– *मरणसमाधिप्रकीर्णक - 121-122*

विशुद्ध भावपूर्वक आलोचना के लिए उपस्थित व्यक्ति आलोचना करते हुए यदि स्मरण-शक्ति की कमजोरी के कारण अथवा जल्दबाजी में किसी दोष की आलोचना करना भूल जाय, फिर भी माया, मद एवं गारव से रहित वह धैर्यशाली पुरुष आराधक ही है और वह जिनोपदिष्ट मुक्ति-मार्ग का श्रद्धावान् ही माना जाएगा ।

95. ज्ञान-शिक्षण

नाणं सुसिक्खियव्वं, नरेण लद्धूण दुल्लहं बोहिं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 137]

— ***मरणसमाधि 139***

दुर्लभ-बोधि प्राप्त करके मनुष्य को अच्छी तरह ज्ञान सीखना चाहिए।

96. कषाय विजय उपाय

कोहं खमाइ माणं, मद्दवया अज्जवेण मायं च।
संतोसेण व लोहं, निज्जिण चत्तारि वि कसाए॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 138]

— ***मरणसमाधि प्रकीर्णक 189***

क्रोध को क्षमा से, मान को मृदुता से, माया को ऋजुता से और लोभ को सन्तोष से जीतें। इसप्रकार चारों कषायों को जीतना चाहिए।

97. न सुख, न दुःख

को दुक्ख पाविज्जा ? कस्सय दुक्खेहिं विम्मओ हुज्जा।
को व न लभिज्ज मुक्खं ? रागद्दोसा जइ न हुज्जा॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 139]

— ***मरणसमाधि प्रकीर्णक 139***

यदि रागद्वेष नहीं हो तो संसार में न कोई दुःखी होगा और न कोई सुख पाकर ही विस्मित होगा, बल्कि सभी मुक्त हो जाएँगे।

98. अहितकर्ता, रागद्वेष

नवि तं कुणइ अमित्तो सुट्ठुवि य विराहिओ समत्थोवि।
जं दो वि अनिग्गहिआ, करंति रागो य दोसो य॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 139]

— ***मरणसमाधि प्रकीर्णक 198***

समर्थ शत्रु का भी कितना ही विरोध क्यों न किया जाय, फिर भी वह आत्मा का उतना अहित नहीं करता जितना कि वश में नहीं किए हुए राग-द्वेष करते हैं।

99. त्रिविध-क्षमापना

रागेण व दोसेण व अहवा अवायन्नुणा पडिनिवेसेणं ।
जो मे किंचि वि भणिओ तमहं तिविहेण खामेमि ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 139]
– ***मरणसमाधि प्रकीर्णक 214***

राग-द्वेष, अकृतज्ञता अथवा आग्रहवश मैंने जो कुछ भी कहा है, उसके लिए मैं मन-वचन और काया से सभी से क्षमा चाहता हूँ ।

100. जिन-वचन में अप्रमत्त

जिणवयणम्मि गुणागर ! खणमवि मा काहिसि पमायं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 139]
– ***मरणसमाधि प्रकीर्णक - 205***

हे गुणसागर ! तू जिनवचन में क्षणभर का भी प्रमाद मत कर ।

101. अकेला ही चतुर्गति प्रवास

इक्को जायइ मरइ, इक्को अणुहवइ दुक्कय विवागं ।
इक्को अणुसरइ जीओ, जरमरण चउग्गइ गुविलं ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 140]
– ***मरणसमाधि प्रकीर्णक 243***

जीव अकेला ही जन्ममरण करता है, अकेला ही दुष्कृत-विपाक का अनुभव करता है और अकेला ही जन्ममरण रूप गहन चतुर्गति में परिभ्रमण करता है ।

102. ऐहिक सुख से अतृप्ति

न हु सक्को तिप्पेउं, जीवो संसारिय सुहेहिं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 140]
– ***मरणसमाधि प्रकीर्णक 250***

सांसारिक सुखों से जीव तृप्त नहीं हो सकता ।

103. श्रद्धा से आचरण

जेण विरागो जायइ, तं तं सव्वाऽऽयरेण करणिज्जं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 141]

– *मरणसमाधि प्रकीर्णक 296*

एवं महाप्रत्याख्यान 106

जिस किसी भी क्रिया से वैराग्य की जागृति होती हो, उसका पूर्ण श्रद्धा के साथ आचरण करना चाहिए ।

104. धैर्य से मृत्यु

धीरेण वि मरियव्वं, काउरिसेणऽवि अवस्समरियव्वं ।
तम्हा अवस्समरेण, वरं खु धीरत्तेण मरिउं ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 142]

– *आतुर प्रत्याख्यान 64*

धीर पुरुष को भी एकदिन अवश्य मरना है और कायर को भी । जब दोनों को ही मरना है तो अच्छा है कि धीरता (शान्त-भाव) से ही मरा जाय ।

105. ममत्त्व-त्याग

छिंद ममत्तं सुविहिय ! जइ इच्छसि मुच्चिउ दुहाणं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 144]

– *मरणसमाधिप्रकीर्णक 405*

हे सुविहित ! यदि तू दुःखों से मुक्त होना चाहता है, तो ममत्त्व को दूर कर ।

106. सर्वत्र अकेला ही अकेला

इक्को करेइ कम्मं, फलमवि तस्सेक्कओ समणुहवइ ।
इक्को जायइ मरइ य, परलोयं इक्कओ जाइ ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 148]

– *मरणसमाधिप्रकीर्णक - 586*

आत्मा अकेला जन्म लेता है, अकेला मरता है, अकेला ही कर्म करता है, उसका फल भी अकेला ही अनुभव करता है और परलोक में भी अकेला ही जाता है ।

107. अकेला दुःख-भोक्ता

सयणस्स य मज्झगओ, रोगाभिहओ किलिस्सइ इहगो ।
सयणोऽविय से रोगं, न विरिंचइ नेव नासेइ ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 148]
– ***मरणसमाधिप्रकीर्णक 584***

इस संसार में रोग से पीड़ित जीव स्वजनों के बीच रहा हुआ अकेला ही क्लेश पाता है, किन्तु स्वजनवर्ग भी उसके रोग को न तो दूर कर सकते हैं और न ही समाप्त ।

108. कोई रक्षक नहीं

पुत्ता-मित्ता य पिया, सयणो बंधवजणो अ अत्थो य ।
न समत्था ताएउं, मरणा सिंदाऽवि देवगणा ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 148]
– ***मरणसमाधिप्रकीर्णक 583***

माता-पिता, पुत्र, मित्र, स्वजन-बंधुजन और धन-ये सब व्यक्ति की रक्षा करने में समर्थ नहीं हैं और मरने पर देवगण भी उसे अपनी आशीष से बचा नहीं सकते ।

109. आत्म-चिन्तन

अन्नं इमं सरीरं अन्नोऽहं बंधवाऽवि मे अन्ने !

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 148]
– ***मरणसमाधिप्रकीर्णक 589***

यह शरीर अन्य है, मैं अन्य हूँ और ये बन्धुजन भी अन्य हैं ।

110. परमपद के निकट कौन ?

जह जह दोसोवरमो, जह जह विसएसु होइ वेरग्गं ।
तह-तह वियाणाहि, आसन्नं से पयं परमं ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 149]
– ***मरणसमाधिप्रकीर्णक - 632***

साधक जैसे-जैसे द्वेष से दूर हटता जाता है और जैसे-जैसे उसे विषयों के प्रति वैराग्य होता जाता है, त्यों-त्यों वह मोक्ष के अधिकाधिक निकट पहुँचता जाता है ।

111. पाप-जहर

न हु पावं हवइ हियं, विसं जहा जीवियऽत्थिस्स ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 149]

– *मरणसमाधिप्रकीर्णक* 614

जैसे जीवितार्थी के लिए जहर हितकर नहीं होता, वैसे ही कल्याणार्थी के लिए पाप हितकर नहीं है ।

112. ज्ञान-लगाम

हुंति गुणकारगाइं, सुयरज्जूहिं धणियं नियमियाइं ।
नियगाणि इंदियाइं, जइणो तुरगा इव सुंदता ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 149]

– *मरणसमाधिप्रकीर्णक* 623

ज्ञान की लगाम से नियन्त्रित होने पर अपनी इन्द्रियाँ भी वैसे ही संयमित हो जाती हैं । जैसे-लगाम से नियन्त्रित होने पर तेज दौड़नेवाला घोड़ा ।

113. अनर्थ-मूल

अत्थोमूलं अणत्थाणं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 149]

– *मरणसमाधिप्रकीर्णक* - 703

अर्थ अनर्थों का मूल है ।

114. विचित्र मानव जाति

माणुसजाई बहु विचित्ता ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 150]

– *मरणसमाधि प्रकीर्णक* - 641

मानव-जाति बहुत विचित्र हैं ।

115. दुःखोपशमन में असमर्थ

नऽवि माया नऽवि य पिया, न पुत्तदारा न चेव बंधुजणो ।
न वि य धणं न वि धन्नं, दुक्खमुइन्नं उवसमेंति ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 150]
– *मरणसमाधिप्रकीर्णक 646*

इस संसार में माता-पिता, पुत्र, स्त्री, बंधुजन और धनधान्य भी जीव के उदय में आए हुए दुःख का उपशमन नहीं कर सकते ।

116. अत्राण-अशरण

अम्मा पियरो भाया, भज्ज पुत्ता सरीर अत्थो य ।
भवसागरम्मि घोरे, न हुंति ताणं च सरणं च ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 150]
– *मरणसमाधिप्रकीर्णक 645*

इस घोर संसार-सागर में माता, पिता, भाई, पत्नी, पुत्र, शरीर और धन-इनमें से कोई भी जीव को त्राण और शरण नहीं दे सकते ।

117. किसे प्रयोजन नहीं ?

जस्स न छुहा न तण्हा, न य सी उण्हं न दुक्खमुक्किट्ठं ।
न य असुइयं सरीरं, तस्सऽसणाईसु किं कज्जं ?

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 150]
– *मरणसमाधिप्रकीर्णक - 655*

जिसकी भूख-तृष्णा मिट गई है, जिसे उत्कृष्ट दुःख नहीं है, जिसकी सर्दी-गर्मी समाप्त हो चुकी है और जिसका शरीर अपवित्र नहीं रहा है, उसे भोजन-स्नानादि से क्या प्रयोजन ? अर्थात् कोई प्रयोजन नहीं ।

118. वैर-विस्मृति

अहिंसा प्रतिष्ठायां तत्सन्निधौ वैर-परित्यागः ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 181]
एवं [भाग 6 पृ. 1460]
– *पातंजलयोगदर्शन 2/35*

अहिंसा की पूर्णसाधना होने पर साधक के निकटस्थ प्राणियों में परस्पर वैर-भाव नहीं रहता ।

119. ज्ञान, परममित्र

सज्ज्ञानं परमं मित्रं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 191]

– हारिभद्रीय टीका 26

सद्ज्ञान श्रेष्ठ मित्र है ।

120. अज्ञान, महाशत्रु

अज्ञानं परमो रिपुः ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 191]

– हारिभद्रीय टीका 26

अज्ञान महाशत्रु है ।

121. संतोष, श्रेष्ठ सुख

संतोषः परमं सौख्यं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 191]

– हारिभद्रीय टीका 26

संतोष श्रेष्ठ सुख है ।

122. आकाङ्क्षा, महादुःख

आकाङ्क्षा दुःखमुत्तमम् ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 191]

– हारिभद्रीय टीका 26

आकाङ्क्षा (महत्त्वाकांक्षा) महादुःख है ।

123. मूर्ख, परदोष-परायण

किं एत्तो कट्ठयरं जं मूढो खाणुगंमि अप्फिडिओ ।
खाणुस्स तस्स रुसइण अप्पणो दुप्पओगस्स ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 192]

– आवश्यक निर्युक्ति 9/8

मूर्ख व्यक्ति किसी ठूंठ से टकराने पर उस ठूंठ पर ही क्रोधित होता है, किन्तु अपनी दूषित प्रवृत्ति पर क्रोध नहीं करता ।

124. कामान्ध-परिणाम

ब्रह्मालूनशिरोहरिदृशिसरुक् व्यालुप्त शिश्नोहरः ।
सूर्योऽप्युल्लिखितोऽनलोऽप्यखिल भुक्सोमः कलंकांकितः ॥
स्वरनाथोऽपि विसंस्थूलः खलु वपुः संस्थैरूपस्थैः कृतः ।
सन्मार्ग स्खलनाद् भवन्ति विपदः प्रायः प्रभूणामपि ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 193]
– ***अन्ययोगव्यवच्छेद द्वात्रिंशिका सटीक***

कामान्ध होकर ब्रह्माजी ने अपना शिर कटवाया, विष्णु नेत्र-रोगी बने, महादेवजी का शिरच्छेदन हुआ, सूर्य छीला गया, अग्नि सर्वभक्षी बना, चन्द्रमा सकलंक बना तथा इन्द्र का शरीर सहस्र भाग युक्त बना । सच है सन्मार्ग से पतित हो जाने पर चाहे कितने ही समर्थ व्यक्ति क्यों न हो, वे प्रायः विपद्ग्रस्त हो ही जाते हैं ।

125. तृष्णा का करिश्मा

तृष्णे ! देवि ! विडम्बनेयमखिलालोकस्य युष्मत्कृता।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 193]
– ***अन्ययोग व्यवच्छेद द्वात्रिंशिका सटीक***

हे तृष्णादेवी ! यह विडम्बना ही है कि तुमने इस सम्पूर्ण लोक को अपने अधीन कर लिया है ।

126. श्रावक-स्वरूप

श्रद्धालुतां श्राति पदार्थचिन्तनाद्,
धनानि पात्रेषु वपत्यनारतम् ।
किरत्यपुण्यानि सुसाधु सेवना,
दद्यापि तं श्रावकमाहुरज्जसा ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 219]

– *श्राद्धविधि, 3/72 पृ.*

धर्मसंग्रह 2/121

'श्रा' अर्थात् श्रद्धा-जो तत्त्वार्थ चिन्तन द्वारा श्रद्धालुता को सुदृढ़ करता है। 'व' अर्थात् विवेक-जो निरंतर सत्पात्रों में धन रूप बीज बोता है 'क' अर्थात् क्रिया-जो सुसाधु की सेवा करके पाप-धूलि को दूर फैंकता रहता है, अतः उसे उत्तम पुरुषोंने 'श्रावक' कहा है।

127. दुःख-भोक्ता कौन ?

गब्भाओ गब्भं, जम्माओ जम्मं, माराओ मारं,
णरगाओ णरगं चंडे थद्धे चवले पणियाविभवइ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 243]

– *सूत्रकृतांग 2/2/25*

जाति-कुल आदि का अभिमान करनेवाला, चपल एवं रौद्र परिणामी व्यक्ति एक गर्भ से दूसरे गर्भ को, एक जन्म से दूसरे जन्म को, एक मरण से दूसरे मरण को और एक नरक से दूसरे नरक में दुःखों का भोक्ता बनता है।

128. समय चूकि पुनि का पछताने !

इय दुल्लह लंभं माणुसत्तणं, पाविउण जो जीवो।
न कुणइ पारत्तहियं, सो सोयइ संकमणकाले॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 248]

– *आवश्यकसूत्र 836*

जो जीव दुर्लभता से प्राप्त इस मानवता को पाकर इस जन्म में परहित या पारलौकिक धर्म नहीं करता, उसे मृत्यु के समय पछताना पड़ता है।

129. कायर कौन ?

तं तह दुल्लह लंभं, विज्जुलया चंचलं माणुसत्तं।
लद्धूण जो पमायइ, सो कापुरिसो न सप्पुरिसो॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 248]

– *आवश्यकनिर्युक्ति 840*

बिजली की चमक के समान चंचल दुर्लभ मनुष्यत्व को प्राप्त करके भी जो व्यक्ति प्रमाद का सेवन करता है, वह कायर पुरुष है, न कि सत्पुरुष ।

130. मातृ-गौरव

उपाध्यायान् दशाचार्यः, आचार्याणां शतं पिता ।
सहस्रं तु पितुर्माता, गौरवेणातिरिच्यते ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 251]

– *मनुस्मृति 2/145*

दस अध्यापकों से एक आचार्य महान् हैं, सौ आचार्यों से बढ़कर एक पिता और हजार पिताओं से एक माता महान् हैं ।

131. माया-मृषा त्याज्य

अणुमायं पि मेहावी, मायामोसं विवज्जए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 254]

– *दशवैकालिक - 5/2/49*

आत्मविद् साधक अणुमात्र भी माया-मृषा (दंभ और असत्य) का सेवन न करे ।

132. माया से सरलता

माया विजएणं उज्जुभावं जणयइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 255]

– *उत्तराध्ययन 29/69*

माया को जीत लेने से ऋजुता (सरलभाव) प्राप्त होती है ।

133. मिथ्यात्व-स्वरूप

अदेवे देवबुद्धि र्या, गुरुधीरगुरौ च या ।
अधर्मे धर्मबुद्धिश्च मिथ्यात्वं तद्विपर्ययात् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 274]

— *योगशास्त्र 2/3*

जिसमें देवों के गुण न हो, उसमें देवत्व बुद्धि, गुरु के गुण न हो, उसमें गुरुत्व बुद्धि और अधर्म में धर्मबुद्धि रखना मिथ्यात्व है। सम्यक्त्व से विपरीत होने के कारण यह 'मिथ्यात्व' कहलाता है।

134. समता से मुक्ति

आ-संबरो अ सेयंबरो अ बुद्धो य अहव अन्नो वा।
समभावभाविअप्पा, लहेइ मुक्खं न संदेहो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 276]

— *सम्बोधसत्तरि - 2*

व्यक्ति चाहे दिगम्बर हो या श्वेताम्बर हो, बौद्ध हो या अन्य बौद्धेतर क्यों न हो, जबतक उसमें समताभाव की प्राप्ति नहीं होती तबतक मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती। समता भाव प्राप्त होते ही अवश्य मोक्ष प्राप्त होता है। इसमें कोई सन्देह नहीं।

135. सूर्य छिपे नहीं, बादल छाये

सुट्ठुवि मेहसमुदये, होइ पहा चंदसूराणं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 277]

— *नंदीसूत्र 75*

घने मेघावरणों के भीतर भी चन्द्र-सूर्य की प्रभा कुछ-न-कुछ प्रकाशमान् रहती ही है।

136. मिथ्याचार से दूर

बाह्येन्द्रियाणि संयम्य, यः आस्ते मनसा स्मरन्।
इन्द्रियार्थान् विमूढात्मा, मिथ्याचारः स उच्यते ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 278]

— *भगवद्गीता - 3/6*

हे अर्जुन ! वे व्यक्ति मिथ्याचारी दंभी कहे गए हैं, जो बाह्य रूप से इन्द्रियों का दमन कर संयम का दिखावा करते हैं और मन से इन्द्रिय-विषय-भोगों का स्मरण करते हैं। ऐसे मूढ़ बुद्धि व्यक्ति इन्द्रियों के ज्ञान में विमूढ़ हैं। इन्द्रियाँ ऐसे व्यक्ति को ही विषयों की ओर आसक्त कर सकती हैं। अतः इसप्रकार के मिथ्याचार से दूर रहना ही सच्चे संयमी का लक्षण है।

137. परमोत्कृष्ट योगबीज

जिनेषु कुशलचित्तं, तन्नमस्कार एव च ।
प्रणमादि च संशुद्धं; योगबीजमनुत्तमम् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 283]
– ***योगदृष्टिसमुच्चय** 23 (द्वा. 21 द्वा.)*

अर्हन्तों के प्रति शुभभावमय चित्त; उन्हें नमस्कार तथा मानसिक, वाचिक और कायिक शुद्धिपूर्ण नमन आदि भक्ति-भावमय प्रवृत्ति परमोत्कृष्ट योगबीज हैं।

138. मूर्ख कौन ?

शाठ्येन मित्रं कलुषेण धर्मं, परावमानेन समृद्धिभावम् ।
सुखेन विद्यां परुषेण नारीं, वाञ्छन्ति ये नूनमपंडितास्ते ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 285]
– ***नराभरण** - 6*

धूर्तता से मित्रता, कलुषता से धर्म, दूसरे के अपमान से सम्पत्ति, सुख से विद्या और कठोरता से नारी को, जो प्राप्त करना चाहते हैं; वे मूर्ख हैं।

139. जैसा संग वैसा रंग

जो जारिसेण मित्तीं, करेइ अचिरेण [सो] तारिसो होइ ।
कुसुमेहिं सह वसन्ता, तिलावि तग्गंधिया हुंति ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 285]
– ***आवश्यकबृहद्वृत्ति** 3 **अध्ययन***

जो जैसी मित्रता करता है वह शीघ्र ही वैसा ही हो जाता है। जैसे फूलों के साथ रहने पर तिल भी उसके समान गंधवाले हो जाते हैं।

140. जाना है एकदिन

चइत्ताणं इमं देहं, गन्तव्वमवसस्स मे ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 294]

– ***उत्तराध्ययन - 19/16***

इस शरीर को छोड़कर एकदिन मुझे अवश्य जाना है ।

141. दु:ख भाजन शरीर

दुक्ख केसाण भायणं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 294]

– ***उत्तराध्ययन - 19/12***

यह शरीर दु:खों और क्लेशों का भाजन है ।

142. अशाश्वत-निवास

असासया वासमिणं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 294]

– ***उत्तराध्ययन - 19/12***

यह शरीर आत्मा का अशाश्वत निवासस्थान है ।

143. क्षणभर भी आनंद नहीं !

माणुसत्ते असारम्मि, वाहि-रोगाण आलए ।
जरा-मरण घत्थम्मि, खणं पि न रमामहं ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 294]

– ***उत्तराध्ययन - 19/14***

यह मनुष्य-शरीर असार है, व्याधि और रोगों का घर हैं तथा जरा व मृत्यु से ग्रस्त हैं । अत: इसमें मुझे एक क्षण भी आनन्द नहीं मिल रहा है ।

144. पाथेय बिन दु:खी

अद्धाणं जो महंतं तु, अप्पाहेओ पवज्जई ।
गच्छन्तो सो दुही होई, छुआ तण्हाइ पीडिओ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 294]

— *उत्तराध्ययन 19/18*

जो पथिक जीवन की इस लम्बी यात्रा में बिना पाथेय लिए लम्बे मार्ग पर चल देता है, वह आगे जाता हुआ भूख और प्यास से पीड़ित होकर अत्यन्त दुःखी होता है।

145. भोग-परिणाम, दुःखद

अम्मतायए भोगा, भुत्ता विसफलोवमा।
पच्छा कडुयविवागा, अणुबंध दुहावहा ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 294]

— *उत्तराध्ययन 19/12*

हे माता-पिता ! मैंने भोग भोग लिए हैं। ये भोगे हुए भोग विषफल के समान हैं, अन्त में कटुफल देनेवाले हैं और निरन्तर दुःखों को लानेवाले हैं।

146. दुःखमय संसार

अहो दुक्खो हु संसारो।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 294]

— *उत्तराध्ययन - 19/15*

निश्चय ही यह संसार चारों ओर से दुःख ही दुःख से भरा है।

147. परिणाम दुःखद

जह किंपाग फलाणं, परिणामो ण सुन्दरो।
एवं भुत्ताण भोगाणं, परिणामो न सुंदरो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 294]

— *उत्तराध्ययन - 19/17*

जैसे किंपाकवृक्ष के फलों का अन्तिम परिणाम सुन्दर नहीं होता, वैसे ही भोगे हुए भोगों का परिणाम भी सुन्दर नहीं होता।

148. दुःख ही दुःख

जम्म दुक्खं जरा दुक्खं, रोगा य मरणाणि य।
अहो दुक्खो हु संसारो, जत्थ कीसंति जंतुणो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 294]

— *उत्तराध्ययन - 19/15*

जन्म दु:ख रूप है, बुढ़ापा, रोग और मृत्यु भी दु:ख रूप है। अरे ! इस संसार में चारों ओर दु:ख ही दु:ख है। जहाँ प्राणी निरन्तर क्लेश पाते रहते हैं।

149. शरीर कैसा ?

इमं सरीरं अणिच्चं, असुइं असुइसंभवं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 294]

— *उत्तराध्ययन 19/12*

यह शरीर अनित्य है, अपवित्र है, और अपवित्र वस्तुओं से ही यह उत्पन्न हुआ है।

150. पानी केरा बुलबुला

असासए सरीरम्मि, रइं नोवलभामहं ।
पच्छा पुरा व चइयव्वे, फेण बुब्बुय-सन्निभे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 294]

— *उत्तराध्ययन 19/13*

यह शरीर पानी के बुलबुले के समान क्षणभंगुर है और पहले या पीछे कभी भी इसे छोड़ना ही होगा। मेरी इस अशाश्वत शरीर के प्रति तनिक भी आसक्ति नहीं है।

151. निशिभोजन-त्याग दुष्कर

चउव्विहेऽवि आहारे, राईभोयणं वज्जणा ।
सन्निही संचओ, चेव वज्जेयव्वो सुदुक्करं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

— *उत्तराध्ययन 19/31*

अन्न आदि चतुर्विध आहार का रात्रि में सेवन नहीं करना चाहिए तथा दूसरे दिन के लिए भी रात्रि में खाद्य पदार्थों का संग्रह करना निषिद्ध हैं। अत: रात्रिभोजन का त्याग वास्तव में बड़ा दुष्कर है।

152. श्रमणत्व दुष्कर

जहा तुलाए तोलेउं, दुक्करं मंदरोगिरि ।
तहा निहुअ नीसंकं, दुक्करं समणत्तणं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

— *उत्तराध्ययन 19/42*

जैसे-मेरु-पर्वत को तराजू से तोलना बहुत कठिन कार्य है, वैसे ही निश्चल और निःशंक होकर श्रमणत्व का पालन करना कठिन है ।

153. दमन दुस्तर

जहा भुयाहिं तरिउं, दुक्करं रयणायरो ।
तहा अणुवसन्नेणं, दुक्करं दमसायरो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

— *उत्तराध्ययन 19/43*

जैसे-भुजाओं से समुद्र को तैरना अतिकठिन है, वैसे ही अनुपशान्त व्यक्ति के लिए इन्द्रिय-दमन रूपी समुद्र को पार करना अतिकठिन है ।

154. श्रमणत्व, अग्निपानवत्

जहा अग्गिसिहादित्ता, पाउं होइ सुदुक्करं ।
तहा दुक्करं करेउं जे, तारुण समणंत्तणं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

— *उत्तराध्ययन 19/40*

जैसे-प्रज्ज्वलित अग्नि-शिखा का पान करना अति दुष्कर है, वैसे ही युवावस्था में श्रमण-धर्म का पालन करना अतिकठिन है ।

155. श्रमणत्व, महान् गुरुतरभार

जावज्जीवमविस्सामो, गुणाणं तु महब्भरो ।
गुरुओ लोहभारुव्व, जो पुत्ता होइ दुव्वहो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

— *उत्तराध्ययन 19/37*

इस श्रमण-चर्या में जीवनभर कहीं विश्राम नहीं है। भारी लोहभार की तरह सदा गुणों का महान् गुरुतर भार उठाना बहुत ही मुश्किल है।

156. निर्दोष वस्तु अतिदुष्कर

अणवज्जेसणिज्जस्स गिण्हणा अविदुक्करं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन 19/28*

प्रदत्त वस्तु को भी गवेषणापूर्वक और निर्दोष ही ग्रहण करना अति दुर्लभ है।

157. अहिंसा दुष्कर

पाणाइवायविरइ, जावज्जीवाय दुक्करं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन 19/26*

जीवनभर प्राणियों की हिंसा नहीं करना, बहुत ही कठिन कार्य है।

158. श्रमणत्व दुष्कर

सामण्णं पुत्त दुच्चरं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन - 19/25*

श्रमणधर्म का आचरण अत्यन्त दुष्कर है।

159. लोहे के चने चबाना

जवा लोहमया चेव, चावेयव्वा सुदुक्करं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन - 19/39*

श्रमण जीवन का पालन करना मोम के दाँतों से लोहे के चने चबाना है।

160. आत्मोद्धार हेतु उद्‌गार

जहा गेहे पलितम्मि, तस्स गेहस्स जो पहू ।
सारभंडाणि नीणेइ, असारं अवउज्झइ ॥

एवं लोए पलित्तंमि, जराए मरणेण य ।
अप्पाणं तारइस्सामि, तुब्भेहिं अणुमन्निओ ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]
– *उत्तराध्ययन - 19/23-24*

जैसे घरमें आग लग जाने पर गृहपति मूल्यवान् - सारभूत वस्तुओं को बाहर निकाल लाता है और मूल्यहीन वस्तुओं को वहीं छोड़ देता है, वैसे ही जरा और मृत्यु की अग्नि से प्रज्ज्वलित इस संसार में से मैं भी सारभूत अपनी आत्मा को बाहर निकाल लूँगा अर्थात् उद्धार करूँगा ।

161. संयम दुष्कर

जहा दुक्ख भारेउं जे, होइ वायस्स कुत्थलो ।
तहा दुक्खं करेउं जे, कीवेण समणत्तणं ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]
– *उत्तराध्ययन 19/41*

जैसे-कपड़े के थैले को हवा से भरना कठिन है, वैसे ही कायर व्यक्ति के लिए श्रमण-धर्म का पालन करना भी कठिन कार्य है ।

162. सहस्त्र गुणधारक भिक्षु

गुणाणं तु सहस्साइं, धारेयव्वाइं भिक्खूणा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]
– *उत्तराध्ययन - 19/25*

भिक्षु को हजारों गुण धारण करने होते हैं ।

163. अतिकठिन क्या ?

सव्वारंभ परिच्चाओ, निम्ममत्तं सुदुक्करं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]
– *उत्तराध्ययन 19/30*

सभी हिंसात्मक प्रवृत्तियों और ममत्त्व का त्याग करना अत्यन्त कठिन है ।

164. संयम, बालूमोदक

बालुयाकवले चेव, निरस्साए उ संजमे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन 19/38*

संयम, बालू-रेती के कौर की तरह नीरस है, स्वाद रहित है।

165. शत्रु-मित्र में समता

समया सव्वभूएसु सत्तुमित्तसु वा जगे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन - 19/26*

साधु, जगत् के शत्रु अथवा मित्र सभी जीवों के प्रति समभाव रखते हैं।

166. हितकारी सत्य

भासियव्वं हियं सच्चं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन 19/27*

सदा हितकारी सत्य बोले।

167. अदत्त-त्याग

दंतसोहणमाइस्स, अदत्तस्स विवज्जणं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन 19/27*

और तो क्या ? साधक बिना किसी की अनुमति के दाँत साफ करने के लिए एक तिनका भी नहीं लेता।

168. ब्रह्मचर्य अतिकठिन

दुक्खं बंभव्वयं घोरं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन - 19/33*

घोर ब्रह्मचर्य को धारण करना अतिकठिन है।

169. संयम-साधना, समुद्र तैरना

बाहाहिं सागरो चेव तरियव्वो गुणोयहि ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन* - *19/36*

ज्ञानादि गुणों के सागर-संयम को पार पाने का कार्य भुजाओं से समुद्र तैरने जैसा दुष्कर है ।

170. तपाचरण, असिधारावत्

असिधारागमणं चेव, दुक्करं चरिउं तवो ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन 19/37*

तपाचरण करना तलवार की धार पर चलने जैसा दुष्कर है ।

171. सुखी कौन ?

अद्धाणं जो महंतं तु, सपाहेओ पवज्जई ।
गच्छन्तो सो सुही होइ, छुआ-तण्हा विवज्जिओ ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन 19/21*

जो पथिक लम्बी यात्रा के पथपर अपने साथ पाथेय लेकर चलता है; वह आगे जाता हुआ भूख और प्यास से किञ्चित् भी पीड़ित न होकर अत्यन्त सुखी होता है ।

172. चारित्र दुष्कर

अहीवेगन्त दिट्ठिए, चरित्ते पुत्त ! दुच्चरे ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 295]

– *उत्तराध्ययन 19/38*

जैसे-सर्प एकान्त दृष्टि से चलता है, वैसे ही एकान्त दृष्टि से चारित्र धर्म का पालन करना बहुत ही कठिन कार्य है ।

173. ब्रह्मचर्य दुष्करतम

उग्गं महव्वयं बंभं धारेयव्वं सुदुक्करं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– ***उत्तराध्ययन*** *19/29*

उग्र ब्रह्मचर्य महाव्रत को धारण करना अतिकठिन कार्य है ।

174. धर्मी, सुखी

एवं धम्मंपि काउणं, जो गच्छइ परं भवं ।
गच्छन्तो से सुही होइ, अप्पकम्मे अवेयणे ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– ***उत्तराध्ययन*** *- 19/22*

जो मनुष्य यहाँ भली भाँति धर्म की आराधना करके परलोक जाता है; वह वहाँ अल्पकर्मी तथा पीड़ारहित होकर अत्यन्त सुखी होता है ।

175. अधर्मी, दुःखी

एवं धम्मं अकाऊण, जो गच्छइ परं भवं ।
गच्छन्तो से दुही होइ, वाहीरोगेहिं पीडिओ ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 295]

– ***उत्तराध्ययन*** *- 19/20*

जो मनुष्य बिना धर्माचरण किए परलोक में जाता है, वह वहाँ अनेकानेक रोग और व्याधियों (कष्टों) से पीड़ित होकर अत्यन्त दुःखी होता है ।

176. अनन्त वेदनामय संसार

सरीरामाणसा चेव वेयणाओ अणंतसो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 296]

– ***उत्तराध्ययन*** *19/46*

इस संसार में शारीरिक और मानसिक अनन्त वेदनाएँ हैं ।

177. तृष्णा

इहलोगे निप्पिवासस्स, नऽत्थि किंचिवि दुक्करं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 296]

– ***उत्तराध्ययन*** *19/44*

इस संसार में जिसकी तृष्णा बुझ चुकी है, अभिलाषा-इच्छा शान्त हो गई है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है।

178. पापात्मा की दुर्दशा

दड्ढो-पक्को अ अवसो, पावकम्मेहिं पाविओ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 297]

– *उत्तराध्ययन 19/58*

यह पापात्मा पाप-कर्मों द्वारा आग से जलायी गयी, पकायी गयी और दुःख झेलने के लिए विवश की गयी।

179. जीव-दुर्दशा

कप्पिओ फालिओ छिन्नो, उक्कित्तो अ अणेगसो ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 297]

– *उत्तराध्ययन - 19/63*

यह आत्मा अनेकबार कैंचियों से काटी गयी है, फाड़ी गयी व छेदी गयी है और इसकी चमड़ी भी उधेड़ी गई है।

180. नर्क वेदना-विभीषिका

महब्भयाओ भीमाओ, नरएसु दुहवेयणा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 297]

– *उत्तराध्ययन 19/73*

नरकों में दुःख-वेदनाएँ महान् भयंकर और भीषण होती हैं।

181. नारकीय वेदना अनंत

जारिसा माणुसे लोए तथा दीसंति वेयणा ।
एतो अणंतगुणिया, नरएसु दुक्खवेयणा ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 297]

– *उत्तराध्ययन - 19/74*

मनुष्यलोक में जो वेदनाएँ नजर आ रही हैं; नरकों में उनसे अनन्तगुणी अधिक दुःख-वेदनाएँ हैं।

182. पक्षी-परिचर्या

परिकम्मं को कुणइ, अरण्णे मीगपक्खिणं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 299]

– *उत्तराध्ययन* - *19/77*

जंगलों में रहनेवाले पशु व पक्षियों की परिचर्या-चिकित्सा कौन करता है ?

183. निन्दा-अवज्ञा-वर्जन

नो हीलए नो विय खिंसइज्जा ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 299-1174]

– *उत्तराध्ययन* - *19/84*

एवं दशवैकालिक* - *9/3/12

न तो किसी की निंदा करो और न अवज्ञा ।

184. मुनि का वास्तविक स्वरूप

निम्ममो निरहंकारो, निस्संगो चत्तगारवो ।
समो य सव्वभूएसु, तसेसु थावरेसु य ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 300]

– *उत्तराध्ययन* - *19/90*

मुनि वही है, जिसने ममता को मार डाला है, अहंकार को चकनाचूर कर दिया है, सब प्रकार के परिग्रह का त्याग कर दिया है; बड़प्पन को छोड़ दिया है और जो जंगम तथा स्थावर प्राणी के प्रति समान भाव रखता है।

185. मुनि सबसे मुक्त

गारवेसु कसायसुदंड-सल्ल भएसु य ।
णियतो हास-सोगाओ, अणियाओ अबंधणो ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 300]

– *उत्तराध्ययन 19/92*

मुनि गर्व, कषाय, दण्ड, शल्य, भय, हास्य और शोक से निवृत्त तथा निदान और बंधन से मुक्त होता है ।

186. सर्प-केंचुलीवत् ममत्त्व-त्याग

ममत्तं छिंदइ ताहे, महानागुव्व कंचुयं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 300]

– ***उत्तराध्ययन 19/86***

आत्म-साधक ममत्त्व के बन्धन को वैसे ही तोड़ फैंकता है। जैसे सर्प शरीर पर आई हुई केंचुली को उतार फैंकता है।

187. मुनि वही

लाभालाभे सुहे-दुक्खे, जीविए मरणे तहा ।
समो निंदापसंसासु, तहा माणावमाणओ ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 300]

– ***उत्तराध्ययन 19/91***

जो लाभ-अलाभ, सुख-दुःख, जीवन-मरण, निंदा-प्रशंसा और मान-अपमान में समभाव रखता है, वही वस्तुतः मुनि है।

188. साधु की कसौटी, समता

अणिस्सिओ इहलोए, परलोए अणिस्सिओ ।
वासीचन्दण कप्पो अ, असणे अणसणे तहा ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 300]

– ***उत्तराध्ययन 19/92***

साधु इसलोक और परलोक में निरपेक्ष भावसे रहे। वसुले से काटे जाने पर अथवा चन्दन लगाये जाने पर, भोजन मिलने पर या न मिलने पर हर परिस्थिति में वह समभाव से रहे।

189. श्रमण, आत्मानुशासी

अज्झप्पज्झाण जागेहिं, पसत्थदमसासणे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 300]

– ***उत्तराध्ययन - 19/93***

संयमी साधक अध्यात्म तथा ध्यान-योग से आत्मा का दमन एवं अनुशासन करनेवाला होता है।

190. अनास्रवी श्रमण

अप्पसत्थेहिं दारेहिं, सव्वओ पिहियासवो ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 300]

– *उत्तराध्ययन 19/93*

मुनि कर्म-आगमन के सभी अप्रशस्त द्वारों को सब ओर से बन्द कर अनास्रवी बन जाता है ।

191. दुःखवर्धक क्या ?

वियाणिया दुक्खविवद्धणं धणं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 301]

– *उत्तराध्ययन 19/99*

धन दुःखवर्धक है ।

192. भयावह क्या ?

ममत्तबंधं च महब्भयावहं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 301]

– *उत्तराध्ययन - 19/99*

ममत्त्व का बन्धन अत्यन्त भयावह है ।

193. धर्म-धुरा

सुहावहं धम्मधुरं अणुत्तरं, धारेह निव्वाण गुणावहं महं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 301]

– *उत्तराध्ययन 19/99*

जो सुखावह और निर्वाण के गुणों को देनेवाली है, ऐसी अनुत्तर महान् धर्म-धुरा को धारण करो ।

194. उत्तम चरित्र

तवप्पहाणं चरियं च उत्तमं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 301]

– *उत्तराध्ययन 19/98*

तपोमूलक चारित्र ही श्रेष्ठ चारित्र है ।

195. अन्योन्याश्रित क्या ?

ज सम्मत्तं पासह, तं मोणं पासह ।
जं मोणं पासह, तं सम्मतं पासह ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 309]
– *आचारांग 1/5/3/155*

जो सम्यक्त्व को देखता है, वह मुनित्व को देखता है। जो मुनित्व को देखता है, वह सम्यक्त्व को देखता है ।

196. समत्वदर्शी

पंतं लूहं सेवंति वीरा सम्मत्तदंसिणो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 309]
एवं [भाग 7 पृ. 737]
– *आचारांग 1/2/6/99 – 1//5/3/155*

समत्वदर्शी वीर साधक रुखे-सूखे नीरस आहार का समतापूर्वक सेवन करते हैं।

197. मौन

मुणी मोणं समायाय धुणे कम्मसरीरगं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 309]
एवं [भाग 7 पृ. 737]
– *आचारांग 1/2/6/99*

मुनि मौन (संयम अथवा ज्ञान) को ग्रहण कर कर्मरूप शरीर को धुन डालता है अर्थात् आत्मा से दूर कर देता है ।

198. मुनि कौन ?

मन्यते यो जगत्तत्त्वं स मुनिः परिकीर्तितः ।
सम्यक्त्वमेव मौनं, मौनं सम्यक्त्वमेव च ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 309]
– *ज्ञानसार 13/1*

जो जगत् के स्वरूप का ज्ञाता है, उसे मुनि कहा गया है। अत: सम्यक्त्व ही श्रमणत्व है और श्रमणत्व ही सम्यक्त्व है ।

199. सर्वश्रेष्ठ मौन

सुलभं वागनुच्चारं मौनमेकेन्द्रियेष्वपि ।
पुद्गलेषु अप्रवृत्तिस्तु योगिनां मौनमुत्तमम् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 310]

– *ज्ञानसार 13/7*

वाणी का अनुच्चार रूप मौन एकेन्द्रिय जीवों में भी आसानी से प्राप्त हो सकता है, लेकिन पुद्गलों में मन-वचन, और काया की कोई प्रवृत्ति न हो; यही योगी पुरुषों का सर्वश्रेष्ठ मौन है ।

200. क्रिया, ज्ञानमयी

ज्योतिर्मयी व दीपस्य क्रिया सर्वाऽपि चिन्मयी ।
यस्यानन्यस्वभावस्य तस्य मौनमनुत्तरम् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 311]

– *ज्ञानसार 13/8*

जैसे दीपक की समस्त क्रियाएँ (ज्योति का ऊँचा-नीचा होना, वक्र होना और कम ज्यादा होना) प्रकाशमय होती हैं, वैसे ही आत्मा की सभी क्रियाएँ ज्ञानमयी होती हैं । उस अनन्य स्वभाववाले मुनि का मौन अनुत्तर होता है ।

201. कर्मक्षय से मोक्ष

कृत्स्नकर्मक्षयो मुक्तिः ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 316]

– *द्वात्रिंशत् द्वात्रिंशिका 31/18*

समग्र कर्मों का क्षय हो जाने से मोक्ष प्राप्त होता है ।

202. निर्लोभता-फल

मुत्तीएणं अकिंचणत्तं जणयइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 318]

– *उत्तराध्ययन 29/47*

निर्लोभता से अकिंचनभाव (परिग्रह रहित) की प्राप्ति होती है ।

203. सत्य से सिद्धि

सव्वा उ मंत जोगा सिज्झंति धम्म अत्थकामा य ।
सच्चेण परिग्गहिया, रोगा सोगा य नस्संति ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 326]
– *धर्मसंग्रह अधिकार 2, श्लोक 26 टीका*

सत्य के प्रभाव से सभी मन्त्र, योग, धर्म, अर्थ और काम सिद्ध हो जाते हैं और सारे रोग-शोक भी नष्ट होते हैं ।

204. सत्य सर्वस्व

सच्चं जसस्समूलं, सच्चं विस्सास कारणं परमं ।
सच्चं सग्गद्दारं, सच्चं सिद्धीइ सोपाणं ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 326]
– *धर्मसंग्रह 2/59*

सत्य यश का मूल कारण है, सत्य विश्वास का मुख्य कारण है, सत्य स्वर्ग का द्वार है और सत्य सिद्धि का सोपान है ।

205. सत्य ही भगवान्

तं सच्चं भगवं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]
– *प्रश्नव्याकरण 2/7/24*

सत्य ही भगवान् है ।

206. सत्य, प्रकाशक

सच्चं .... पभासकं भवति सव्वभावाण ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]
– *प्रश्नव्याकरण - 2/7/24*

सत्य-समस्त भावों-विषयों का प्रकाश करनेवाला है ।

207. सत्य ही सारभूत

सच्चं लोगम्मि सारभूयं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

— ***प्रश्नव्याकरण** 2/7/24*

'सत्य' ही लोक में सारभूत तत्त्व है ।

208. सत्य, सौम्य-तेजस्वी

सच्चं......सोमतरं चंदमंडलाओ, दित्ततरं सूरमंडलाओ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

— ***प्रश्नव्याकरण** 2/7/24*

सत्य, चन्द्रमण्डल से भी अधिक सौम्य और सूर्यमण्डल से भी अधिक तेजस्वी है ।

209. कैसा सत्य नहीं बोले ?

सच्चं पि य संजमस्स उवरोहकारकं
किंचि वि न वत्तव्वं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

— ***प्रश्नव्याकरण** 2/7/24*

सत्य भी यदि संयम का घातक हो तो, नहीं बोलना चाहिए ।

210. असत्य के समकक्ष क्या ?

अप्पणो थवणा, परेसु निंदा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

— ***प्रश्नव्याकरण** - 2/7/24*

अपनी प्रशंसा और दूसरों की निंदा भी असत्य के ही समकक्ष है ।

211. सत्य-चमत्कार

सच्चेण य तत्ततेल्ल तउलोह सीसगाइं छिवंति,
धरेंति ण य उज्झंति मणुस्सा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

— ***प्रश्नव्याकरण** - 2/7/24*

सत्यनिष्ठ मनुष्य सत्य के प्रभाव से उबलते हुए तेल, कथीर, लोहे और सीसे को छू लेते हैं, उन्हें हथेली पर रख लेते हैं, फिर भी जलते नहीं हैं ।

212. सत्य-प्रभाव

सच्चेण य उदगसंभमम्मि वि ण बुज्झइ
ण य मरंति थाहं ते लहंति ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]
– *प्रश्नव्याकरण - 2/7/24*

सत्य के प्रभाव से जल का उपद्रव होने पर भी मनुष्य न तो बहते हैं और न मरते ही हैं, अपितु पानी का थाह पा लेते हैं ।

213. सत्यनिष्ठ

सच्चेण य अगणि संभमम्मि वि ण
डज्झंति उज्जुगा मणुस्सा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]
– *प्रश्नव्याकरण 2/7/24*

यह सत्य का ही प्रभाव है कि जलती हुई अग्नि के भयंकर घेरे में पड़े हुए सरल सत्यवादी मनुष्य जलते नहीं हैं ।

214. सत्य पर प्रतिष्ठित

जे विय लोगम्मि अपरिसेसा मंत जोगा जया च विज्जा य ।
जंभगा य अत्थाणि य सत्थाणि य सिक्खाओ य ॥
आगमा य सव्वाइं पि ताइं सच्चे पइट्ठियाइं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]
– *प्रश्नव्याकरण - 2/7/24*

इस लोक में जितने भी मंत्र, योग, जप विद्याएँ, जृंभक, अस्त्र-शस्त्र, शिक्षाएँ और आगम हैं; वे सभी सत्य पर अवस्थित हैं अर्थात् इन सबका मूलाधार सत्य है ।

215. सत्य, लंगर

सच्चेण महा समुद्दमज्झे वि चिट्ठंति
न निमज्जेति मूढाणिया वि पोया ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

— *प्रश्नव्याकरण - 2/7/24*

महासमुद्र के मध्य दिग्भ्रान्त सैनिकों के जहाज सत्य के प्रभाव से स्थिर रहते हैं, वे डूबते नहीं हैं ।

216. सत्य वचन, सत्यं शिवं सुन्दरम्

सच्चवयणं सुद्धं सुचियं सिवं
सुजायं सुभासियं सुव्वयं सुकहियं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

— *प्रश्नव्याकरण - 2/7/24*

यह सत्य वचन शुद्ध है, पवित्र है, शिव है, सुजात है, सुभाषित है, उत्तम व्रतरूप है और सुकथित है ।

217. सत्य कैसा है ?

सच्चं लोगम्मि सारभूयं,
गंभीरतरं महासमुद्दाओ,
थिरतरं मेरु पव्वयाओ,
सोमतरं चंदमण्डलाओ,
दित्ततरं सूरमंडलाओ,
विमलतरं सरयनहतलाओ,
सुरहितरं गंधमायणाओ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

— *प्रश्नव्याकरण 2/7/24*

सत्य ही लोक में सारभूत तत्त्व है, यह महासमुद्र से भी अधिक गंभीर है, मेरुपर्वत से अधिक सुदृढ है, चन्द्रमण्डल से अधिक सौम्य है, सूर्यमण्डल से अधिक प्रदीप्त है, शरदकालीन आकाशतल से अधिक निर्मल है और गन्धमादन पर्वत से भी अधिक सुरभित है ।

218. सत्यव्रत-महिमा

सच्चवयण तव णियम परिग्गहियं
सुगइपहदेसगं य लोगुत्तमं वयमिणं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

– ***प्रश्नव्याकरण*** *2/7/24*

यह सत्य व्रत तप और नियम से स्वीकृत है, सद्गति का पथ-प्रदर्शक है और लोक में उत्तम है।

219. सत्य, सिद्धिदाता

तं सच्चं .... मंतोसहि विज्जा साहणत्थं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

– ***प्रश्नव्याकरण*** *- 2/7/24*

सत्य के प्रभाव से मंत्रौषधि और विद्याओं की सिद्धि होती है।

220. सत्यानुरागी

सा देव्वाणि य देवयाओ करेंति सच्चवयणे रत्ताणं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

– ***प्रश्नव्याकरण*** *2/7/24*

सत्य से आकृष्ट होकर देवता भी सत्यानुरागी व्यक्तियों का सान्निध्य अर्थात् सेवा सहायता करते हैं।

221. साँच को आँच नहीं

पव्वय कडकाहिं मुच्चंते ण मरंति सच्चेण य परिग्गहिया ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

– ***प्रश्नव्याकरण*** *- 2/7/24*

सत्यनिष्ठ मनुष्य को ऊँचे पर्वत-शिखर से नीचे फेंक दिया जाय तो भी वह मरता नहीं है।

222. सत्यनिष्ठ, वन्दनीय-अर्चनीय

मणुगयाणं वंदणिज्जं अमरगणाण अच्चणिज्जं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

– ***प्रश्नव्याकरण*** *- 2/7/24*

सत्यनिष्ठ व्यक्ति, मनुष्यों द्वारा वन्दनीय-स्तवनीय है। इतना ही नहीं, देवगणों के लिए भी वह अर्चनीय होता है।

223. सत्यवादी निरापद

वहबंधाभियोग वेरघोरेहिं पमुच्चंति य
अमित्तमज्झाहि णियंति अणहाय सच्चवाई ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

– ***प्रश्नव्याकरण*** *- 2/7/24*

सत्यवादी मनुष्य घोर वध, बन्धन, सबल प्रहार और वैर-विरोधियों के बीच में से भी मुक्त हो जाते हैं तथा शत्रुओं के चंगुल से बचकर बिना किसी क्षति के सकुशल बाहर निकल आते हैं ।

224. सत्य-कवच

असिपंजरगया समराओ वि णियंति अणहाय सच्चवाई ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 327]

– ***प्रश्नव्याकरण*** *2/7/25*

सत्यवादी मनुष्य चारों ओर से तलवारधारियों के पिंजरे में पड़े हुए भी अक्षत शरीर संग्राम से बाहर निकल आते हैं ।

225. सत्य-अपूर्व महिमा

सत्येनाग्निभवेच्छीतोऽगाधं दत्तेऽम्बु सत्यतः ।
नासिश्छिनत्ति सत्येन, सत्याद् रज्जूयते फणी ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 328]

– ***आगमीय सूक्तावली पृ. 34***

सत्य से अग्नि शीतल हो जाती है, अथाह जल थाह दे देता है अर्थात् डूबोता नहीं है, तलवार काटती नहीं है और सर्प रस्सी के समान बन जाता है ।

226. निर्णीत सत्य वचन

समिक्खियं संजएण कालम्मि य वत्तव्वं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 328-330]

– ***प्रश्नव्याकरण*** *- 2/7/24*

बुद्धि से सम्यक्तया निर्णीत सत्यवचन श्रमण को यथावसर ही बोलना चाहिए ।

227. प्रिय-सत्य बोलो

प्रियं सत्यं वाक्यं हरति हृदयं कस्य न जने ?
गिरं सत्यां लोकः प्रतिपदमिमामर्थयति च ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 328]
– ***प्रश्नव्याकरण-आगमीय सूक्तावली पृ. 34***

प्रिय सत्यवचन किसके मन को आकर्षित नहीं करता ? अर्थात् सभी को मोहित करता है। यह लोक प्रचलित वाणी संसार में कदम-कदम पर सार्थक होती है।

228. सत्य से बढ़कर नहीं !

सत्याद् वाक्याद् व्रतमभिमतं नास्ति भुवने ?

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 328]
– ***प्रश्नाव्याकरण-आगमीय सूक्तावली पृ. 34***

सत्यवचन से बढ़कर इस संसार में अन्य कोई व्रत नहीं है।

229. निर्ग्रन्थ कौन ?

अणुवीयिभासी से णिग्गंथे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 330]
– ***आचारांग - 2/3/15/2***

जो विचारपूर्वक बोलता है, वही सच्चा निर्ग्रन्थ है।

230. बोलो, परपीड़ाकारक नहीं

ण य परस्स पीडाकरं सावज्जं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 330]
– ***प्रश्नव्याकरण - 2/7/25***

पर को पीड़ा उत्पन्न करनेवाला पापयुक्त वचन मत बोलो।

231. क्रोधजेता निर्ग्रन्थ

कोहं परिजाणइ से णिग्गंथे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 330]

— *आचारांग - 2/3*

क्रोध का कटु फल जानकर उसका परित्याग कर देता है, वह निर्ग्रन्थ है।

232. असत्य से दूषित वचन

अणणुवीयि भासी से णिग्गंथे
समावज्जिज्जा मोसं वयणाए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 330]

— *आचारांग -2/3/15/3*

जो निर्ग्रन्थ विचारपूर्वक नहीं बोलता है, उसका वचन कभी-न-कभी असत्य से दूषित हो सकता है।

233. हित-मित प्रिय !

सच्चं च हियं च मियं च गाहगं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 330]

— *प्रश्नव्याकरण - 2/7/25*

ऐसा सत्यवचन बोलना चाहिए, जो हित-मित और ग्राह्य हो।

234. असत्य कब ?

कोहाप्पत्ते-कोही तं समावइज्जा मोसं वयणाए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 330]

— *आचारांग 2/3*

क्रोध का प्रसंग आने पर क्रोधी व्यक्ति आवेशवश असत्य वचन बोल देता है।

235. क्रोधान्ध

कुद्धो...............सच्चं सीलं विणयं हणेज्ज ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 331]

— *प्रश्नव्याकरण 2/7/25*

क्रोध में अंधा हुआ व्यक्ति सत्य, शील और विनय का नाश कर डालता है।

236. लोभी-लालची

लुद्धो लोलो भणेज्ज अलियं ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *प्रश्नव्याकरण 2/7/25*

मानव लोभी और लालची होकर झूठ बोलता है ।

237. लोभी

लोभपत्ते लोभी समावइज्जा मोसं वयणाए ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *आचारांग 2/3*

लोभ का प्रसंग आनेपर लोभी मनुष्य असत्य का आश्रय ले लेता है ।

238. सच्चा निर्ग्रन्थ

लोभं परिजाणइ से णिग्गंथे ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *आचारांग- 2/3/1*

जो लोभ को अच्छीतरह परखना जानता है, वही सच्चा निर्ग्रन्थ साधक है ।

239. अपमान का कारण क्या ?

पर परिभव कारणं च ह्रासं ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *प्रश्नव्याकरण 2/7/25*

परिहास, दूसरों के अपमान-तिरस्कार का कारण होता है ।

240. लोभी झूठों का सरदार

कारणसएसु लुद्धो भणेज्ज अलियं ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *प्रश्नव्याकरण 2/7/25*

लोभी-लालची मनुष्य सैकड़ों प्रयोजनों से झूठ बोलता है ।

241. निर्लोभता

लोभो न सेवियव्वो ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *प्रश्नव्याकरण 2/7/25*

लोभ मत करो ।

242. क्रोधी

कुद्धो चंडिक्किओ मणूसो अलियं भणेज्ज ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *प्रश्नव्याकरण 2/7/25*

क्रोधी मनुष्य रौद्र स्वभावी बन जाता है और ऐसी स्थिति में वह मिथ्याभाषण करता है ।

243. लोभी-लालची प्रवृत्ति

लुद्धो लोलो भणेज्ज अलियं ईड्ढीए व सोक्खस्स व काएण ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *प्रश्नव्याकरण 2/7/25*

लोभी-लालची मनुष्य ऋद्धि-वैभव और सुख केलिए मिथ्याभाषण करता है ।

244. हास्य में निन्दा प्रिय

पर परिवायप्पियं च हासं ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *प्रश्नव्याकरण 2/7/25*

हास्य-परिहास में परकीय निन्दा-तिरस्कार ही प्रिय लगता है ।

245. हास्य-वर्जन

हास ण सेवियंव्वं ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)

- *प्रश्नव्यकरण 2/7/25*

हँसी मत करो ।

246. क्रोध-वर्जन

कोहो ण सेवियव्वो ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *प्रश्नव्याकरण 2/7/25*

क्रोध मत करो ।

247. हास्य

परपीडाकारगं च हासं ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *प्रश्नव्याकरण 2/7/25*

हास्य परपीड़ाकारक होता है ।

248. निर्ग्रन्थ कौन ?

भयं परियाणई से निग्गंथे ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *आचारांग 2/3*

जो साधक भय का दुष्फल जानकर उसका परित्याग कर देता है, वह निर्ग्रन्थ है ।

249. वही निर्ग्रन्थ

हासं परिजाणइ से निग्गंथे ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *आचारांग 2/3*

जो साधक हास्य के अनिष्ट परिणाम को जानकर उसका परित्याग कर देता है, वह निर्ग्रन्थ है ।

250. भय से असत्य

भयापत्ते भीरु समावइज्जा मोसं वयणाए ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** (भाग 6 पृ. 331)
- *आचारांग 2/3*

भय का प्रसंग आनेपर भयभीत व्यक्ति भयाविष्ट होकर असत्य बोल देता है ।

251. हास्य से मिथ्याभाषण

हासापत्ते हासी समावइज्जा मोसं वयणाए ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृं. 331]
- *आचारांग - 2/3*

हँसी-मजाक का प्रसंग आने पर हँसी करने वाला व्यक्ति हास्यवश झूठ बोल देता है ।

252. त्रिविध-मूर्ख

तिविहा मूढा पण्णता तं जहा-णाणमूढा, दंसणमूढा, चरित्तमूढा ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 337]
- *स्थानांग - 3/4/203*

मूर्ख तीन प्रकार के कहे गए हैं - ज्ञान से मूर्ख (ज्ञानहीन), दर्शन से मूर्ख (श्रद्धाहीन) और चारित्र से मूर्ख (आचरणहीन) ।

253. मृत्यु-मूल

मरणस्य मूलं दुःखं ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 337]
- *उत्तराध्ययन सटीक - 32 अ.*

मृत्यु का मूल दुःख है ।

254. अकल्प भी कल्प

णाणातिकारणावेक्ख अकप्पसेवणा कप्पा ।

- **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 340]
- *निशीथ चूर्णि 92*

ज्ञानादि की अपेक्षा से किया जानेवाला अकल्प सेवन भी कल्प है ।

255. दर्प, कल्प कब ?

पमाया दप्पा भवति, अप्पमाया कप्पा भवति ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 340]

– ***निशीथ चूर्णि*** *- 91*

प्रमादभाव से किया जानेवाला अपवाद सेवन दर्प होता है और वही अप्रमादभाव से किया जानेपर कल्प-आचार हो जाता है ।

256. ज्ञान-प्रकाश

णाणुज्जोया साधु ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 355]

– ***निशीथ भाष्य*** *- 225*

बृहत्कल्प भाष्य *- 3453*

साधु ज्ञान का प्रकाश लिए जीवन-यात्रा करता है ।

257. श्रमण-क्रिया क्यों ?

जा चिट्ठा सा सव्वा, संजमहेउं ति होती समणाणं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 360]

– ***निशीथ भाष्य 264***

श्रमणों की सभी चेष्टाएँ-क्रियाएँ संयम के हेतु होती हैं ।

258. दर्पिका-कल्पिका स्वरूप

रागदोसाणुगया तु दप्पिया तु तदभावा ।
आराधणा उ कप्पे, विराधणा होति दप्पेणं ।।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 426]

– ***निशीथभाष्य*** *- 363*

– ***बृह. भाष्य*** *- 4943*

राग-द्वेष पूर्वक की जानेवाली प्रतिसेवना (निषिद्ध आचरण) दर्पिका है और राग-द्वेष से रहित प्रतिसेवना (अपवाद-काल में परिस्थितिवश किया जानेवाला निषिद्ध आचरण) कल्पिका है । कल्पिका में संयम की आराधना है और दर्पिका में विराधना ।

259. अब्रह्मचर्य त्याज्य

अबंभचरियं घोरं, पमायं दुरहिट्ठियं ।
नायरंति मुणी लोए, भेयाययण वज्जिणो ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 426]
– ***दशवैकालिक - 6/15***

जो मुनि संयम-विघातक दोषों से दूर रहते हैं, वे लोक में रहते हुए भी प्रमाद का घर और असेव्य भयंकर अब्रह्मचर्य का कभी आचरण नहीं करते ।

260. अब्रह्मचर्य, महादोषों का स्त्रोत

मूलमेयमहम्मस्स महादोस समुस्सयं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 427]
– ***दशवैकालिक 6/16***

अब्रह्मचर्य अधर्म का मूल और महादोषों का स्रोत स्थान है ।

261. मोक्ष एक

एगे मोक्खे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 431]
– ***स्थानांग 1/1***

आठ कर्मों के नाश की दृष्टि से मोक्ष एक है ।

262. महान् अनर्थकर

तपोधनानां पादेन स्पर्शनं महते अनर्थाय संपद्यते ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 438]
– ***द्वात्रिंशत् द्वात्रिंशिका सटीक 13/6***

तपस्वियों को अपने पैर का स्पर्श हो जाना (पैर की ठोकर लगना) भी महान् अनर्थकारक होता है ।

263. संसार-मोक्ष-हेतु

जे जत्तिया य हेउ भवस्स, ते चेव तत्तिया मोक्खे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 439]

— ***ओघनिर्युक्ति 53***

जो और जितने हेतु संसार के हैं, वे और उतने ही हेतु मोक्ष के हैं ।

264. चरित्र महान्

चरणगुण विप्पहीणो, वुड्ढइ सुबहुंपि जाणंतो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 442]

— ***आवश्यकनिर्युक्ति 97***

जो साधक चारित्र के गुणों से हीन है, वह बहुत से शास्त्र पढ़ लेने पर भी संसार-समुद्र में डूब जाता है ।

265. ज्योतिहीन दीपक

दीवसयसहस्स कोडी वि ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 442]

— ***आवश्यकनिर्युक्ति - 98***

उन करोड़ों दीपकों से भी क्या लाभ है ? जिनमें ज्योति नहीं है ?

266. अन्धे को दीपक दिखाना

सुबहुंपि सुयमहियं, किं काही चरणविप्पहाणस्स ।
अंधस्स जह पलित्ता, दीवसयसहस्स कोडिवि ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 442]

— ***आवश्यकनिर्युक्ति 98***

शास्त्रों का बहुत सा अध्ययन भी चरित्रहीन के लिए किस काम का ? क्या करोड़ों दीपक जला देने पर भी अन्धे को कोई प्रकाश मिल सकता है ?

267. शास्त्र, ज्योति

अप्पं पि सुयमहियं, पगासयं होइ चरणजुत्तस्स ।
एक्को वि जह पइवो स चक्खु अस्सो पयासेइ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 443]

— ***आवश्यकनिर्युक्ति 99***

शास्त्र का थोड़ा सा अध्ययन भी सच्चरित्र साधक के लिए प्रकाश देनेवाला होता है। जिसकी आँखें खुली हैं उसे एक दीपक भी काफी प्रकाश दे देता है।

268.. क्रियाहीन ज्ञान

हय नाणं किया हीणं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 443]

– *आवश्यकनिर्युक्ति* - 201

आचारहीन ज्ञान नष्ट हो जाता है।

269. ज्ञान, भारभूत

जहा खरो चंदणभारवाही,
भारस्स भागी न उ चंदणस्स ।
एवं खु नाणी चरणेण हीणो,
नाणस्स भागी न उ सुग्गईए ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 443]

– *आवश्यकनिर्युक्ति* - 100

जैसे चंदन का भार उठानेवाला गधा सिर्फ भार ढोनेवाला है, उसे चंदन की सुगंध का कोई पता नहीं चलता, इसीप्रकार चरित्रहीन ज्ञानी सिर्फ ज्ञान का भार ढोता है, उसे सद्गति प्राप्त नहीं होती।

270. ज्ञान-क्रिया, अन्ध-पंगुवत्

हयनाणं कियाहीणं, हया अन्नाणओ किया ।
पासंतो पंगुलो दड्ढो, धावमाणो य अंधओ ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 443]

– *आवश्यकनिर्युक्ति* - 201

आचारहीन ज्ञान नष्ट हो जाता है और ज्ञान-हीन आचार। जैसे वन में अग्नि लगने पर पंगु उसे देखता हुआ और अंधा दौड़ता हुआ भी आग से बच नहीं पाता, जलकर नष्ट हो जाता है।

271. संयम, पापरोधक

संजमो य गुत्ति करो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 444]

— ***आवश्यकनिर्युक्ति*** *- 103*

संयम पापों का निरोध करता है ।

272. त्रिवेणी सङ्गम

तिण्हंपि समाओगे मोक्खो जिणसासणे भणिओ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 444]

— ***आवश्यकनिर्युक्ति*** *103*

ज्ञान-तप एवं संयम इन तीनों के समवाय से ही मोक्ष होता है । यही जिनशासन का कथन है ।

273. ज्ञान, प्रकाशक

नाणं पयासयं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 444]

— ***आवश्यकनिर्युक्ति*** *- 103*

ज्ञान प्रकाश करनेवाला है ।

274. तप-विशुद्धि

सोहओ तवो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 444]

— ***आवश्यकनिर्युक्ति*** *- 103*

तप विशुद्धि करता है ।

275. केवलज्ञान कब ?

केवलियनाण लंभोऽनण्णत्थ खए कसायाणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 445]

— ***आवश्यकनिर्युक्ति*** *104*

क्रोधादि कषायों को क्षय किए बिना केवलज्ञान (पूर्ण ज्ञान) की प्राप्ति नहीं होती ।

276. चारित्र, कर्मरोधक

चरित्तेणं निगिण्हाई ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 448]

— *उत्तराध्ययन 28/35*

आत्मा चारित्र से कर्म-द्वारों को रोकती है ।

277. तप-संयम से कर्मक्षय

खवित्ता पुव्व कम्माइं, संजमेण तवेण य ।
सव्वदुक्ख पहीणट्ठा, पक्कमंति महेसिणो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 448]

— *उत्तराध्ययन - 28/36*

समस्त दु:खों से मुक्ति चाहनेवाले महर्षि संयम और तप के द्वारा अपने पूर्वसंचित कर्मों को क्षय कर परम सिद्धि को पाते हैं ।

278. दर्शन से श्रद्धा

सम्मत्तेण य सद्दहे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 448]

— *उत्तराध्ययन - 28/35*

आत्मा दर्शन से श्रद्धा करती है ।

279. तप से शुद्धि

तवेण परिसुज्झइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 448]

— *उत्तराध्ययन - 28/35*

आत्मा तप से पूर्वकृत कर्मों का क्षय करके शुद्ध होती है ।

280. मुक्ति-मार्ग

नाणं च दंसणं चेव, चरित्तं च तवो तहा ।
एस मग्गुत्ति पन्नत्तो, जिणेहिं वरदंसिहिं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 448]

– *उत्तराध्ययन 28/2*

सर्वज्ञ-सर्वदर्शी परमात्मा ने फरमाया है कि ज्ञान, दर्शन, चारित्र और तप की आराधना ही मोक्ष-मार्ग है ।

281. आत्मा, ज्ञाता

नाणेण जाणइ भावे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 448]

– *उत्तराध्ययन 28/35*

आत्मा ज्ञान से पदार्थों को जानती है ।

282. मोह से जन्म-मरण

मोहेण गब्भं मरणाइ एइ, एत्थ मोहे पुणो पुणो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 456]

– *आचारांग 1/5/1/142*

अज्ञानी मोह से बार-बार गर्भ में आता है, जन्म-मरणादि पाता है । इस जन्म-मरण की परम्परा में उसे बार-बार मोह (व्याकुलता) उत्पन्न होता है ।

283. अहं ब्रह्मास्मि

शुद्धात्मद्रव्यमेवाहं, शुद्धज्ञानं गुणो मम ।
नान्योऽहं न ममान्ये, चेत्यहो मोहास्त्रमुल्बणम् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 457]

– *ज्ञानसार - 4/2*

मैं शुद्ध आत्मद्रव्य हूँ और शुद्ध ज्ञान 'मेरा' स्थायी गुण है । मैं उससे अलग नहीं हूँ । उसके बिना अन्य कोई 'मैं' या 'मेरा' नहीं है । इस प्रकार की दृढ मान्यता ही मोह निकन्दन के लिए अतितीक्ष्ण शस्त्र है ।

284. "मैं और मेरा"

अहं ममेति मन्त्रोऽयं मोहस्य जगदान्ध्यकृत् ।
अयमेव हि न पूर्वः, प्रतिमंत्रोऽपि मोहजित् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 457]

– *ज्ञानसार - 4/1*

"मैं' और 'मेरा' इस मोह-मन्त्र ने सारे जगत् को अन्धा बना रखा हैं। इसका विलोम-मन्त्र मोह मात्र को जीतने वाला प्रतिमन्त्र बनता है।

285. पाप-पंक से निर्लिप्त

योे न मुह्यति लग्नेषु, भावेष्वौदयिकादिषु ।
आकाशमिव पङ्केन, नाऽसौ पापेन लिप्यते ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 457]

– *ज्ञानसार - 4/3*

जो जीव लगे हुए औदयिकादि भावों में मोहमूढ नहीं होता है। जैसे कीचड़ से आकाश पोता नहीं जा सकता, वैसे ही वह पापों से लिप्त नहीं होता है।

286. एकत्व भावना

एगोऽहं नऽत्थि मे कोइ, नाहमन्नस्स कस्सवि ।
एवं अदीणमणसो, अप्पाणमणुसासइ ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 457]

– *संथारापोरिसी 11*

मैं अकेला हूँ, न कोई मेरा है और न मैं किसीका हूँ। इसप्रकार अदीनभाव से अपनी आत्मा को अनुशासित करें।

287. अमूढ, अखिन्न

पश्यन्नेव परं द्रव्यं नाटकं प्रतिनाटकम् ।
भवचक्र पुरस्थोऽपि, ना मूढः परिवर्धति ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 457]

– *ज्ञानसार 4/4*

अमूढ़ पुरुष पुद्गल द्रव्य को देखते हुए और भव-चक्र के नाटक प्रति नाटक को देखते हुए भी खिन्न नहीं होता।

288. आत्मा स्फटिकवत्

निर्मल स्फटिकस्येव सहजं रूपमात्मनः ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 458]

– *ज्ञानसार 4/6*

आत्मा का सहज स्वरूप निर्मल स्फटिक रत्न जैसा है।

289. मूढ़ चेता

अमित्रं कुरुते मित्रं, मित्रं द्वेष्टि हिनस्ति च ।
कर्म चारभते दुष्टं, तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 459]

– *धर्मबिन्दु 2/74*

महाभारत (उद्योगपर्व 33/33)

जो शत्रु को मित्र बनाता है, मित्र से द्वेष करता है, उसे हानि पहुँचाता है, बुरे कर्मों का आरम्भ करता है; उसे मूढ चेता कहते हैं।

290. मूढ, मगशैलिया पाषाण

अर्थवन्त्युपपन्नानि, वाक्यानि गुणवन्ति च ।
नैव मूढो विजानाति, मुमूर्षुरिव भेषजम् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 459]

– *धर्मबिन्दु 2/75*

जैसे मरणासन्न व्यक्ति को औषधि का असर नहीं होता वैसे ही मूढ़ को सदुपदेश का कोई असर नहीं होता।

291. मूर्ख, शिलावत्

संप्राप्तः पण्डितः कृच्छ्रं, प्रज्ञया प्रतिबुध्यते ।
मूढस्तु कृच्छ्रमासाद्य, शिलेवाम्भसि मज्जति ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 459]

– *धर्मबिन्दु 2/76*

पंडितजन कष्ट पाकर भी बुद्धि से प्रतिबोध पा जाते हैं अर्थात् शिक्षा देने पर उसे ग्रहण कर लेते हैं, परन्तु मूर्ख कष्ट आ जाने पर शिला की भाँति जलप्रवाह में डूब जाता है।

292. नकली ब्रह्मचारी

अबंभयारी जे केइ, बंभयारिति हं वए ।
गद्दहेव्व गवां मज्झं, विस्सरं नयइ नदं ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 463]

– *दशाश्रुतस्कन्ध 9/12*

जो ब्रह्मचारी न होते हुए भी अपने आपको यह कहे कि "मैं ब्रह्मचारी हूँ", तो वह गायों के समूह के बीच गदर्भ की तरह विस्वर नाद करता है ।

293. महामोह से कर्मबन्ध

धंसेइ जो अभूएणं, अकम्मं अत्तकम्मुणा ।
अदुवा तुम मकासि त्ति महामोहं पकुव्वइ ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 463]

– *दशाश्रुतस्कन्ध - 9/25*

जो अपने किए हुए दुष्कर्म को दूसरे निर्दोष व्यक्ति पर डालकर उसे लांछित करता है कि 'यह पाप तूने किया है' वह महामोह कर्म का बंध करता है ।

294. मिश्रभाषा से कर्मबन्ध

जाणमाणो परीसाए, सच्चमोसा ण भासए ।
अच्छीण डंडोल्लुरए, महामोहं पकुव्वति ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 463]

– *दशाश्रुतस्कन्ध 9/26*

जो सही स्थिति को जानता हुआ भी सभा के बीच में अस्पष्ट एवं मिश्रभाषा (कुछ सच, कुछ झूठ) का प्रयोग करता है, वह महामोह कर्म का बंध करता है ।

295.. सम्पत्ति हरण से कर्मबन्ध

जं णिस्सितो उव्वहइ, जससाऽहि गमेण वा ।
तस्स लुब्भइ वित्तम्मि, महामोहं पकुव्वति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 463]

— ***दशाश्रुतस्कन्ध** - 9/15*

जिसके आश्रय, परिचय तथा सहयोग से जीवन-यात्रा चलती हो, उसकी सम्पत्ति का अपहरण करनेवाला दुष्ट जन महामोह कर्म का बन्ध करता है ।

296. परोपकारी की हत्या से महामोह बंध

बहुजणस्स नेयारं, दीवं ताणं च पाणिणं ।
एयारिसं नरं हंता, महामोहं पकुव्वइ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 463]

— ***दशाश्रुतस्कन्ध** 9/37*

दुःख सागर में डूबे हुए दुःखी मनुष्यों का जो द्वीप के समान सहारा होता है, जो बहुजन समाज का नेता हैं; ऐसे परोपकारी व्यक्ति की हत्या करनेवाला महामोह कर्म का बंध करता है ।

297. गुण-वृद्धि

नाणेणं दसणेणं च चरित्तेणं तवेण य ।
खंतीए, मुत्तीए, वड्ढमाणो भवाहि य ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 496]

— ***उत्तराध्ययन** - 22/26*

ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप, क्षमा और निर्लोभता की ओर सतत बढते रहें ।

298. हिंसा, अश्रेयस्कर

जइ मज्झ कारणा एए, हम्मंति सुबहू जिया ।
न मे एयं तु निस्सेयं, परलोगे भविस्सई ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 496]

— ***उत्तराध्ययन** 22/19*

यदि मेरे कारण से बहुत से जीवों का घात होता है, तो यह इस लोक और परलोक में मेरे लिए किञ्चित् भी श्रेयस्कर नहीं होगा ।

299. वेशमात्र से श्रमणत्व नहीं !

गोवालो भंडवालो वा, जहा तद्दव्वऽणिस्सरो ।
एवं अणीसरो तंपि, सामन्नस्स भविस्ससि ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 498]

– ***उत्तराध्ययन*** *- 22/46*

जिसप्रकार कोई गोपाल गौओं को चराने मात्र से उनका स्वामी नहीं बन सकता अथवा कोई (कोषाध्यक्ष) धन की रक्षा करने मात्र से ही उसका स्वामी नहीं हो सकता ठीक इसीतरह हे शिष्य ! तू भी केवल साधु-वेश की रक्षा-मात्र से ही श्रामण्य का स्वामी नहीं बन सकेगा ।

300. रात्रिभोजन-त्याग

अत्थंगयम्मि आइच्चे, पुरत्थाय अणुग्गए ।
आहार मइयं सव्वं, मणसाऽवि ण पत्थए ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 510]

– ***दशवैकालिक*** *- 8/28*

संयमी आत्मा सूर्यास्त से लेकर पुन: सूर्योदय तक सब प्रकार के आहार की मन से भी इच्छा न करें ।

301. रात्रिभोजन किसके समकक्ष ?

रक्ती भवन्ति तोयानि, अन्नानि पिशितानि च ।
रात्रौ भोजनासक्तस्य, ग्रासे तन्मांसभक्षणात् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 510]

– ***धर्मसंग्रह*** *2/73*

रात्रि भोजन में आसक्त व्यक्ति के ग्रास में किसी जीव के आ जाने से पानी रक्तवत् एवं अन्न माँसवत् हो जाता है ।

302. सूर्यास्त सूतक

मृते स्वजनं मात्रेऽपि सूतकं जायते किल ।
अस्तंगते दिवानाथे, भोजनं क्रियते कथम् ? ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 510]

– *उपदेश प्रासाद - 1*

स्वजन के मरने पर भी सूतक होता है, तो फिर सूर्य के अस्त होने पर (मर जाने पर) भोजन कैसे किया जाए ?

303. रात्रि-भोजन त्याज्य

संति मे सुहुमा पाणा, तसा अदुवा थावरा ।
जाइं राओ अपासंतो, कहमेसणिअं चरे ?

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 510]

– ***दशवैकालिक 6/23***

संसार में बहुत से त्रस और स्थावर प्राणी अत्यन्त सूक्ष्म होते हैं, वे रात्रि में दृष्टिगत नहीं होते तो फिर रात्रि में भोजन कैसे किया जा सकता है ?

304. रात्रि-भोजन-फल

उलूक-काक-मार्जार-गृध-शम्बर शूकराः ।
अहि-वृश्चिक-गोधाश्च जायन्ते रात्रिभोजनात् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 510]

– ***योगशास्त्र - 3/67***

रात्रि भोजन करने से मनुष्य मरकर उल्लू, काक, बिल्ली, गीध, सम्बर, शूकर, सर्प, बिच्छू और गोह आदि अधम गिने जाने वाले तिर्यंचों के रूप में उत्पन्न होते हैं ।

305. वैज्ञानिक दृष्टि से वर्जित

हृन्नाभिपद्म संकोचश्चण्डरोचिरपायतः ।
अतो नक्तं न भोक्तव्यं सूक्ष्मजीवादनादपि ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 510]

– ***योगशास्त्र 3/60***

सूर्यास्त हो जाने पर शरीर स्थित हृदय-कमल एवं नाभि-कमल सिकुड़ जाते हैं और उस भोजन के साथ सूक्ष्म जीव भी खाने में आ जाते हैं । इसलिए भी रात्रि-भोजन नहीं करना चाहिए ।

306. तीर्थ-यात्रा-फल

एक भक्ताशनान्नित्यमग्निहोत्रफलं भवेत् ।
अनस्तभोजननित्यं; तीर्थयात्रा फलं लभेत् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 510]
— *स्कन्दपुराण-कपालमोचनस्तोत्र*

हमेशा एकबार भोजन करने से अग्निहोत्र का फल मिलता है और जो सूर्यास्त के पूर्व भोजन करते हैं, उन्हें हमेशा तीर्थयात्रा का फल मिलता है ।

307. रात्रि-वर्जित कार्य

नैवा हुति र्न च स्नानं, न श्राद्धं देवतार्चनम् ।
दानं वा विहितं रात्रौ, भोजनं तु विशेषतः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 510]
— *योगशास्त्र 3/56*

रात्रि में होम, स्नान, श्राद्ध, देवपूजन या दान करना उचित नहीं है, किन्तु भोजन तो विशेष रूप से निषिद्ध है ।

308. रात्रि-भोजन वर्जित

सव्वाहारं न भुंजंति, निग्गंथा राइ भोअणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 510]
— *दशवैकालिक 6/26*

निर्ग्रंथ मुनि, रात्रि के समय किसी भी प्रकार का आहार नहीं करते।

309. रोगोत्पत्ति-कारण

णवहिं ठाणेहिं रोगुप्पत्ती सिया -
अच्चासणाते
अहितासणाते
अतिणिद्दाए
अतिजागरितेण
उच्चार निरोहेण

पासवण निरोहेण
अद्धाण गमणेणं
भोयण पडिकूलताए
इंदियत्थ विकोवणयाते ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 579]

— *स्थानांग - 9/9/667*

नौ कारणों से रोगों की उत्पत्ति होती हैं। जैसें -

(१) अधिक बैठे रहने से या अधिक भोजन करने से।
(२) अहितकर आसन से बैठने से या अहितकर भोजन करने से।
(३) अति निद्रा से।
(४) अति जागरण से।
(५) मलवेग को रोकने से।
(६) मूत्र के वेग को रोकने से।
(७) अधिक भ्रमण (मार्ग गमन)से।
(८) भोजन की प्रतिकूलता से।
(९) अतिविषय से या कामविकार से।

310. कर्मण की गति न्यारी !

माता भूत्वा दुहिता, भगिनी भार्या च भवति संसारे।
व्रजति च सुतः पितृत्वं, भ्रातृत्वं पुनः शत्रुतां चेव ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 594]

— *प्रशमरति 156*

कर्मानुसार संसार में जीव पूर्वजन्म की माता, जन्मान्तर में बेटी-बहन और पत्नी बनती है....और पुत्र मरकर पिता, भ्राता तथा शत्रु बनता है। इसप्रकार कर्म का चक्र चलता रहता है।

311. यथा आकृति तथा गुण

यथा नेत्रे तथा शीलं, यथा नासा तथार्जवम्।
यथा रूपं तथा वित्तं, यथाशीलं तथा गुणः ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 595]

– *कल्पसुबोधिका सटीक श्लोक 2*

व्यक्ति के जैसे नेत्र होते हैं वैसा ही उसका सदाचार होता है, जैसी नासिका होती है वैसी ही सरलता होती है। जैसा रूप सौन्दर्य होता है वैसा ही धन होता है और जैसा शील-सदाचार होता है, ठीक वैसे ही उसमें गुण होते हैं।

312. गर्जत सो वर्षत नहीं

गर्जति शरदि न वर्षति, वर्षति वर्षासु निःस्वनो मेघः।
नीचो वदति न कुरुते, न वदति साधु करोत्येव ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 697]

– *कल्पसुबोधिका टीका - 1/5*

नीतिद्विषष्टिका (अनुबन्ध - 29)

बादल शरदऋतु में केवल गरजता है, बरसता नहीं और वर्षाऋतु में बिना गरजे ही बरसता है। इसीतरह नीच व्यक्ति बोलता है, करता कुछ नहीं, परन्तु सज्जन पुरुष बोलता नहीं, किन्तु करता है।

313. थोथा चना बाजे घणा

असारस्य पदार्थस्य, प्रायेणाडम्बरो महान्।
न हि स्वर्णे ध्वनिस्तादृग्, यादृक् कांस्ये प्रजायते ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 697]

– *कल्पसुबोधिका टीका 1/5*

यशस्तिलक चंपू 1/35

नि:सार पदार्थ का प्राय: आडम्बर अधिक होता है। सोने की उतनी आवाज नहीं होती, जितनी आवाज काँसी के बर्तन में होती है।

314. हाथ कंगन को आरसी क्या ?

'मातुः पुरो मातुलवर्णनं तत्।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 697]

– *कल्पसुबोधिका 1/5*

माता के सामने मामा का वर्णन करना वाणी का विलास है।

315. जीवाजीवाधार

अजीवा जीव पइट्ठिया, जीवा कम्म पइट्ठिया ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 714]

– *भगवतीसूत्र 1/6*

जड़ पदार्थ जीव के आधार पर रहे हुए हैं और जीव (संसारी प्राणी) कर्म के आधार पर रहे हुए हैं ।

316. न भूतो न भविष्यति

णं एवं भूतं वा भव्वं वा भविस्सति वा,
जं जीवा अजीवा भविस्संति,
अजीवा वा जीवा भविस्संति ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 715]

– *स्थानांग - 10/10/704*

न ऐसा कभी हुआ है, न होता है और न कभी होगा ही कि जो चेतन हैं वे कभी अचेतन-जड़ हो जाएँ और जो जड़-अचेतन हैं वे कभी चेतन हो जाएँ ।

317. पुद्गल-स्वभाव

सुरुवा पोग्गला दुरुवत्ताए परिणमंति ।
दुरुवा पोग्गला सुरुवत्ताए परिणमंति ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 721]

– *ज्ञाताधर्मकथा - 1/12*

सुरुप पुद्गल (सुन्दर वस्तुएँ) कुरुपता में परिणत होते रहते हैं और असुन्दर वस्तुएँ सुरुपता में ।

318. शीलसम्पन्न विनीत

सुविसुद्धसीलजुत्तो पावइ कीत्तिं जसं च इहलोए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 722-1181]

– *धर्मरत्न प्रकरण 1/8*

सुविशुद्ध शील-सदाचार सम्पन्न विनीत व्यक्ति इस लोक में यश कीर्ति पाता है और सबका प्रिय बन जाता है एवं परलोक में भी सद्गति का भागी बनता है ।

319. लोक-स्वरूप

अणंते नितिए लोए, सासए न विणस्सइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 723]

– *सूत्रकृतांग 1/1/4/6*

यह लोक द्रव्य की अपेक्षा से अनंत, नित्य और शाश्वत है । इसका कभी नाश नहीं होता ।

320. कषाय चौकड़ी-वर्जन

उक्कसं जलणं णूमं, मज्झत्थं च विगिंचए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 724]

– *सूत्रकृतांग - 1/1/4/12*

संयमरत साधक क्रोध-मान माया और लोभ का परित्याग करें ।

321. जन्म-मरण-चक्र

माया मेत्ति पिया मे, भगिणी भाया य पुत्तदारा मे ।
अत्थम्मि चेव गिद्धा, जम्ममरणाणि पावंति ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 725]

– *आचारांग निर्युक्ति 186 पृ. 67*

माता-पिता, भगिनी, भ्राता, पत्नी पुत्रादि एवं धन में जो आसक्त हैं, वे जन्म-मरण को प्राप्त करते हैं ।

322. आज्ञारहित मुनि

अणाणाए मुणिणो पडिलेहंति ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 727]

– *आचारांग 1/2/2*

वीतराग आज्ञा से बाहर मुनि विषयों की ओर ताकने लगते हैं ।

323. मोहावृत्त पुरुष

मंदा मोहेण पाउडा ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 727]

– *आचारांग - 1/2/2*

मंदमति मनुष्य मोह से घिरे हुए होते हैं ।

324. मुक्त कौन ?

विमुत्ता हु ते जणा जे जणापारगामिणो ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 727]

– *आचारांग 1/2/2/74*

जो जन कामनाओं को पार कर गए हैं, वे निश्चय ही मुक्त हैं ।

325. निष्काम साधक

लोभमलोभेण दुगुंछमाणे लद्धे कामे नाभिगाहइ ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 727]

– *आचारांग - 1/2/2/74*

अलोभ से लोभ को तिरस्कृत करनेवाला साधक प्राप्त काम-भोगों का भी सेवन नहीं करता ।

326. न घर का न घाट का

एत्थ मोहे पुणो पुणो सन्ना, नो हव्वाए नो पाराए ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 727]

– *आचारांग - 1/2/2/73*

बार-बार मोहग्रस्त होनेवाले व्यक्ति न इस पार आ सकते हैं और न ही उस पार जा सकते हैं ।

327. ज्ञाता-द्रष्टा

विणा वि लोभं नीक्खम एस अकम्मे जाण पासइ ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 727]

– *आचारांग - 1/2/2/75*

जिस साधक ने लोक-परलोक की बिना किसी कामना के निष्क्रमण किया है, प्रव्रज्या ग्रहण की है; वह अकर्म (बन्धन-मुक्त) होकर सब कुछ देखता है; जानता है अर्थात् ज्ञाता द्रष्टा हो जाता है।

328. अस्थिर साधक

अणाणाए पुट्ठावि एगे नियटटंति ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 727]

– *आचारांग - 1/2/2/73*

कुछ साधक संकट आने पर धर्मशास्त्र की अवज्ञा कर वापस घर में भी चले जाते हैं।

329. परिग्रह से अलिप्त

जहेत्थ कुसले नोवलिंपिज्जासि ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 728]

– *आचारांग - 1/2/2/76-1/2/5/91*

आर्य मार्ग पर चलनेवाला कुशल व्यक्ति परिग्रह में लिप्त नहीं होता।

330. जीव, सुखप्रिय

भूएहिं जाण पडिलेह सायं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 729]

– *आचारांग - 1/2/3*

प्रत्येक जीव को सुख/शाता प्रिय है, यह देखो और उसपर सूक्ष्मतापूर्वक विचार करो।

331. न कोई हीन, न कोई महान्

णो हीणे णो अइरित्ते णो अपीहिए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 729]

– *आचारांग 1/2/3*

न तो कोई हीन है और न कोई महान्। इसलिए साधक उच्च गोत्र की स्पृहा न करें।

332. ऊँचं-नीच गोत्र में जन्म

से असइं उच्चगोए, से असइं नीआगोए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 729]

– *आचारांग 1/2/3/77*

यह जीवात्मा अनेक बार उच्च गोत्र में और अनेक बार नीच गोत्र में जन्म ले चुकी है ।

333. न हर्षित, न कुपित

तम्हा पंडिए नो हरिसे नो कुप्पे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 729]

– *आचारांग 1/2/3/77*

साधक को उच्च या निम्न किसी भी परिस्थिति में न हर्षित होना चाहिए और न ही कुपित ।

334. उपदेश

जाइ मरणं परिण्णाय, चरे संकमणे दढे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 731]

– *आचारांग 1/2/3*

जन्म-मरण के स्वरूप को भली भाँति जानकर दृढ़तापूर्वक मोक्ष पथ पर बढ़ते रहें ।

335. मन्दबुद्धि विवेकशून्य

कुराइं कम्माइं बाल पकुव्वमाणे तेण
दुक्खेण संमूढं विप्परियासमुवेइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 731-741]

– *आचारांग 1/2/4, 1/2/3, 1/5/6, 1/5/1*

मंद बुद्धिवाला क्रूर कर्म करता हुआ और उसी दुःख से विवेक शून्य होकर अन्त में विपरीत दशा को प्राप्त होता है ।

336. राग-द्वेषी, भवपार नहीं

अपारंगमा एए नो य पारंगमित्तए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 731]

– *आचारांग 1/2/3*

जो राग-द्वेष को पार नहीं कर पाए हैं, वे संसार-सागर से पार नहीं हो सकते ।

337. मृत्यु, मेहमान

नत्थि कालस्सणागमो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 731]

– *आचारांग 1/2/3*

मृत्यु किसी भी समय आ सकती है । उसके लिए कोई भी क्षण निश्चित नहीं है ।

338. शाश्वत सुखाकांक्षी

इणमेव नावकंखंति जे जणा धुवचारिणो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 731]

– *आचारांग 1/2/3/80*

जो पुरुष शाश्वत सुख-केन्द्र मोक्ष की ओर गतिशील होते हैं, वे ऐसा विपर्यासपूर्ण (सुख के बदले दु:ख पूर्ण) जीवन नहीं चाहते ।

339. भवपार नहीं

अणोहंतरा एए नो य ओहं तरित्तए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 731]

– *आचारांग 1/2/3*

जो मनुष्य वासना के प्रवाह को नहीं तैर सकते हैं, वे संसार के प्रवाह को कभी नहीं तैर सकते ।

340. मूढ़, सत्य-पथ में स्थित नहीं

आयाणिज्जं च आयायतंमि ठाणे न चिट्ठइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 731]

– *आचारांग 1/2/3*

मूढ़ पुरुष सत्य-मार्ग को प्राप्त करके भी उस स्थान में स्थित नहीं हो पाता ।

341. अज्ञ साधक

वितहं पण्पऽखेयन्ने तम्मि ठाणम्मि चिट्ठइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 731]

– *आचारांग 1/2/3/80*

अज्ञानी साधक जब कभी असत्य विचारों को सुन लेता है तो वह उन्हीं में उलझ कर रह जाता है ।

342. किनारे नहीं

अतीरंगमा ए ए नोय तीरं गमित्तए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 731]

– *आचारांग 1/2/3*

इन्द्रिय जन्य काम-भोगों में जो डूबे हुए हैं, वे संसारसागर के तट पर नहीं पहुँच सकते ।

343. लक्ष्मी जाने के मार्ग

तंपि से एगया दायाया विभयंति अदत्तहारो वा अवहरंति रायाणो वा से विलुपंति, णस्सति वा से विणस्सति वा से अगार दाहेण वा से डज्झति ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 731]

– *आचारांग 1/2/3*

जीवन में कभी एक समय ऐसा आता है कि परिग्रहासक्त व्यक्ति द्वारा संग्रहित संपत्ति में से दायाद-बेटे-पोते हिस्सा बँटा लेते हैं, चोर चुरा लेते हैं, राजा उसे छीन लेते हैं या वह अन्य प्रकार (दुर्व्यसनादि) से नष्ट-विनष्ट हो जाती है या कभी गृह-दाह आदि से जलकर भस्म हो जाती है ।

344. तत्त्वद्रष्टा

उद्देसो पासगस्स नऽत्थि ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 732]

– *आचारांग 1/2/3/81*

तत्त्वद्रष्टा को किसी के उपदेश की अपेक्षा नहीं होती है ।

345. देह-अशुचिता

अंतो अंतो पूइ देहंतराणि पासति पूढो वि संवताइं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 733]

– *आचारांग 1/2/5*

मनुष्य इस शरीर के भीतर से भीतर अशुचिता देखता है और शरीर से झरते हुए अलग-अलग अशुचि स्रोतों (अन्तरों) को भी देखता है। पण्डित इसका चिन्तन करें।

346. वीर-प्रशस्ति

एस वीरे पसंसिए, जे बद्धे पडिमोयए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 733]

– *आचारांग 1/2/5/93*

वह वीर प्रशंसा पात्र होता है जो स्वयं को तथा दूसरों को बंधन मुक्त करवाता है।

347. काम, दुर्लंघ्य

कामा दुरतिक्कमा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 733]

– *आचारांग 1/2/5/92*

कामनाओं का पार पाना बड़ा कठिन है।

348. प्रतिकार

जीवियं दुप्पडिबूहगं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 733]

– *आचारांग 1/2/5/92*

नष्ट होते जीवन का कोई प्रतिकार नहीं है।

349. काम की मृगतृष्णा

काम कामी खलु अयं पुरिसे,
से सोयइ जुरइ तिप्पइ परितप्पइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 733]

— *आचारांग 1/2/5/92*

जो पुरुष काम भोग की कामना रखता है किन्तु वह तृप्त नहीं हो सकती, इसलिए वह शोक करता है, शरीर से सूख जाता है, आँसू बहाता है; पीड़ा और पश्चात्ताप से दु:खी होता रहता है ।

350. बाहर भीतर असार

जहा अंतो तहा बाहिं,
जहा बाहिं तहा अंतो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 733]

— *आचारांग 1/2/5/93*

यह शरीर जैसा अन्दरमें असार है, वैसा ही बाहर में है। जैसा बाहर में असार है, वैसा ही अन्दर में असार है ।

351. अजर-अमर मान्यता

अमराइय महासड्ढी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 734]

— *आचारांग 1/2/5*

भोग और अर्थ में महान् श्रद्धा रखनेवाला व्यक्ति स्वयं को अमर तुल्य मानने लगता है ।

352. परित्यक्त काम-भोग

से मइमं परिन्नाय मा य हु लालं पच्चासी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 734]

— *आचारांग 1/2/5/94*

बुद्धिमान् साधक लार चाटनेवाला न बने अर्थात् परित्यक्त भोगों की पुन: कामना न करे ।

353. स्वयंकृत मकड़ी-जाल

सएण विप्पमाएण पूढोवयं पकुव्वइ,
जंसि मे पाणा पव्वहिता ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 735]

– *आचारांग 1/2/6*

मूर्ख मानव अपने अति प्रमाद के कारण जन्म-श्रृंखला का निर्माण करता है जहाँ पर प्राणी अत्यन्त दु:ख भोगते हैं ।

354. स्वकृत व्यथा

सएण दुक्खेण मुढे विप्परियासेइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 735]

– *आचारांग 1/2/6*

मूर्ख व्यक्ति स्वकृत व्यथा से ही विपरीत स्थिति प्राप्त करता है।

355. असत्कर्म त्याज्य

पावकम्मं नेव कुज्जा न कारवेज्जा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 735]

– *आचारांग 1/2/6/96*

पाप कर्म अर्थात् असत्कर्म न स्वयं करे, न दूसरों से करवाए।

356. ममत्त्व विजेता

से हु दिट्ठे पहे मुणी जस्स णत्थि ममाइयं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 736]

– *आचारांग 1/2/6*

जिसके पास ममत्त्व-परिग्रह नहीं है वस्तुत: वही मुनि मोक्ष-मार्ग का द्रष्टा है।

357. वीर निर्विकल्प

अविमणे वीरे तम्हा वीरे न रज्जइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 736]

– *आचारांग 1/2/6*

वीर पुरुष निर्विकल्प होता है, इसलिए वह किसी में रस नहीं लेता है ।

358. ममत्त्व-त्याग

जे ममाइयमइं जहाइ से चयइ ममाइयं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 736]

– *आचारांग 1/2/6/98*

जो ममत्त्व बुद्धि का त्याग करता है । वस्तुत: वही ममत्त्व का त्याग कर सकता है । वही मुनि यथार्थ में पथ का द्रष्टा है, जो किसी भी प्रकार का ममत्त्व भाव नहीं रखता है ।

359. लोकैषणा-त्याग

वंता लोगसन्नं, से मइमं परिक्कमेज्जासि ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 736]

– *आचारांग 1/2/6, 1/2/4 एवं 1/3/1*

बुद्धिमान् पुरुष लोकैषणा को छोड़कर संयम में पुरुषार्थ करें ।

360. वीरसाधक असहिष्णु

णारतिं सहती वीरे, वीरे न सहइ रतिं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 736]

– *आचारांग 1/2/6/98*

वीर साधक संयम के प्रति अरुचि को सहन नहीं करता और विषयों की अभिरुचि को भी सहन नहीं करता ।

361. लोकरंजनार्थ धर्म-त्याग

यथा चिन्तामणिं दत्ते, बठरो बदरीफलैः ।
इहा जहाति सद्धर्मं, तथैव जनरञ्जने ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 740]

– *ज्ञानसार - 23/2*

जैसे कोई मूर्ख बेर के बदले में चिंतामणि रत्न बेच देता है, ठीक वैसे ही कोई मूर्ख लोकरंजन के लिए अमूल्य चिंतामणि रूप अपने धर्म को छोड़ देता है ।

362. विरले आत्मरत्नपारखी

स्तोकाहि रत्नवणिजः स्तोकाश्च स्वात्मसाधका ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 740]

— *ज्ञानसार 23/5*

जैसे रत्न की परख करनेवाले जौहरी बहुत कम होते हैं वैसे ही आत्मोन्नति हेतु प्रयत्न करनेवालों की संख्या न्यून ही होती है ।

363. राजहंसवत् महामुनि

लोकसंज्ञामहानद्यामनुश्रोतोऽनुगा न के ।
प्रतिश्रोतोऽनुगस्त्वेको, राजहंसो महामुनिः ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 740]

— *ज्ञानसार 23/3*

लोकसंज्ञा रूपी महानदी में लोकप्रवाह का अनुसरण करनेवाले भला कौन नहीं है ? प्रवाह-विरुद्ध चलनेवाले राजहंस के समान मात्र मुनीश्वर ही हैं ।

364. ज्ञान का सार

नाणं संजमं सारं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 741]

— ***आचारांग निर्युक्ति 245 पृ. 132***

ज्ञान का सार संयम है ।

365. संयम से निर्वाण

संजमसारं च निव्वाणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 741]

— ***आचारांग निर्युक्ति 245 पृ. 132***

सारभूत चारित्र से निर्वाण पद की प्राप्ति होती है ।

366. जीवन अस्थिर, जलबिन्दुवत्

से पासति फुसियमिव कुसग्गे पणुन्नं निवइयं वाएरियं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 741]

– *आचारांग 1/5/1*

ज्ञानी पुरुष जीवन को कुश की नोक पर टिके हुए अस्थिर और वायु के झोंके से कम्पित होकर गिरे हुए जल-बिंदु की भाँति देखता है ।

367. मुनि, सदा सुखी

लोकसंज्ञोज्झितः साधुः परब्रह्मसमाधिमान् ।
सुखमास्ते गतद्रोह ममतामत्सरज्वरः ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 741]

– *ज्ञानसार 23/8*

जिसका द्रोह, ममता और द्वेष रूपी ज्वर चला गया है तथा जो लोक संज्ञा से रहित परब्रह्म में समाधिस्थ हैं, ऐसे मुनि सदा-सर्वदा सुखी रहते हैं ।

368. सकामी-निष्कामी

गुरु से कामा, तओ से मारं ते,
जओ से मारं ते तओ से दूरे,
नेव से अंतो नेव दूरे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 741]

– *आचारांग 1/5/1/141*

जिसकी कामनाएँ तीव्र होती हैं, वह मृत्यु से ग्रस्त होता है और जो मृत्यु से ग्रस्त होता है; वह शाश्वत सुख से दूर रहता है, परन्तु जो निष्काम होता है; वह न तो मृत्यु से जकड़ा होता है और न शाश्वत सुख से दूर ।

369. सारभूत धर्म

लोगस्स सार धम्मो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 741]

– *आचारांग निर्युक्ति 245 पृ. 132*

समग्र विश्व में सारभूत तत्त्व एकमात्र धर्म है ।

370. सारभूत ज्ञान

धम्मंपि य नाणं सारियं विंति ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 741]

– *आचारांग निर्युक्ति 245 पृ. 132*

धर्म में भी सारभूत तत्त्व ज्ञान है ।

371. मूर्ख-धारणा

एत्थवि बाले परिपच्चमाणे रमति
पावेहिं कम्मेहिं असरणे सरणंति मन्नमाणे ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 742]

– *आचारांग 1/5/1*

मूर्ख दुःखों में पचता रहता है, फिर भी पाप करने में आनंद मानता है, अशरण को भी शरण मानता है ।

372. मोह

एत्थ मोहे पुणो पुणो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 742]

– *आचारांग 1/5/1*

इस जन्म-मरण की परंपरा में मोह बार-बार आकर्षित करता रहता है ।

373. रूपासक्ति-परिणाम

एगे रूवेसु गिद्धे परिणिज्जमाणे एत्थ फासे पुणो पुणो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 742]

– *आचारांग 1/5/1*

जो मनुष्य रूपादि इन्द्रिय-विषयों में आसक्त हैं, वे विषयों में खिंचे जा रहे हैं और इस प्रवाह में बार-बार दुर्गति के दुःखों को भोगते रहते हैं ।

374. कुशल कौन ?

जे छेए सागारियं न सेवइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 742]

– ***आचारांग 1/5/1/144***

जो कुशल है, वह काम-भोग का सेवन नहीं करता।

375. संशय-परिज्ञान

संसयं परिआणओ संसारे परिण्णाए भवइ।
संसयं अपरियाणओ संसारे अपरिण्णाए भवइ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 742]

– ***आचारांग 1/5/1/143***

जिसे संशय का परिज्ञान हो जाता है, उसे संसार के स्वरूप का ज्ञान हो जाता है। जो संशय को नहीं जानता, वह संसार को भी नहीं जान पाता।

376. उठो, प्रमाद मत करो

उट्ठिए नो पमायए।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 743]

– ***आचारांग 1/5/2/146***

जो कर्तव्य-पथ पर उठकर खड़ा हो चुका है, उसे पुन: प्रमाद नहीं करना चाहिए।

377. मनुष्य-रूचि

पूढो छंदा इह माणवा।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 743]

– ***आचारांग 1/5/2/146***

इस संसार में मनुष्य भिन्न-भिन्न विचारवाले हैं।

378. दु:ख-सुख अपना

जाणित्तु दुक्खं पत्तेयं सायं।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 743]

– ***आचारांग 1/2/4/82 एवं 1/2/1/68***

प्रत्येक व्यक्ति का दु:ख-सुख अपना-अपना है।

379. शक्ति-सदुपयोग

नो निहणिज्ज वीरियं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 744]

– *आचारांग 1/5/3/151*

साधक को अपनी शक्ति कभी नहीं छुपाना चाहिए ।

380. समभाव, धर्म

समियाए धम्मे आयरिए पवेइए ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 744]

– *आचारांग 1/8/3/207*

एवं 1/5/3/151

आर्य महापुरुषों ने समभाव में धर्म कहा है ।

381. संशयात्मा, समाधिस्थ नहीं !

वितिगिच्छं समावन्नेणं अप्पाणेणं नो लहइ समाहिं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 745]

– *आचारांग 1/5/5/161*

संशयात्मा को कभी समाधि नहीं मिलती ।

382. मिथ्यादृष्टि

असमियंति मन्नमाणस्स समिआ
वा असमिआ होइ उवहाए ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 747]

– *आचारांग 1/5/5*

व्यवहार वास्तव में सम्यग् हो या असम्यग्, किंतु असम्यक्त्व को माननेवाले के लिए माध्यस्थभाव के कारण वह मिथ्यात्व रूप ही होता है ।

383. आत्मा, शाश्वत

न जायते म्रियते वा कदाचित्
नायं भूत्वा भविता न भूयः ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 747]

— *भगवद्गीता 2/20*

यह आत्मा न जन्म लेता है, न मरता है। एकबार अस्तित्व में आ जाने के बाद उसका अस्तित्व फिर कभी समाप्त नहीं होता।

384. बालभाव

बालभावे अप्पाणं नो उवदंसिज्जा।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 747]

— *आचारांग 1/5/5*

तुम अज्ञान दशा में अपने आपको प्रदर्शित मत करो।

385. सम्यग्दृष्टि

समियंति मन्नमाण समिया वा
असमिया वा समिया होइ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 747]

— *आचारांग 1/5/5*

सम्यग् दृष्टि आत्मा के लिए सत्य हो या असत्य, सभी सत्य रूप में ही परिणत हो जाया करते हैं।

386. तू ही तू !

तुमंसि नाम सच्चेव जं हन्तव्वं ति मन्नसि,
तुमंसि नाम सच्चेव जं अज्जावेयव्वं ति मन्नसि,
तुमंसि नाम सच्चेव जं परियावेयव्वं ति मन्नसि।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 747]

— *आचारांग 1/5/5/164*

जिसे तू मारना चाहता है, वह तू ही है। जिसे तू शासित करना चाहता है, वह तू ही है और जिसे तू परिताप देना चाहता है, वह भी तू ही है। (स्वरूप दृष्टि से सभी चैतन्य एक समान है। यह अद्वैतभाव ही अहिंसा का मूलाधार है।)

387. ऋजु, प्रतिबुद्धजीवी

अंजु चेय पडिबुद्धजीवी तम्हा ण हंता ण विघातए।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 747]

— *आचारांग 1/5/5*

मुनि ऋजु (सरलात्मा) तथा प्रतिबुद्धजीवी होता है। इसलिए वह स्वयं हनन नहीं करता है और नहीं दूसरों से करवाता है।

388. श्रद्धाशील वीर

णिट्ठियट्ठी वीरे आगमेण सया परक्कमे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 748]

— *आचारांग 1/5/6*

निष्ठितार्थी (श्रद्धाशील) वीर पुरुष सदा आगम निर्दिष्ट आदेश - निर्देशानुसार पराक्रम करें।

389. आगमविद्

आवट्टं तु पेहाए एत्थ विरमिज्ज वियवी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 748]

— *आचारांग 1/5/6*

आगमविद् पुरुष संसार चक्र को देखकर विषय-भोगों से दूर रहें।

390. आदेश अनतिक्रमण

निद्देसं नाइवट्टेज्जा मेहावी ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 748]

— *आचारांग 1/5/6*

बुद्धिमान कभी भी जिनेश्वरादि के आदेश-उपदेश का अतिक्रमण नहीं करें।

391. आसक्ति, कर्मास्त्रव द्वार

उड्ढं सोया अहे सोया तिरियं सोया वियाहिया
एए सोया.... अक्खाया जेहिं संगंतिया सह ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 748]

— ***आचारांग 1/5/6/168***

ऊपर (आसक्ति के) स्रोत हैं, नीचे भी वही स्रोत हैं; मध्य में भी वहीं आसक्ति के स्थान हैं। वे कर्मों के आस्रव द्वार कहे गए हैं। इनके द्वारा समस्त प्राणियों में आसक्ति पैदा होती है।

392. आत्मा, अनिर्वचनीय

सव्वे सरा नियट्टंति,
तक्का जत्थ न विज्जइ।
मई तत्थ न गाहिया ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 748]

— ***आचारांग 1/5/6/170***

आत्मा के वर्णन में सब के सब स्वर-शब्द निवृत हो जाते हैं - समाप्त हो जाते हैं। वहाँ तर्क की गति भी नहीं है और न बुद्धि ही उसे ठीक तरह ग्रहण कर पाती है और कोई उपमा भी उसके लिए विद्यमान नहीं है।

393. आत्मा, अवाच्य

अरूपी सता अपयस्सपयं नत्थि।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 749]

— ***आचारांग 1/5/6***

आत्मा अरूपी सत्तावाला है। उसे कहने के लिए कोई शब्द नहीं है। वह वास्तव में अवाच्य है।

394. लोभजय-फल

लोभ विजएणं सन्तोसीभावं जणयइ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 755]

— ***उत्तराध्ययन 29/70***

लोभ को जीतने से संतोष गुण की प्राप्ति होती है।

395. वचन गुप्त कौन ?

वयण विभत्ती कुसलो, वओगयं बहुविहं विआणंतो।
दिवसं पि भासमाणो, तहावि वइगुत्तयं पत्तो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 758]
— *दशवैकालिक निर्युक्ति 291*

जो वचन-कला में कुशल है और वचन की मर्यादा का जानकार है, वह दिनभर भाषण करता हुआ भी 'वचन गुप्त' कहलाता है।

396. वचनगुप्ति-फल

वइगुत्तयाएणं निव्विकारत्तं जणयइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 759]
— *उत्तराध्ययन 29/54*

वचन-गुप्ति से निर्विकार स्थिति प्राप्त होती है ।

397. निर्विकार से ध्यान

निव्वियारेणं जीवे वइगुत्ते अज्झप्पजोगसाहण
जुत्ते यावि भवइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 759]
— *उत्तराध्ययन 29/54*

निर्विकार होने पर जीव सर्वथा वचनगुप्त तथा अध्यात्म योग के साधनभूत ध्यान से युक्त होता है ।

398. वन्दन से लाभ

वंदणाएणं नीयागोयं कम्मं खवेइ ।
उच्चागोयं कम्मं निबंधइ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 770]
— *उत्तराध्ययन 29/10*

वन्दन से आत्मा नीच गोत्र कर्म को क्षय करती है और उच्च गोत्र कर्म का अर्जन करती है ।

399. मनुष्य-वनस्पति तुलना

इमंपि जाइ धम्मयं, एयंपि जाइ धम्मयं ।
इमंपि वुड्ढि धम्मयं, एयंपि वुड्ढि धम्मयं ।
इमंपि चित्तमंत यं, एयंपि चित्तमंत यं ।
इमंपि छिन्नं मिलाति, एयंपि मिलती ।
इमंपि आहारगं, एयंपि आहारगं ।
इमंपि अणिच्चयं, एयंपि अणिच्चयं ।
इमंपि असासयं, एयं पि असासयं ।
इमंपि चयावचइयं, एयंपि चयावचइयं ।
इमंपि विपिरणाम धम्मयं, एयंपि विपरिणाम धम्मयं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 806-807]
— *आचारांग 1/1/5*

यह मनुष्य भी जन्म लेता है, यह वनस्पति भी जन्म लेती है ।
यह मनुष्य भी बढ़ता है, यह वनस्पति भी बढ़ती है ।
यह मनुष्य भी चेतना युक्त है, यह वनस्पति भी चेतनायुक्त है ।
यह मनुष्य शरीर छिन्न होने पर म्लान हो जाता है, यह वनस्पति भी छिन्न होने पर म्लान होती है ।

यह मनुष्य भी आहार करता है, यह वनस्पति भी आहार करती है ।

यह मनुष्य शरीर भी अनित्य है, यह वनस्पति का शरीर भी अनित्य है ।

यह मनुष्य शरीर भी अशाश्वत है, यह वनस्पति शरीर भी अशाश्वत है ।

यह मनुष्य शरीर भी आहार से बढ़ता है और आहार के अभाव में दुर्बल होता है ।

यह वनस्पति शरीर भी उपचित-अपचित (बढ़ता है, दुर्बल) होता है ।

यह मनुष्य शरीर भी विविध अवस्थाओं को प्राप्त होता है और यह वनस्पति शरीर भी विविध अवस्थाओं को प्राप्त होता है ।

400. भोगास्वादी

पुणो पुणो गुणासए वंकसमायरे ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 806]

– *आचारांग 1/1/5*

जो बार-बार इन्द्रियों के विषयों का आस्वादन करता है वह कुटिल आचरणवाला है ।

401. दिखाउ त्यागी

पमत्ते अगारमावसे ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 806]

– *आचारांग 1/5*

जो प्रमादी है, दिखाउ त्यागी है अर्थात् विषय रूपी विष से मूर्च्छित है, वह गृहत्यागी होकर भी वास्तव में गृहवासी ही है ।

402. जैसा योग वैसा बंध

जह जहा अप्पतरा से जोगा,
तहा तहा अप्पतरो से बंधो ।
निरूद्ध जोगिस्स व जो ण होति,
अछिद्दपोतस्स य अम्बुणोधे ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 870]

– *बृह. भाष्य 3926*

जैसे-जैसे मन, वचन व काया के योग (संघर्ष) अल्पतर होते जाते हैं वैसे-वैसे बंध भी अल्पतर होता जाता है । योग चक्र का पूर्णत: निरोध होने पर आत्मा में बंध का सर्वथा अभाव हो जाता है, जैसे समुद्र में रहे हुए अछिद्र जलयान में जलागमन का अभाव हो जाता है ।

403. द्रव्य-भाव हिंसा का स्वरूप

आहच्च हिंसा समितस्स जा उ,
सा दव्वतो होति णं भावतो उ ।

भावे न हिंसा तु असंजतस्स,
जं वा ऽ वि सत्तेण स दाव चेति ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 871]

— ***बृह. भाष्य 3963***

संयमी साधक के द्वारा कभी हिंसा हो भी जाय तो वह द्रव्य हिंसा होती है, भाव हिंसा नहीं, किंतु जो असंयमी है, वह जीवन में कभी किसी का वध न करने पर भी भाव रूप से सतत हिंसा करता रहता है ।

404. व्रती-अव्रती की हिंसा में अन्तर

जाणं करेति एक्को, हिंसमजाणं पुणो अविरतो य ।
तत्थवि बंधविसेसो, महंतरं देसितो समए ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 871]

— ***बृह. भाष्य 3938***

एक अविरत (असंयमी) जानकर हिंसा करता है और दूसरा विरत (संयमी) अनजान में । शास्त्र में इन दोनों के हिंसाजन्य कर्मबंध में महान् अन्तर बताया है अर्थात् तीव्र भावों के कारण जानने वाले का अपेक्षाकृत कर्मबंध तीव्र होता है ।

405. अप्रमत्त, निर्जराभागी

विरतो पुण जो जाणं, कुणति अजाणं च अप्पमत्तो य ।
तत्थ वि अज्झत्त समा, संजायति णिज्जराण चओ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 872]

— ***बृह. भाष्य 3939***

अप्रमत्त संयमी चाहे जान में (अपवाद स्थिति में) हिंसा करे या अनजान में, उसे अन्तरंग शुद्धि के अनुसार निर्जरा ही होगी, बंध नहीं ।

406. बल जैसा भाव

देहबलं खलु वीरियं,
बल सरिसो चेव होति परिणामो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 873]

— बृह. भाष्य 3948

देह का बल ही वीर्य है और बल के अनुसार ही आत्मा में शुभाशुभ भावों का तीव्र या मंद परिणमन होता है।

407. संयमी की प्रवृत्ति निर्दोष

संजम हेऊ जोगो, पउंजमाणो अदोसयं होइ।
जह आरोग्य निमित्तं, गंडच्छेदोव विज्जस्स ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 874]

— बृह. भाष्य 3951

संयम निर्वाह हेतु की जानेवाली प्रवृत्तियाँ निर्दोष होती हैं, जैसे कि वैद्य के द्वारा किया जानेवाला व्रणच्छेद (फोड़े का ओपरेशन) आरोग्य के लिए होने से निर्दोष होता है।

408. असंग्रही साधक

विडमुब्भेइमं लोणं तेल्लं सप्पिं च फाणियं।
न ते सन्निहि मिच्छन्ति, नायपुत्त वओरया ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 887]

— दशवैकालिक 6/17

जो लोग महावीर के वचनों में अनुरक्त हैं वे मक्खन, नमक, तेल, घृत, गुड़ आदि किसी वस्तु के संग्रह करने का मन में संकल्प तक नहीं लाते।

409. परपीड़क सत्यासत्य-वर्जन

अप्पणट्ठा परट्ठा वा, कोहा वा जइ वा भया।
हिंसगं न मूसं बूया, नो वि अन्नं वयावए ॥

— श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 887]

— दशवैकालिक 6/11

निर्ग्रन्थ अपने स्वार्थ के लिए या दूसरों के लिए क्रोध से या भय से किसी प्रसंग पर दूसरों को पीड़ा पहुँचानेवाला सत्य या असत्य वचन न तो स्वयं बोले, न दूसरों से बुलवाए।

410. संयमोपकरण क्यों ?

जं पि वत्थं च पायं वा, कंबलं पायपुच्छनं ।
जं पि संजमलज्जट्ठा, धारन्ति परिहरन्ति य ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 887]
– ***दशवैकालिक 6/20***

जो भी वस्त्र, पात्र, कंबल और रजोहरण हैं, उन्हें मुनि संयम और लज्जा की रक्षा के लिए ही रखते हैं । किसी समय वे संयम की रक्षा के लिए इनका परित्याग भी करते हैं ।

411. संग्रह-वृत्तिः लोभ-प्रवृत्ति

लोहस्सेस अणुप्फासो, मन्ने अन्नयरामवि ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 887]
– ***दशवैकालिक 6/18***

संग्रह करना यह अंदर रहनेवाले लोभ की झलक है ।

412. असत्य, अविश्वसनीय

अविस्सासो य भूयाणं, तम्हा मोसं विवज्जए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 887]
– ***दशवैकालिक 6/13***

असत्य, मनुष्यों के लिए अविश्वास का स्थान है । अतः इसका त्याग करें ।

413. बोलो, असत्य नहीं

हिंसगं न मूसं बूया ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 887]
– ***दशवैकालिक 6/12***

परपीड़ाजनक असत्य मत बोलो ।

414. असत्य निंदनीय

मुसावाओ उ लोगम्मि सव्व साहुहिं गरहिओ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 887]

— ***दशवैकालिक 6/13***

संसार में सभी सत्पुरुषों द्वारा असत्य निंदनीय है।

415. स्वामी अदत्त अग्राह्य

तं अप्पणा न गिण्हंति नो वि गिण्हावए परं।
अन्नं वा गिण्हमाण पि नाणुजाणति संजया॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 887]

— ***दशवैकालिक 6/14***

संयमी साधक बिना पूछे कोई भी वस्तु नहीं उठाता और न दूसरों को लेने के लिए प्रेरणा देता है और न ही लेनेवालों की अनुमोदना करता है।

416. साधु गृहीवत्

जो सिया सन्निहि कामे, गिही पव्वइए न से।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 887]

— ***दशवैकालिक 6/19***

जो साधु होकर सदा संग्रह की भावना रखता है, वह साधु नहीं, किन्तु साधुवेष में गृहस्थ ही है।

417. ज्ञानी, निर्ममत्व

अवि अप्पणो विदेहंमि नायरंति ममाइयं।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 887]

— ***दशवैकालिक 6/22***

और तो क्या, ज्ञानी पुरुष अपने शरीर के प्रति भी ममत्व नहीं रखते।

418. ममत्त्व ही परिग्रह

मुच्छा परिग्गहो वुत्तो।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 887]

— ***दशवैकालिक 6/21***

मूर्च्छा (ममत्वभाव) ही वस्तुतः परिग्रह है।

419. सभी जीव सुख प्रिय

सव्वे जीवा वि इच्छंति, जीविउं न मरिज्जिउं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 888]

– *दशवैकालिक 6/11*

समस्त प्राणी सुखपूर्वक जीना चाहते हैं । मरना कोई नहीं चाहता ।

420. अहिंसा-दर्शन

अहिंसा निउणा दिट्ठा, सव्वभूएसु संजमो ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 888]

– *दशवैकालिक 6/9*

सभी प्राणियों के प्रति स्वयं को संयत रखना-यही अहिंसा का पूर्ण दर्शन है ।

421. प्राणीवध पाप

पाणिवहं घोरं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 888]

– *दशवैकालिक 6/11*

प्राणियों का वध (जीव हिंसा) घोर पाप है ।

422. हिंसा त्याज्य

जावन्ति लोए पाणा, तसा अदुव थावरा ।
ते जाणमजाण वा, न हणे नो विघायए ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 888]

– *दशवैकालिक 6/10*

इस लोक में जितने भी त्रस और स्थावर प्राणी हैं उन सबकी जान-अनजान में हिंसा नहीं करना और न दूसरों से करवाना चाहिए ।

423. हिंसा सर्वत्र त्याज्य

न हणे नो विघायए ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 888]

— *दशवैकालिक 6/10*

ज्ञानीजन न तो स्वयं हिंसा करे और न ही दूसरों से करवाए ।

424. वह वचनगुप्त नहीं

वयण विभत्ति अकुसलो, वओगयं बहुविहं अयाणंतो ।
जइवि न भासइ किंची, न चेव वयगुत्तयं पत्तो ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 891]

— *दशवैकालिक निर्युक्ति 290*

जो वचन-कला में अकुशल है और वचन की मर्यादाओं से अनभिज्ञ है वह कुछ भी न बोले, तब भी 'वचन गुप्त' नहीं हो सकता ।

425. निर्ग्रन्थ-बल क्या ?

आगमबलिया समणा निग्गंथा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 906]

— *व्यवहारसूत्र 10/3*

श्रमण / निर्ग्रन्थों का बल 'आगम' (शास्त्र) ही है ।

426. व्यवहार, बलवान्

ववहारोऽपि हु बलवं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 934]

— *आव. नि. भाष्य 123*

संघ एवं समाज-व्यवस्था में व्यहार ही सबसे बलवान् है ।

427. संघ-व्यवस्था में व्यवहार बलवान्

ववहारो वि हु बलवं, जं छउमत्थं पि वंदइ अरहा ।
जा होई आणाभिणो, जाणंतो धम्मयं एयं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 934]

— *आवश्यक निर्युक्ति भाष्य 123*

संघ-व्यवस्था में व्यवहार महत्त्वपूर्ण है । केवली भी अपने छद्मस्थ गुरु को स्वकर्तव्य समझकर तबतक वंदना करते रहते हैं जबतक कि गुरु उसकी सर्वज्ञता से अनभिज्ञ रहते हैं ।

428. धर्म का मूलः व्यवहार-शुद्धि

ववहार सुद्धि धम्मस्स, मूलं सव्वण्णूभासए ।
ववहारेण तु सुद्धेणं, अत्थसुद्धी तओ भवे ॥
सुद्धेणं चेव अत्थेणं, आहारो होइ सुद्धओ ।
आहारेणं तु सुद्धेणं, देह सुद्धी जओ भवे ॥
सुद्धेणं चेव देहेणं, धम्म जुग्गो अ जायइ ।
जं जं कुणइ किच्चं तु, तं तं ते सफलं भवे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 935]
— ***धर्मसंग्रह सटीक** 2 अधि.*

सर्वज्ञभाषी तीर्थंकर परमात्मा ने धर्म का मूल व्यवहार-शुद्धि बताया है। चूँकि व्यवहार-शुद्धि से अर्थ-शुद्धि होती है। अर्थ-शुद्धि से आहार-शुद्धि होती हे। आहार-शुद्धि से शरीर-शुद्धि होती है और शरीर-शुद्धि से व्यक्ति धर्मयुक्त होता है और धर्मयुक्त होने पर ऐसे व्यक्तियों द्वारा जो-जो कार्य किए जाते हैं, वे सब सफल होते हैं।

429. संकट में धैर्य

ण उच्चावयं मणं णियंछेज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 959]
— *आचारांग 2/3/1*

संकट में मन को ऊँचा-नीचा अर्थात् डाँवाडोल नहीं होने देना चाहिए।

430. गृहस्थ-परिचय निषेध

गिहि संथवं न कुज्जा ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 959]
— *दशवैकालिक 8/2*

श्रमण को गृहस्थ से परिचय-सम्पर्क नहीं करना चाहिए।

431. तुलसी सङ्गत साधु की

कुज्जा साहूहिं संथवं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 959]

– *दशवैकालिक 8/2*

साधुपुरुषों-सज्जनों के साथ सम्पर्क करना चाहिए ।

432. सूत्रार्थ गुरुगम्य

निउणो खलु सुत्तत्थो, ण हु
सक्को अपडिबोधि तो णाउं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 971]

– *नि. भाष्य 5252*

– *बृह. भाष्य 3333*

सूत्र का अर्थ अर्थात् शास्त्र का मूलभाव बहुत ही सूक्ष्म होता है, वह आचार्य के द्वारा प्रतिबोधित हुए बिना नहीं जाना जाता ।

433. सदोष-निर्दोष कब ?

निक्कारणम्मि दोसा, पडिबंधे कारणम्मि निद्दोसा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 973]

– *निशीथ भाष्य 5284*

बिना विशिष्ट प्रयोजन के अपवाद दोष रूप है, किंतु विशिष्ट प्रयोजन की सिद्धि के लिए वही निर्दोष है ।

434. योग्य में योग्य का आधान

जो जस्स उ पाउग्गो, सो तस्स तहिं तु दायव्वो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 974]

– *निशीथ भाष्य 5291*

– *बृह. भाष्य 3370*

जो जिसके योग्य हो, उसे वही देना चाहिए ।

435. करुणाशील अहिंसक

इह संतिगया दविया णावकंखंति जीविउं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1061]

– *आचारांग 1/1/7*

करुणाशील भव्यात्माएँ जीवहिंसा करके जीना नहीं चाहतीं ।

436. अहिंसक समर्थ

पहु एजस्स दुगुंछणाए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1061]

– *आचारांग 1/1/7*

अहिंसक पुरुष वायुकायिक जीवों की हिंसा से निवृत्त होने में समर्थ हो जाता है ।

437. स्वच्छन्दाचारी

आरंभसत्ता पकरेंति संगं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1062]

– *आचारांग 1/1/7*

स्वच्छंदाचारी पुरुष आरंभ में आसक्त होकर नई नई आसक्तियाँ और नए-नए बंधनों को बढ़ाते रहते हैं ।

438. त्रिवाद

शुष्कवादो विवादश्च, धर्मवाद स्तथा परः ।
इत्येष त्रिविधो वादः कीर्तितः परमर्षिभिः ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1081]

– *हारिभद्रीयाष्टक 12/1*

तत्त्वदर्शियों ने तीन प्रकार का वाद कहा है-शुष्कवाद, विवाद और धर्मवाद ।

439. वाचना से निर्जरा

वायणाएणं निज्जरं जणयइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1088]

– *उत्तराध्ययन 29/19*

वाचना (पठन-पाठन) से निर्जरा होती है ।

440. गुप्त रहस्य कब प्रकट करें ?

खेत्त कालं पुरिसं, नउण पगासए गुत्तं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1093]

– *नि. भाष्य 6227*

– *बृह. भाष्य 790*

देश, काल और व्यक्ति को समझकर ही गुप्त रहस्य प्रकट करना चाहिए ।

441. ज्ञान-गरिमा

नाणम्मि असंतम्मि, चरित्तं पि न विज्जए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1094]

– *व्यवहार भाष्य 7/217*

ज्ञान नहीं है तो चारित्र भी नहीं है ।

442. दीक्षा निरर्थक

जइ नऽत्थि नाण चरणं, दिक्खा हु निरत्थिया तासिं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1094]

– *व्यवहारभाष्य 7/215*

यदि ज्ञान और तदनुसार आचरण नहीं है तो उसकी दीक्षा निरर्थक है ।

443. ज्ञान से चारित्र

नाणेण नज्जए चरणं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1094]

– *व्यवहार चूलिका भाष्य 7/316*

ज्ञान से ही चारित्र (कर्तव्य) का बोध होता है ।

444. ज्ञान, प्रकाशक

सव्वजगुज्जोयकरं नाणं ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1094]

— *व्यवहारभाष्य 7/216*

ज्ञान विश्व के समग्र रहस्यों को प्रकाशित करनेवाला है ।

445. दुःख-मूल, क्रोध

मूलं कोहो दुहाण सव्वाणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1144]

— ***धर्मरत्नप्रकरण 1 अधि. 3 गुण***

सभी दुःखों का मूल क्रोध है ।

446. अनर्थ-मूल, मान

मूलं माणो अणत्थाणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1144]

— ***धर्मरत्नप्रकरण 1 अधि. 3 गुण***

सभी अनर्थों का मूल अभिमान है ।

447. सुख-मूल, क्षमा

खंती सुहाण मूलं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1144]

— ***संबोध सत्तरि 70***

क्षमा सभी सुखों का मूल है ।

448. श्रेष्ठ क्या ?

जिण जणणी रमणीणं, मणीण चिंतामणी जहा पवरो ।
कल्पलया य लयाणं, तहा खमा सव्व धम्माणं ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1144]

— ***धर्मरत्नप्रकरण 1 अधि. 3 गुण***

जैसे सभी स्त्रियों में जिनेश्वर परमात्मा की माता श्रेष्ठ है, सभी रत्नों में चिंतामणि रत्न श्रेष्ठ है और सभी लताओं में कल्पलता श्रेष्ठ है वैसे ही सभी धर्मों में क्षमा ही श्रेष्ठ है ।

449. गुण-मूल, विनय

विणओ गुणाण मूलं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1144]

— *धर्मरत्नप्रकरण 1 अधि. 3 गुण*

सभी गुणों का मूल विनय है ।

450. तुख्मे तासीर सौहबते असर

संतप्तायसि संस्थितस्य पयसो नामापि न ज्ञायते ।
मुक्ताकारतया तदेव नलिनी पत्रस्थितम् राजते ॥
स्वात्यां सागरशुक्ति मध्यपतितं तन्मौक्तिकं जायते ।
प्रायेणाधममध्यमोत्तमगुणाः संसर्गतो देहिनाम् ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1144]

— *भर्तृहरिकृत नीतिशतक 67*

गरम लोहे पर जल की बूँद पड़ने से उसका नामोनिशान भी नहीं रहता, वही जल की बूँद कमल के पत्ते पर पड़ने से मोती-सी चमकने लगती है और वही जल की बूँद स्वाती नक्षत्र में समुद्र की सीप में पड़ने से मोती हो जाती है । इससे सिद्ध होता है कि संसार में अधम, मध्यम और उत्तम गुण प्राय: संसर्ग से ही आते हैं ।

(नि:संदेह अधम, मध्यम और उत्तम गुण प्राय: संसर्ग या सौहबत से ही होते हैं । यदि संसर्ग अधम होता है तो मनुष्य अधम हो जाता है और यदि संसर्ग उत्तम होता है तो मनुष्य उत्तम हो जाता है ।

451. संगति से गुण-दोष

प्रायेणाधममध्यमोत्तमगुणाः संसर्गतो देहिनाम् ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1144]

— *भर्तृहरिकृत नीतिशतक 67*

नि:संदेह अधम, मध्यम और उत्तम गुण मनुष्यों में प्राय: संगति से ही आते हैं ।

452. विद्या: वशीकरणमंत्र

विद्यया राजपूज्य:स्या-द्विद्यया कामिनी प्रिय: ।
विद्या हि सर्वलोकस्य, वशीकरणकार्मणम् ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1148]
– ***स्थानांग सटीक 5 ठाणा 3 उ.***

विद्वान् विद्या से ही राजाओं द्वारा पूजित होता है। विद्या से कामिनी / अङ्गनाओं को भी वश में कर लेता है। अत: विद्या ही संसार में सर्वश्रेष्ठ वशीकरण मन्त्र तथा सम्मोहन मंत्र है।

453. वाणी-विनय

हियमिय अफरूसवाई, अणुवीई
भासिवाइओ विणओ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1154]
– ***दशवैकालिक निर्युक्ति 322***

हित, मित, मृदु और विचारपूर्वक बोलना, वाणी का विनय है।

454. विनीत कौन ?

आणा निद्देस करे, गुरुणमुववायकारए ।
इंगियागारसंपन्ने, से विणीए त्ति वुच्चई ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1158]
– ***उत्तराध्ययन 1/2***

जो गुरुजनों की आज्ञाओं का यथोचित पालन करता है, उनके निकट संपर्क में रहता है एवं उनके हर संकेत व चेष्टा के प्रति सजग रहता है-उसे 'विनीत' कहा जाता है।

455. कैसा शिष्य बहिष्कृत ?

जहा सुणी पूइकण्णी णिक्कसिज्जइ सव्वसो ।
एवं दुस्सील पडिणीए, मुहरी निक्कसिज्जइ ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1158]
– ***उत्तराध्ययन 1/4***

जिसप्रकार सड़े हुए कानोंवाली कुतियाँ जहाँ भी जाती है, निकाल दी जाती है उसीप्रकार दु:शील, उद्दण्ड और मुखर-वाचाल मनुष्य भी सर्वत्र धक्के देकर निकाल दिया जाता है।

456. अविनीत कौन ?

आणाऽनिद्देस करे, गुरुणमणुववाय कारए ।
पडिणीए असंबुद्धे, अविणीएत्ति वुच्चइ ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1158]
– ***उत्तराध्ययन 1/3***

जो गुरु की आज्ञा और निर्देश का पालन नहीं करता, जो गुरु की शुश्रूषा नहीं करता, जो गुरु के प्रतिकूल वर्तन करता है और जो तथ्य को नहीं जानता; वह 'अविनीत' कहा जाता है।

457. वाचाल, बहिष्कृत

मुहरी निक्कसिज्जइ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1158]
– ***उत्तराध्ययन 1/4***

वाचाल शिष्य सड़े कानों वाली कुतियाँ की भाँति धत्-धत् करके बहिष्कृत कर दिया जाता है।

458. दु:शील, शूकरवत्

कण कुडगं जहित्ताणं, विट्ठं भुंजइ सूयरो ।
एवं सीलं जहित्ताण, दुस्सीले रमई मिए ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1159]
– ***उत्तराध्ययन 1/5***

जिसप्रकार चावलों का स्वादिष्ट भोजन छोड़कर शूकर विष्ठा खाता है, उसीप्रकार पशुवत् जीवन बितानेवाला अज्ञानी, शील-सदाचार को छोड़कर दु:शील-दुराचार को पसन्द करता है।

459. आत्म-हित चाहक

विणए ठविज्ज अप्पाणं, इच्छन्तो हियमप्पणो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1159]

– ***उत्तराध्ययन 1/6***

आत्मा का हित चाहनेवाला साधक स्वयं को विनय-सदाचार में स्थिर करे ।

460. सार सार को गहीले

अट्ठ जुत्ताणि सिक्खिज्जा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1159]

– ***उत्तराध्ययन 1/8***

अर्थयुक्त (सारभूत) बातें ही ग्रहण करना चाहिए ।

461. थोथा देय उड़ाय

निरट्ठाणि उवज्जए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1159]

– ***उत्तराध्ययन 1/8***

निरर्थक कार्यों/बातों को छोड़ देना चाहिए ।

462. विनयान्वेषण

तम्हा विणयमेसिज्जा,
सीलं पडिलभेज्जओ ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1159]

– ***उत्तराध्ययन 1/7***

विनय की खोज करना चाहिए जिससे कि शील-सदाचार की प्राप्ति हो ।

463. अनुशासन प्रिय

अणुसासिओ न कुप्पिज्जा ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1160]

– ***उत्तराध्ययन 1/9***

गुरुजनों के अनुशासन से कुपित-क्षुब्ध नहीं होना चाहिए ।

464. अज्ञानी-संसर्ग वर्ज्य

बालेहिं सह संसग्गिं, हासं कीडं च वज्जए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1160]

— ***उत्तराध्ययन 1/9***

बाल अर्थात् अज्ञानी के साथ संपर्क, हँसी-मजाक, क्रीड़ा आदि नहीं करना चाहिए ।

465. क्षमा-सेवन

खंतिं सेवेज्ज पंडिए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1160]

— ***उत्तराध्ययन 1/9***

क्षमाशील बनो ।

466. कम बोलो

बहुयं माय आलवे ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1160]

— ***उत्तराध्ययन 1/10***

बहुत नहीं बोलना चाहिए ।

467. छिपाए नहीं !

आहच्च चंडालियं कट्टु,
न निण्हविज्ज कण्हुइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1160]

— ***उत्तराध्ययन 1/11***

यदि साधक कभी कोई चाण्डालिक-दुष्कर्म कर ले, तो फिर उसे छिपाने की चेष्टा न करे ।

468. है, वैसा कहो

कडं कडे त्ति भासिज्जा,
अकडं नो कडे त्ति य ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1160]

— ***उत्तराध्ययन 1/11***

बिना किसी छिपाव या दुराव के किए हुए कर्म को किया हुआ कहिए तथा नहीं किए हुए कर्म को नहीं किया हुआ कहिए ।

469. अड़ियल शिष्य

मा गलियस्सेव कसं,
वयण मिच्छे पुणो पुणो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1160]
– ***उत्तराध्ययन 1/12***

बार-बार चाबुक की मार खानेवाले गलिताश्व अर्थात् अड़ियल या दुर्बल घोड़े की तरह कर्तव्य पालन के लिए पुनः पुनः गुरुओं के निर्देश की अपेक्षा मत रखो ।

470. सैन्धव शिष्य

कसं व दट्ठु माइन्नो,
पावगं परिवज्जए ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1160]
– ***उत्तराध्ययन 1/12***

जैसे उत्तम जाति का घोड़ा चाबुक को देखते ही उन्मार्ग को छोड़ देता है वैसे ही विनीत शिष्य गुरु के इंगिताकार को देखकर पापकर्म - अशुभ आचरण को छोड़ दें ।

471. नीचकर्म-त्याग

मा य चंडालियं कासी ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1160]
– ***उत्तराध्ययन 1/10***

क्रोधावेश में आकर भी कोई चाण्डालिक कर्म अर्थात् नीचकर्म मत करो ।

472. पहले अध्ययन फिर ध्यान

कालेण य अहिज्जित्ता,
तओ झाइज्जएगगो ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1160]
– ***उत्तराध्ययन 1/10***

यथासमय अध्ययन करके फिर उसके बाद तत्त्व का ध्यान - चिन्तन - मनन करना चाहिए ।

473. वचन-नीति

णाऽपुट्ठो वागरे किंचि ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 1161]

– *उत्तराध्ययन 1/14*

बिना पूछे कुछ भी मत बोलो ।

474. क्रोध-विफल

कोहं असच्चं कुव्विज्जा ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 1161]

– *उत्तराध्ययन 1/14*

क्रोध को विफल बना दो ।

475. समभाव

धारिज्जा पियमप्पियं ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 1161]

– *उत्तराध्ययन 1/14*

प्रिय-अप्रिय को समभाव से धारण करो ।

476. मिथ्या भाषण-त्याग

पुट्ठो वा नाऽलियं वए ।

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 1161]

– *उत्तराध्ययन 1/14*

पूछने पर झूठ मत बोलो ।

477. स्वदमन श्रेष्ठ

वरं मे अप्पा दंतो, संजमेण तवेण य ।
माऽहं परेहिं दम्मंतो, बंधणेहिं बहेहि य ॥

– श्री अभिधान राजेन्द्र कोष [भाग 6 पृ. 1162]

– *उत्तराध्ययन 1/16*

मुझे दूसरे वध और बंधन आदि से दमन करें, इससे तो अच्छा है कि मैं स्वयं ही संयम और तप के द्वारा अपनी इच्छाओं का दमन कर लूँ ।

478. आत्म-नियन्त्रण

अप्पामेव दमेयव्वो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1162]

— ***उत्तराध्ययन 1/15***

अपने आप पर नियन्त्रण रखना चाहिए ।

479. आत्म-नियन्त्रण दुष्कर

अप्पा हु खलु दुद्दमो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1162]

— ***उत्तराध्ययन 1/15***

आत्मा बहुत दुर्दम है, अर्थात् उसपर नियन्त्रण रखना बड़ा ही कठिन है ।

480. सुखी कौन ?

अप्पा दंतो सुही होइ ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1162]

— ***उत्तराध्ययन 1/15***

अपने आप पर नियन्त्रण रखनेवाला सुखी होता है ।

481. मौन अनुचित कब ?

आयरिएहिं वाहिं तो,
तुसिणीओ ण कयाइ वि ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1163]

— ***उत्तराध्ययन 1/20***

आचार्यों के द्वारा बुलाए जाने पर शिष्य किसी भी अवस्था में मौन न रहे ।

482. अनुशासित शिष्य

आलवंते लवंते वा, ण णिसीज्जा कयाइ वि ।
चइत्ता आसणं धीरो, जओ जत्तं पडिस्सुणे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1163]

— *उत्तराध्ययन 1/21*

बुद्धिमान् शिष्य गुरु के द्वारा एकबार या बार-बार बुलाने पर कभी भी बैठा न रहे, किंतु आसन को छोड़कर यत्नपूर्वक उनके आदेश को स्वीकार करें ।

483. प्रश्न-पृच्छा कैसे ?

आसणगओ ण पुच्छिज्जा, णेव सिज्जागओ कया ।
आगम्मुक्कुडुओ संतो पुच्छिज्जा पंजली गडे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1163]

— *उत्तराध्ययन 1/22*

विनीत शिष्य आसन पर अथवा शय्या पर बैठा हुआ गुरु से प्रश्न न पूछे, किंतु उनके समीप जाकर उत्कटिकासन करता हुआ हाथ जोड़कर सूत्रादि अर्थ पूछे ।

484. शिष्य-विनयशीलता

न पक्खओ न पुरओ, नेव किच्चाण पिट्ठओ ।
न जुंजे उरुणा उरुं, सयणे नो पडिस्सुणे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1163]

— *उत्तराध्यन 1/18*

आचार्यों के साथ सटकर न बैठे, आगे-पीछे न बैठे, पीठ करके न बैठे, उनके घुटने से घुटना सटाकर न बैठे, आगे भी न बैठे तथा शय्या पर बैठा हुआ ही उनकी वाणी को न सुने ।

485. अज्ञ-प्राज्ञ शिष्य

हियं तं मन्नए पन्नो, वेस्सं भवइऽसाहुणो ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1164]

— *उत्तराध्ययन 1/28*

प्रज्ञावान् शिष्य गुरुजनों की जिन शिक्षाओं को हितकर मानता है, दुर्बुद्धि दुष्ट अज्ञ शिष्य को वे ही शिक्षाएँ बुरी लगती हैं ।

486. विनीत शिष्य

जं मे बुद्धाऽणु सासंति, सीएण फरूसेण वा ।
मम लाभुत्ति पेहाए, पवओरा (तं) पडिस्सुणे ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1164]

— *उत्तराध्ययन 1/27*

विनीत शिष्य-शिष्या का यह चिन्तन होता है कि तत्त्वदर्शी गुरु का मधुर व कठोर अनुशासन मेरे लाभ के लिए ही है । इसलिए मुझे उनका खूब ध्यान रखना चाहिए । सावधानी के साथ उसे सुनना चाहिए ।

487. कठोर अनुशासन

फरूसमप्पणुसासणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1164]

— *उत्तराध्यन 1/29*

अनुशासन चाहे कठोर ही क्यों न हो, अनुशासित किया जाने पर क्रोध न करें ।

488. अनुशासित प्राज्ञ शिष्य

अणुसासणमोवायं,
दुक्कडऽस्स य परेणं ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1164]

— *उत्तराध्ययन 1/28*

दुष्कृत (पापकर्म) को दूर करनेवाला, गुरुजनों का उपाय युक्त अनुशासन प्राज्ञ शिष्य के लिए हित का कारण होता है ।

489. गुरु प्रसन्न

रमए पंडिए सासं, हयं भद्दं व वाहए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1165]

— *उत्तराध्ययन 1/37*

विनीत बुद्धिमान् शिष्य को शिक्षा देता हुआ ज्ञानी गुरु वैसे ही प्रसन्न होता है जैसे उत्तम अश्व (अच्छे घोड़े) पर सवारी करता हुआ घुड़सवार ।

490. गुरु खिन्न

बालं सम्मइ सासंतो,
गलिअस्समिव वाहए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1165]

— *उत्तराध्ययन 1/37*

अविनीत, बाल अर्थात् जड़ मूढ़ शिष्यों को शिक्षा देता हुआ गुरु उसीप्रकार खिन्न होता है जैसे अड़ियल या मरियल दुष्ट घोड़े पर चढ़ा हुआ घुड़सवार ।

491. सुशिष्य-कुशिष्य परीक्षण

खड्डुयाहिं चेवडाहिं, अक्कोसेहिं वहेहि य ।
कल्लाणमणुसासंतं, पावदिट्ठित्ति मन्नइ ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1165]

— *उत्तराध्ययन 1/38*

गुरु मुझे ठोकरें (लात) मारते हैं, थप्पड़ लगाते हैं, मुझे कोसते हैं और पीटते हैं; इसप्रकार गुरुजनों के कल्याणकारी अनुशासन को पापदृष्टि शिष्य कष्टकारक मानता है । सुशिष्य की गुरु द्वारा कठोर परीक्षा लेने का यह एक तरीका है । इस परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाने पर गुरु उस शिष्य को सुशिष्य मान लेते हैं ।

492. विनीत-अविनीत-लक्षण

पुत्तो मे भाय नाइत्ति, साहू कल्लाण मन्नई ।
पावदिट्ठी उ अप्पाणं, सासं दासं व मन्नई ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1165]

— *उत्तराध्ययन 1/39*

गुरु मुझे पुत्र, भाई और ज्ञातिजन की तरह आत्मीय समझ कर शिक्षा देते हैं, ऐसा विचार करके विनीत सुशिष्य उनके अनुशासन-शिक्षा को कल्याण कर मानता है, जबकि पापदृष्टि-अविनीत शिष्य उसी हितशिक्षा को नौकर को दी गई डाँट-डपट के समान खराब मानता है।

493. क्रोध त्याज्य

अप्पाणं पि ण कोवए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1166]

— ***उत्तराध्ययन 1/40***

अपने आप पर भी कभी क्रोध मत करो।

494. छिद्रान्वेषी शिष्य

न सिया तोत्तगवेसए ।

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1166]

— ***उत्तराध्ययन 1/40***

(गुरु को खरी-खोटी सुनाने की ताक में) शिष्य उनका छिद्रान्वेषी न हो।

495. सुविनीत शिष्य

आयरियं कुवियं नच्चा, पतिएणं पसायए ।
विज्झ विज्जा पंजलिउडे, वएज्जा न पुणोत्तिय ॥

— **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1166]

— ***उत्तराध्ययन 1/41***

विनीत शिष्य आचार्य को कुपित हुए जानकर प्रीतिकारक, वचनों से उन्हें प्रसन्न करें, हाथ जोड़कर उन्हें शान्त करें और अपने मुहँ से ऐसा कहे कि "पुन: मैं ऐसा नहीं करुँगा।"

496. धर्मसंगत व्यवहार

धम्मज्जियं च ववहारं, बुद्धे हाऽऽयरियं सया ।
तमायरंतो ववहारं, गरहं नाभिगच्छइ ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1166]

– *उत्तराध्ययन 1/42*

जो व्यवहार धर्मसंगत है, तत्त्वज्ञ आचार्यों ने जिसका सदा आचरण किया है, उस व्यवहार (सदाचार) का सदैव आचरण करनेवाला मनुष्य कहीं पर भी निंदा का पात्र नहीं बनता ।

497. गुर्वाज्ञा

मणोगयं वक्कगयं, जणित्ताऽयरियस्सउ ।
तं परिगिज्झ वायाए, कम्मुणा उववायए ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1166]

– *उत्तराध्ययन 1/43*

आचार्य के मनोगत और वाक्यगत भावों को समझ कर शिष्य उन्हें वचन द्वारा स्वीकार करके फिर उसे कार्यरूप में परिणत करें ।

498. ज्ञान से विनम्र

णच्चा णमइ मेहावी ।

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1167]

– *उत्तराध्ययन 1/45*

बुद्धिमान् ज्ञान प्राप्त करके नम्र हो जाता है ।

499. विनय-ज्ञान युक्त शिष्य

वित्ते अचोइए निच्चं, खिप्पं हवइ सुचोयए ।
जहोपइट्ठं सुकडं, किच्चाइं कुव्वई सया ॥

– **श्री अभिधान राजेन्द्र कोष** [भाग 6 पृ. 1167]

– *उत्तराध्ययन 1/44*

विनय-सम्पन्न शिष्य गुरु द्वारा बिना प्रेरणा दिए ही कार्य करने में प्रवृत्त होता है वह गुरु द्वारा अच्छी तरह प्रेरित किए जाने पर शीघ्र ही उनके उपदेशानुसार सभी कार्य भली-भाँति सम्पन्न कर लेता है ।

500. गुरु-आशातना, विनाश का कारण

थंभा व कोहा व मयप्पमाया,
गुरुस्सगासे विणयं न सिक्खे ।
